■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 320
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, गुरुवार
24 अप्रैल 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1877:** रुस ने ओटोमन साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई की घोषणा की।
**1898:** स्पेन ने अमेरिका के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
**1967:** रूसी अंतरिक्ष यात्री का दुर्घटना में निधन।
**1998:** भारतीय क्रिकेट टीम ने शारजाह में ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से हराकर कोका कोला कप जीता।
**2006:** नेपाल में संसद बहाल।

**जिंदगी में ऐसे जियो कि जैसे तुम्हें कल ही मरना है, सीखो तो ऐसे सीखो जैसे तुम्हें हमेशा के लिए जीना है।**

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक

# पाक नागरिकों को 48 घंटे में देश छोड़ने का अल्टीमेटम

### पाकिस्तान में बंद होगा भारतीय दूतावास, सिंधु जल समझौता रोका गया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक की आयोजित की गयी। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भाग लिया। बैठक में आतंकी हमले पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस की बैठक में पांच महत्वपूर्ण फैसले लिये गये। फैसलों की जानकारी देते हुए विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि सीसीएस ने कड़े शब्दों में हमले की आलोचना की है। दुनिया के कई देशों ने समर्थन जताया है और कड़े शब्दों में हमले की निंदा की है। विदेश सचिव ने बताया कि सबसे पहला फैसला है कि भारत और पाकिस्तान के बीच स्थि त ऑटारी बॉर्डर चेक पोस्ट को बंद करने का लिया गया है। यह एक बड़ा कदम है जिससे दोनों देशों के बीच सीमित आवाजाही भी रूक जाएगी। दूसरा फैसला है कि पाकिस्तान में मौजूद भारत का दूतावास अब बंद किया जाएगा। यह कूटनीतिक रिश्तों में एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है। इसके साथ ही भारत ने तीसरा कड़ा कदम उठाते हुए इंडस वॉटर ट्रीटी (जल संधि) को भी रोक दिया है। इसका असर पाकिस्तान को काफी बड़े स्तर पर होगा। चौथा फैसला यह है कि भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी राजनायिकों को 48 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया गया है और पांचवां और अहम फैसला है कि अब अब पाकिस्तानियों को भारत का वीजा नहीं मिलेगा। इसके अलावा एसएएआरसी वीजा छूट योजना के तहत पाकिस्तानी नागरिकों को भारत आने की अनुमति नहीं होगी। पहले से जारी वीजा रद्द कर दिए गए हैं और उन्हें 48 घंटे मे भारत छोड़ना होगा। नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग के रक्षा, नौसेना और वायुसेना सलाहकारों को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित किया गया है। इन्हें एक सप्ताह में देश छोड़ना होगा। भारत और पाकिस्तान के उच्चायोगों में कर्मचारियों की संख्या 55 से घटाकर 30 की जाएगी। यह बदलाव 1 मई तक पूरा किया जाएगा। सीसीएस ने सुरक्षा बलों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है और कहा कि हमले के गुनहगारों को सज़ा दिलाई जाएगी।

# वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने दिखाये हैरतअंगेज करतब

### करीब दो घंटे तक एयरशो देखते रहे सीएम नीतीश | देशभक्ति की लहरों से गूंज उठा पटना का आसमान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती के मौके पर बुधवार को पटना में जेपी गंगा पथ पर भव्य एयर शो का आयोजन किया गया। भारतीय वायु सेना की 'सूर्य किरण' एरोबेटिक टीम के प्रदर्शन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद थे। सभ्यता द्वार के सामने जेपी गंगा पथ पर बने कार्यक्रम स्थल से मुख्यमंत्री करीब दो घंटे तक भारतीय वायु सेना की 'सूर्य किरण' एरोबेटिक टीम द्वारा किये गये अलग-अलग प्रदर्शन और करतब को देखते रहे। एयरफोर्स के 9 लड़ाकू विमानों ने हजार फीट की ऊंचाई पर करतब दिखाये। भारतीय वायु सेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक्स टीम ने आसमान में अद्‌भुत करतब दिखाये, जिसे देखकर दर्शकों ने दांतों तले ऊँगली दबा ली। 360 डिग्री में गोते लगाते विमानों ने हजारों की भीड़ को रोमांचित कर दिया। आयोजन के लिए प्रशासन ने दो लाख लोगों के जुटने की संभावना को देखते हुए विशेष इंतजाम किए थे। वहीं सेना के पैराजंपर्स ने आसमान से जमीन पर छलांग लगाई। इस दौरान वहां मौजूद लोगों और बच्चों ने सेना का जोश बढ़ाया। 9 लड़ाकू विमानों ने बिहटा एयरपोर्ट से उड़ान भरी, फिर आसमान में हैरतअंगेज करतब दिखाए। इसमें जेट विमान भी शामिल थे। फाइटर प्लेन की गूंज से पूरा इलाका सहम गया। आसमान में एक कतार में लड़ाकू विमान उड़ते दिखे। तेज धुप में भी लोगों में एयर शो देखने के लिए गजब का उत्साह देखा गया। क्या आम और क्या खास हर कोई वायुसेना के जांबाजों का हैरतअंगेज करतब देखकर वाह-वाह कर उठे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा सह योजना एवं विकास मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री नीरज कुमार सिंह सहित अन्य मंत्रीगण, सांसद रवि शंकर प्रसाद, सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, डॉ. एस. सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण, जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह एवं वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार उपस्थित थे।

# पोखर में डूबने से तीन लड़कियों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीतामढ़ी।** बाजपट्टी थाना क्षेत्र के पचड़ा निमाही पंचायत के कंचनपुर वार्ड नंबर 11 में बुधवार अहले सुबह पोखर में डूबने से तीन लड़कियों की मौत हो गई। वहीं दो लड़कियों ने किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रही। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ लड़कियां गांव के पोखर से मिट्टी लाने के लिए निकली थी। इस दौरान, रविंद्र राय की पुत्री नंदिनी कुमारी (8) का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में गिर गई। उसे बचाने के प्रयास में एक-एक कर पांच लड़कियां पोखर में डूब गईं। हालांकि, दो लड़कियां किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहीं, लेकिन तीन लड़कियों की डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों की मदद से तीनों लड़कियों के शवों को बाहर निकाला। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया। बाजपट्टी थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सीतामढ़ी सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मृतकों की पहचान आरती कुमारी (13) पिता उमा राय, नंदिनी कुमारी (8) पिता रविन्द्र राय और सुधा कुमारी (9) पिता मिथुन राय के रूप में हुई है। घायल लड़कियों की पहचान ऋतु और प्रियांशी कुमारी के रूप में की गई है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस का कहना है कि डूबने से तीन बच्चियों की मौत हो गई है। तीनों शवों का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## आर्मी जवान की पत्नी को मारी गोली

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के आदर्श नगर में अपराधियों ने घर में सो रही महिला को गोली मारी गई है। बताया जाता है कि, पुष्पा देवी घर में पति शिव शंकर कुमार के साथ सो रही थी तभी अचानक सुबह 4 बजे खिड़की से किसी ने गोली मार दी। गोली लगने से पुष्पा देवी लहूलुहान हो गई। आनन-फानन में उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां से गोली निकालने के बाद उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। बता दें कि पुष्पा के पति शिव शंकर कुमार आर्मी के जवान हैं। फिलहाल वह छुट्टी पर आए थे।

# अपराधियों ने कारोबारी को मारी तीन गोली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया में नेशनल हाईवे 2 पर अपराधियों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया है। छिनारी पुल के समीप बीती रात अपराधियों ने एक कारोबारी को गोली मार दी। एक के बाद एक तीन गोलियां मारे जाने की खबर है। शहर के डेल्हा धनिया बगीचा के रहने वाले विजय कुमार भदानी लहसुन व्यवसायी हैं। वह अपने कारोबार के संबंध में कार से झारखंड के टाटा जा रहे थे। छिनारी पुल के पास कार पंक्चर हो गया। कार का पंक्चर बनाने के बाद जैसे ही गाड़ी खुलने वाली थी, तभी अपराधी आ धमके। तीन-चार की संख्या में मौजूद अपराधी हथियार से लैस थे। अपराधियों ने मौके पर पहुंचते ही लूटपाट की कोशिश शुरू कर दी। इस क्रम में विरोध करने पर विजय कुमार भदानी को तीन गोली मार दी। चालक को भी पीटा। घायल कारोबारी गया के नामचीन व्यवसाई प्रमोद लडडू भंडार के संचालक प्रमोद भदानी के नजदीकी रिश्तेदार हैं।

## चाकू गोदकर हत्या

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चकिया थाना के बलोचक गांव में आपसी विवाद में भूजा दुकानदार की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई जबकि मृतक का भाई बृजमोहन साह जख्मी हो गया। मृतक का नाम अर्जुन साह बताया गया है। घटना बुधवार सुबह करीब साढ़े दस बजे की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक भूजा दुकानदार अर्जुन साह बलोचक चौक पर अपनी दुकान चला रहा था। इसी दौरान आरोपी प्रभु साह उसके दुकान पर पहुंचा और अर्जुन साह के उपर बांस से हमला कर दिया।

# राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने वीर कुंवर सिंह को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अन्य गणमान्य लोगों ने 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के विजय दिवस पर वीर कुंवर सिंह आजादी पार्क में उनकी आदमकद अश्वारोही प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसके बाद सहकारी भूमि विकास बैंक परिसर में भी बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि दी। मालूम हो कि भोजपुर जिले के शाही उज्जैनिया राजपूत परिवार में जन्मे कुंवर सिंह की पहचान केवल एक योद्धा के तौर पर नहीं है। अंग्रेजों के खिलाफ लगातार अभियानों की वजह से आर्थिक तंगी के बावजूद उन्होंने स्कूल बनाने के लिए जमीनें दान दी। कौमी एकता के लिए आरा और जगदीशपुर में मस्जिद का निर्माण कराया। एक महादलित महिला को 52 बीघे का भूखण्ड दान कर दिया। आज इसे दुसाधि बधार के नाम से जाना जाता है। एक नेक इंसान की सारी खूबियां उनमें मौजूद थी। उनके बारे में कभी अंग्रेजों ने कहा था कि 'अच्छा है कि यह योद्धा 80 साल का है, युवा होता तो अभी भारत छोड़ना पड़ता।' इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार सिन्हा, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, विधान पार्षद संजय सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ सहित अन्य लोगों ने भी बाबू वीर कुंवर सिंह की अश्वारोही प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि



# प्रधानमंत्री करेंगे अत्याधुनिक एलपीजी प्लांट का शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/दरभंगा।** क्षेत्रीय ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने और निरंतर विकास को प्रोत्साहित करने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बिहार के गोपालगंज जिले के हथुआ में 24 अप्रैल को रेल अनलोडिंग सुविधा से सुसज्जित अत्याधुनिक एलपीजी प्लांट का शिलान्यास किया जाएगा। उक्त बातें गेहूमी स्थित बीपीसीएल गैस क्षेत्र कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के डिप्टी डायरेक्टर जनरल डी के ओझा ने कही। इस अवसर पर बीपीसीएल के कार्यकारी निदेशक एस अब्बास अख्तर व बीपीसीएल के डीजीएम सौरव जैन ने भी प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने इस परियोजना की मुख्य विशेषताएं



बताते हुए कहा कि 340.15 करोड़ की लागत से विकसित होने वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना को 31 मार्च, 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अत्याधुनिक एलपीजी बॉटलिंग प्लांट प्रतिवर्ष 180 हजार मीट्रिक टन (टीएमटीपीए) की क्षमता से सुसज्जित होगा। इस अत्याधुनिक अवसंरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) से युक्त प्लांट में एलपीजी की बेहतर प्राप्ति एवं भंडारण के लिए रेलवे अनलोडिंग साइडिंग, सुरक्षित भंडारण हेतु माउंडेड स्टोरेज वेसल (एमएसवी) तथा सुव्यवस्थित संचालन के लिए 2 गुणा 24 स्टेशन इलेक्ट्रॉनिक कैरोसेल जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह परियोजना उत्तर-पश्चिम बिहार एवं उत्तर-मध्य बिहार में एलपीजी की बढ़ती मांग को पूरा करने में सक्षम होगी। इस परियोजना के निर्माण चरण के दौरान अनुमानित 1.2 लाख मानव-दिवस रोजगार के सृजन की संभावना है। परियोजना के पूर्ण होने पर, यह विश्वसनीय और बेहतर एलपीजी आपूर्ति के माध्यम से स्थानीय आबादी की जीवन गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि करेगी। भारत की अटूट विकास यात्रा की प्रतिबद्धता के अनुरूप, यह परियोजना क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति के साथ-साथ सड़क परिवहन से संबंधित कार्बन उत्सर्जन को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही, वाष्प पुनर्प्राप्ति प्रक्रिया (वेपर रिकवरी प्रोसेस) के माध्यम से कार्बन उत्सर्जन को घटाएगी और सालाना लगभग 11,000 मीट्रिक टन सीओ 2 ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी लाएगी, जो लगभग 5 लाख पेड़ लगाने के प्रभाव के बराबर है। यह अत्याधुनिक प्लांट, घरेलू और व्यावसायिक उपयोग के लिए महत्वपूर्ण ईंधन के रूप में एलपीजी की विश्वसनीय और निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करके क्षेत्र में ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करेगा।

# धर्म पूछ कर की गई हत्या, मिलेगा मुंहतोड़ जवाब : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के खूबसूरत पर्यटन स्थल पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पूरे देश में आक्रोश की लहर है। बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राज्य सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने इस हमले पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए इसे ''अत्यंत दुखद एवं शर्मनाक'' बताया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह हृदय विदारक हमला मानवता पर सीधा प्रहार है और इसकी जितनी निंदा की जाए, वह कम है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, यह कहने वाले अब कान खोलकर सुन लें – पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछ कर हत्याएं की हैं। यह किसी भी सभ्य समाज के लिए असहनीय है। उन्होंने कहा कि इस अमानवीय घटना में मारे गए 26 निर्दोष पर्यटकों की मौत पर पूरा देश शोकग्रस्त है। भारत सरकार पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। मंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए कहा कि घायल यात्रियों को जल्द से जल्द स्वस्थ लाभ मिले। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारत अब चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो आतंकी इस घटना के पीछे हैं, उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि हमारे सुरक्षाबल चुन-चुन कर बदला लेंगे। आतंकियों के आकाओं को भी सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक से बड़ा अंजाम भुगतना होगा। हालिया जातिगत जनगणना को लेकर चल रही बहस पर कटाक्ष करते हुए डॉ. कुमार ने कहा, ''जाति की बात करने वालों को अब समझ लेना चाहिए कि पहलगाम में ना कोई जाति पूछी गई, ना कोई राज्य। केवल धर्म के नाम पर यह घृणित कुकृत्य किया गया है। उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता को खंडित करने की यह साजिश नाकाम होगी। भारत सरकार, सुरक्षाबल और देश की जनता मिलकर आतंकवादियों को करारा जवाब देंगे। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह समय राजनीति का नहीं, बल्कि पीड़ितों के साथ खड़े होने का है। उन्होंने कहा, ''देश इस दुख की घड़ी में एकजुट है। हमलावरों को उनके नापाक इरादों का ऐसा जवाब मिलेगा, जिसे वे कभी भूल नहीं पाएंगे।

## पहलगाम के हमलावरों को बख्शा नहीं जाएगा : मंगल पाण्डेय

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम के बैसरन में मंगलवार को हुए आतंकी हमले पर गहरा रोष जताते हुए कहा कि आतंकियों के इस कायराना करतूत से पूरा देश गुस्से में है। हमलावरों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। श्री पाण्डेय ने कहा कि पाकिस्तान समर्थित-संरक्षित आतंकवादियों ने पर्यटकों को निशाना बनाया, जिसमें 27 लोगों की मौत हो गई है। जिस बर्बरता से बेगुनाह पर्यटकों की जान ली गई है, वह घोर निंदनीय व शर्मनाक है। इस दिल दहलाने वाले आतंकी हमले के बाद पूरे देश मे गुस्सा व आक्रोश का माहौल है। देश के लोगों की भावना है कि आतंकियों व उनके हैंडलर को किसी भी कीमत में बख्शा नहीं जाना चाहिए। वैश्विक स्तर पर भी इस घटना की तीव्र भर्त्सना हो रही है। आतंकियों के इस कायराना हरकत का भारत जरूर पूरी सख्ती से जवाब देगा। श्री पांडेय ने कहा कि आतंकवादियों ने पर्यटकों का नाम व धर्म पूछा और फिर करीब से गोली मार दी। आतंकियों ने करीब 20 से 25 मिनट तक खूनी खेल खेला और जंगल की ओर भाग गए। भारत के लोग इस घटना के विरोध में अपनी एकजुटता दिखा रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार आतंकियों को करारा जवाब देने के लिए कृत संकल्पित है।

# ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन की दिशा में उठाये गये महत्वपूर्ण कदम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दानापुर मंडल हमेशा अपने यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखती है। इसको सुनिश्चित करने के लिए कई प्रकार के कार्य एक साथ चलते रहते हैं। इन्हीं में से कई स्टेशनों पर बना लूप लाइन भी विभिन्न सुरक्षात्मक पहलुओं में से एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लूप लाइन स्टेशनों पर मुख्य या मेन लाइन के समानान्तर बना एक या एक से अधिक अतिरिक्त लाइन होता है। इनका उपयोग ट्रेनों के सुगम एवं सुरक्षित परिचालन के लिए किया जाता है। इन लूप लाइनों का उपयोग एक साथ कई ट्रेनों के आवागमन में सुरक्षित सामंजस्य स्थापित करने में किया जाता है। सुरक्षित परिचालन हेतु दानापुर मंडल के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-2025 में लूप लाइन के बेहतर रख-रखाव एवं अपग्रेडेशन के लिए मंडल के 529 टर्नआउट (प्वाइंट एंड क्रॉसिंग) का निरीक्षण किया गया एवं इनमें जो भी कमी पाई गई उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया गया। वहीं 84 टर्नआउट (प्वाइंट एंड क्रॉसिंग) को यूनिमेट मशीन द्वारा टेंपिंग करने के साथ 04 लूप लाइनों के स्लीपर को पूरी तरीके से बदल दिया गया। इसी प्रकार 08 लूप लाइनों की गहरी छनाई एवं 25 लूप लाइनों की सतही छनाई की गई। दानापुर रेल मंडल सदैव अपने यात्रियों की सुविधा के साथ-साथ उनकी सुरक्षा और संरक्षा का भी ध्यान रखता है।

# बिहार कांग्रेस ने मनाया बाबू कुंवर सिंह का विजयोत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अग्रिम योद्धा बाबू कुंवर सिंह का 168 वां विजयोत्सव बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में मनाया गया। इस अवसर पर बाबू कुंवर सिंह के तैल चित्र पर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम सहित वरिष्ठ नेताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने मौके पर कहा कि वीर कुंवर सिंह 80 वर्ष की अवस्था में 23 अप्रैल, 1857 को ब्रिटिश सेना को हराकर जगदीशपुर के किले एवं आरा शहर में अपना झंडा फहराया था। अदम्य साहस और वीरता के प्रतीक बाबू कुंवर सिंह का



जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि वीर कुंवर सिंह अद्वितीय शौर्य एवं साहस के साथ ब्रिटिश सेना से लड़े। वे साम्प्रदायिक एकता के बड़े हिमायती थे जहां उन्होंने शिव मंदिर बनाये वहीं उन्होंने अपने राज्य में मस्जिद भी बनवाये तथा पीर-फकीरों को दान भी दिये। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि हम गौरवान्वित है कि बाबू कुंवर सिंह हमारे बिहार के सपूत थे और उन्होंने अपने साहस से अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे। कृतज्ञ राष्ट्र वीर कुंवर सिंह के योगदान को स्मरण कर उनकी स्मृति को शत-शत नमन करता है। साथ ही उनके जीवन से प्रेरित होकर समाज के लिए काम करने की ताकत मिलती है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा ने कहा कि बाबू कुंवर सिंह ने इस क्षेत्र में अंग्रेजों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी थी और देश के पहले स्वाधीनता संग्राम का इस इलाके में नेतृत्व किया था। बाबू कुंवर सिंह की वीरता के प्रमाण आज भी कई किवदंतियों और लोकगीतों में सुनने को हमें मिलती है। इस अवसर पर नेशनल मीडिया कॉर्डिनेटर अभय दूबे, मोती लाल शर्मा, कृपानाथ पाठक, डा. समीर कुमार सिंह, प्रेमचंद्र मिश्रा, राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, जमाल अहमद भल्लू ,अजय चौधरी, ब्रजेश पाण्डेय, सरवत जहां फातिमा, मंजीत आनन्द साहू, डॉ अजय कुमार सिंह सहित कई अन्य नेता मौजूद थे।

## एक नजर

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स की कड़ी तैयारी : बी. राजेंदर

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव बी. राजेंदर ने बिपार्ड गया के सभागार में मगध प्रमंडल की आयुक्त डॉ. सफ़ीना ए. एन., उप विकास आयुक्त, नगर पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त सहित जिला स्तरीय पदाधिकारियों और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के सफल आयोजन को सुनिश्चित करना था। उन्होंने कहा कि यह आयोजन बिहार के लिए गर्व की बात है क्योंकि पहली बार राज्य में इस स्तर का खेल महाकुंभ हो रहा है। सरकार खिलाड़ियों, सपोर्टिंग स्टाफ, दर्शकों की सुविधा, सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन और पार्किंग व्यवस्था को लेकर हर संभव कदम उठा रही है। बैठक में खिलाड़ियों के रहने, खाने-पीने, आवागमन की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया। अपर मुख्य सचिव ने कैटरिंग मेनू को फिक्स रखने, भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिया। जिला परिवहन अधिकारी को पर्याप्त वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और खिलाड़ियों के भ्रमण के लिए हेल्प डेस्क स्थापित करने को कहा गया। नगर पुलिस अधीक्षक को दर्शकों के लिए पार्किंग, ड्रॉप गेट और फ्रिस्किंग पॉइंट चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से बिहार और गया जिले की ब्रांडिंग होगी, जिसके लिए जिला प्रशासन व्यापक प्रचार-प्रसार कर रहा है। बैठक में अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 बिहार में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

### अन्तर्जालीय संस्कृत सम्भाषण शिविर संपन्न

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** सर्वत्र संस्कृतम एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना की संयुक्त प्रस्तुति 'आधुनिको भव संस्कृतं वद' अभियान के अन्तर्गत आयोजित वीर कुंवर सिंह स्मृति अन्तर्ज़ालीय दशदिवसात्मक संस्कृत सम्भाषण शिविर का समापन समारोह अत्यन्त गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि वीरता, त्याग एवं मातृभूमि के प्रति समर्पण का अप्रतिम प्रतीक थे वीर बाबू कुँवर सिंह। उनके अद्वितीय योगदान की स्मृति में यह शिविर केवल भाषिक नहीं, अपितु राष्ट्रभक्ति का एक आयोजन भी रहा। उद्घाटनकर्ता के रूप में उपस्थित डॉ. अनिल कुमार सिंह ने वीर कुँवर सिंह के प्रति श्रद्धांजलि स्वरूप वक्तव्य देते हुए कहा कि संस्कृत संवाद के माध्यम से उनके आदर्शों का अनुकरण आज की पीढ़ी को एक नई दिशा प्रदान करेगा। इस सुबह अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. मिथिलेश झा, मुख्य वक्ता डॉ. शशिकांत तिवारी, विशिष्ट अतिथियों में शामिल रहे। वरिष्ठ संस्कृत प्रचारक डॉ. अनिल कुमार चौबे के गीतों से वातावरण संगीतमय हो गया। डॉ अवन्तिका कुमारी, सदानंद प्रसाद आदि ने भी अपने प्रेरणादायक विचार दिए। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंगलाचरण एवं प्रेरक वक्तव्य से हुआ, जिसे उग्र नारायण झा ने प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण डॉ. लीना चौहान ने दिया। मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन पिन्टू कुमार ने कुशलता पूर्वक किया।

### राष्ट्रीय अति पिछड़ा वर्ग महासभा की बैठक 26 को

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राष्ट्रीय अति पिछड़ा वर्ग महासभा की महत्वपूर्ण बैठक आगामी 26 अप्रैल को पटना में आयोजित की जाएगी। यह बैठक पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक तीन सर्कुलर रोड स्थित राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार के सरकारी आवास पर संपन्न होगी। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री रणविजय रोशन की ओर से देशभर के सभी जिलों से अतिपिछड़ा समाज के प्रमुख नेतृत्वकर्ता साथियों से अपील की गई है कि वे अपने-अपने जिलों से पांच प्रतिनिधियों के साथ इस बैठक में अनिवार्य रूप से भाग लें। बैठक का एजेंडा व्यापक और दूरदर्शी बताया जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से संगठन के भीतर उत्तरदायित्व का समुचित बंटवारा, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, सहकारिता के अंतर्गत अलग-अलग समूहों के गठन और विभागीय निबंधन, रोजगार के अवसरों की पहचान और उस तक पहुँच सुनिश्चित करने की रणनीति, साथ ही समाज के हक और अधिकारों के संरक्षण एवं राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विमर्श किया जाएगा। रणविजय रोशन ने बताया कि यह बैठक संगठनात्मक सुदृढ़ता और अतिपिछड़ा समाज के समग्र सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगी। उन्होंने कहा कि '' समय है जब समाज को संगठित रूप से अपने अधिकारों के लिए आगे आना होगा। बैठक में लिए गए निर्णय आगामी दिशा तय करेंगे। इस बैठक को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

### तलाकशुदा पिता देगा बेटी की शादी और शिक्षा का खर्च : पटना हाईकोर्ट

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार की पटना हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि तलाकशुदा हिन्दू पिता को अपनी अविवाहित बेटी की शिक्षा और शादी पर होने वाले खर्च की जिम्मेदारी उठानी होगी, भले ही वह बेटी मां के साथ रह रही हो। यह आदेश जस्टिस पीबी बजनथ्री की खंडपीठ ने श्वेता कुमारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि यह अधिकार अविवाहित बेटी का वैधानिक हक है। कोर्ट ने पिता को निर्देश दिया कि वह चार महीने के भीतर अपनी बेटी के लिए बीस लाख रुपये की राशि जमा करे, जो उसकी शिक्षा और शादी के खर्च हेतु होगी। पति-पत्नी की शादी 8 जनवरी 2003 को हुई थी और दिसंबर 2004 में बेटी का जन्म हुआ। वर्ष 2011 में पति ने फैमिली कोर्ट, पटना में मानसिक प्रताड़ना और अलगाव के आधार पर तलाक की याचिका दायर की। 5 नवंबर 2022 को फैमिली कोर्ट ने तलाक की अनुमति दे दी। निचली अदालत के फैसले के खिलाफ श्वेता कुमारी ने पटना हाईकोर्ट में अपील दायर की। उन्होंने मांग की कि तलाकशुदा पिता उनकी अविवाहित बेटी की पढ़ाई और विवाह के लिए वित्तीय सहायता दे। कोर्ट ने सभी पक्षों की आर्थिक स्थिति का मूल्यांकन करने के बाद यह आदेश पारित किया। पटना हाईकोर्ट ने बक्सर केंद्रीय कारा के बर्खास्त सिपाही को भी बड़ी राहत दी। कोर्ट ने बर्खास्तगी आदेश को निरस्त करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता को सेवा में बहाल किया जाए और उन्हें सभी लाभ दिए जाएं। यह आदेश जस्टिस अरविंद सिंह चंदेल ने अनोज कुमार की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता सुनील कुमार ने बताया कि जेल विभाग ने सेवा से हटाने की प्रक्रिया में नियमों का पालन नहीं किया। न ही याचिकाकर्ता को अपनी बात रखने का अवसर मिला। वर्ष 2021 के इस मामले में बिना जांच के उन्हें दोषी मान लिया गया था।

# विजयोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बहुराज्यीय सहकारी भूमि विकास बैंक सीमित के परिसर में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 के महान योद्धा बाबू वीर कुँवर सिंह की प्रतिमा पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी एवं विधान पार्षद संजय सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रहीं। बैंक के प्रशासनिक भवन में जयंती / विजयोत्सव समारोह भूमि विकास बैंक की अध्यक्ष ममता सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सहकारी आवास



बोर्ड/संघ, नई दिल्ली के अध्यक्ष एवं विधान पार्षद विजय कुमार सिंह की उपस्थिति रही। विजयोत्सव कार्यक्रम में बैंक के निदेशक दिनेश सिंह, राजेश कुमार सिंह, भरत भूषण सिंह, सुनिल कुमार सिंह, त्रिवेणी सिंह, शम्भु प्रसाद सिंह, महेन्द्र प्रसाद यादव एवं अन्य शामिल हुए। बैंक के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया, हजारों की संख्या में कार्यक्रम में लोग उपस्थित थे। बाबू वीर कुँवर सिंह की जयंती/ विजयोत्सव समारोह पर बैंक परिसर को बहुत ही अच्छे तरीके से सजाया गया था। भागलपुर एवं बांका जिला के जद (यू) के जिलाध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कार्यक्रम में भाग लिये।

# आतंकियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करे केंद्र सरकार : लालू प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर बिहार के तमाम दलों के नेताओं ने शोक जताया है। इसी क्रम में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए ना सिर्फ शोक जताया बल्कि केंद्र सरकार से आतंकियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने एक्स पर लिखा है कि पहलगाम में निर्दोष और निहत्थे पर्यटकों पर बर्बर आतंकी कारवाई से पूरा देश आहत है। ईश्वर से करबद्ध प्रार्थना है कि दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिजनों को संबल दे। उन्होंने आगे लिखा है कि

**पहलगाम में निर्दोष व निहत्थे पर्यटकों पर बर्बर आतंकी कार्रवाई से पूरा देश आहत**

केंद्र सरकार से आग्रह करूंगा कि त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सख्त संदेश दें ताकि भविष्य में किसी भी भारतीय नागरिक की जान बर्बर हिंसा की भेंट न चढ़े। वहीं, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने घटना पर एक्स के जरिए कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले से स्तब्ध और व्यथित हूं। निर्दोष लोगों पर इस तरह के क्रूर हमला कर जान लेना कहीं से मानवता नहीं है। इस अति पीड़ादायक, दुखद, अंधकारमय और विकराल समय में हम सभी भारतीय एकजुटता के साथ पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए खड़े हैं। तेजस्वी ने कहा कि कोई भी शब्द आपके दर्द को कम नहीं कर सकता लेकिन हमारे विचार, प्रार्थनाए और संबल आपके साथ हैं। हमारे समाज में हिंसा और आतंकवाद का कोई स्थान नहीं है। इस जघन्य अपराध और बर्बर हिंसा के जिम्मेवार आतंकी संगठनों और आतंकियों को उनके कुकृत्यों के लिए कानून की पूरी ताकत के साथ कठोर से कठोर सजा देनी चाहिए। मैं सरकार से स्पष्ट समय-सीमा के साथ एक तेज, पारदर्शी और गहन जांच करने का आह्वान करता हूं।

# श्री कमलदह जी दिगम्बर जैन मंदिर में मानस्तम्भ वेदी शुद्धि एवं प्रतिमा विराजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आज श्री कमलदह जी दिगम्बर जैन मंदिर में सम्पन्न हुआ पटना का पहला भव्य मानस्तम्भ वेदी शुद्धि एवं उस पर प्रतिमा विराजमान कार्यक्रम। यह जानकारी बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के मानद मंत्री पराग जैन ने देते हुए बताया कि आज प्रातः सैकड़ों की संख्या में जैन श्रद्धालुगण कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर में मानस्तम्भ शुद्धि एवं उसपर प्रतिमा विराजमान कार्यक्रम हेतु इकट्ठा हुए। प्रारम्भ में श्रद्धालु महिलाओं द्वारा घट यात्रा निकाली गई। इसके बाद मानस्तम्भ शुद्धि कारण का पूरा आयोजन बाल ब्रह्मचारी साकेत भैया जी सोलापुर, महाराष्ट्र के निर्देशन में



किया गया। इस अवसर पर दक्षिण भारतीय शैली में नवनिर्मित 21 फुट ऊँचे विशाल मानस्तम्भ की वेदी शुद्धि एवं प्रतिमा स्थापना विधिपूर्वक की गई। मौके पर बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के मानद मंत्री पराग जैन ने बताया कि प्रातः सात बजे भगवान का अभिषेक एवं शांति धारा किया गया। इसके बाद श्रद्धलुओं द्वारा यागमण्डल विधान किया गया। यागमण्डल विधान में बाद ध्वजारोहण चंदा जी काला द्वारा किया गया। मैनेजर सोनू जैन ने बताया कि भगवान का कमल सरला जैन एवं ईशान जैन, मधुलिका जैन, आरा एवं सुरेन्द्रजी जैन, महराजगंज द्वारा विराजमान किया गया। इसके अतिरिक्त मानस्तम्भ पर चार प्रतिमा विराजमान किया गया जो अनिल कु. जैन, रेखा जैन दिल्ली, अनन्याप्रिय जैन, लखनऊ एवं राजेन्द्र जैन सरावगी जयपुर निवासी द्वारा किया गया। पराग जैन ने जानकारी दी कि यह आयोजन परम पूज्य आचार्य श्री 108 विशुद्धसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद तथा परम पूज्य मुनि सुप्रभसागर जी महाराज (ससंघ) की दिव्य प्रेरणा से संपन्न हुआ। यह पूरा आयोजन बाल ब्रह्मचारी साकेत भैया सोलापुर, महाराष्ट्र के निर्देशन में किया गया। एम पी जैन ने बताया कि सम्पूर्ण कार्यक्रम का आयोजन बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के अंतर्गत श्री कमलदह जी दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र पटना द्वारा किया गया।

# इएसआईसी ने जागरुकता सत्र का किया आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के कार्यालयों द्वारा इन दिनों आमजन तक योजना की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में ईएसआईसी औषधालय सह शाखा कार्यालय बिहारशरीफ एवं शाखा कार्यालय मोकामा द्वारा एन.टी.पी.सी. में बीमित कर्मचारियों को जानकारी दिया गया। जागरूकता सत्र में वहां कार्यरत कर्मचारियों को ईएसआईसी द्वारा प्रदान की जा रही सामाजिक सुरक्षा योजना से अवगत कराते हुए चिकित्सा और नकद हितलाभ को लेकर जागरूक किया गया। बीमारी की स्थिति में कैशलेस ईलाज प्राप्त कर पाने के माध्यमों व किसी दुर्घटना के कारण, बीमारी या मातृत्व अवकाश पर रहने की स्थिति में वेतन नुकसान के कारण ईएसआईसी द्वारा दी जाने वाली नकद हितलाभ के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक और अन्य कर्मी शामिल रहे। कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के प्रावधान वैसे संस्थान जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हों उनपर लागू होता है और इसके अंतर्गत उन कर्मचारियों के परिवार के आश्रित सदस्यों के साथ पूर्ण चिकित्सा सुविधा तथा नकद हितलाभ प्रदान करते हुए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है।

# गर्मी का असर: सुबह 6 बजे से ही खुलेंगी जू व नेचर सफारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बढ़ती गर्मी और लू की चेतावनी को देखते हुए राजगीर के जू सफारी और नेचर सफारी के समय में बदलाव किया गया है। यह नियम गुरुवार से लागू किया जाना है। ये दोनों पर्यटक स्थल अब सुबह छह बजे से दोपहर 2 बजे तक ही खुले रहेंगे। इस संबंध में डीएफओ राजकुमार एम और जू सफारी निदेशक राम सुंदर एम ने संयुक्त रूप से आदेश जारी कर जानकारी दी है। बिहार मौसम सेवा केंद्र की ओर से जारी मौसम बुलेटिन में राजगीर का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया है। साथ ही, अगले कुछ दिनों तक तापमान सामान्य से अधिक रहने और दोपहर में लू चलने की संभावना जताई जा रही है। इस स्थिति को देखते हुए पर्यटकों और वन्य जीवों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पिछले कुछ वर्षों की तरह इस बार भी समय में बदलाव कर गुरुवार से अगले आदेश तक पर्यटकों के लिए सुबह जल्दी भ्रमण की सुविधा दी जा रही है। पर्यटकों को जू सफारी और नेचर सफारी में प्रवेश की अंतिम समय सीमा दोपहर 12 बजे तक निर्धारित की गई है। साथ ही भ्रमण के दौरान पर्यटकों को गर्मी और लू से बचने के लिए आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। राजगीर का जू सफारी देश के कुछ मॉर्डन सफारी स्थलों में से एक है और गर्मियों में यहां देश-विदेश से सैकड़ों पर्यटक पहुंचते हैं। समय में यह बदलाव पर्यटकों की सुरक्षा और वन्यजीवों के संरक्षण के उद्देश्य से लिया गया है।

# जगत के कल्याण में दें अपना योगदान : डॉ. सर्वेश्वर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहटा दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से लई रोड, बिहटा में 22-28 अप्रैल तक सात-दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा के दूसरे दिवस दिव्य गुरु आशुतोष महाराज जी के शिष्य डॉ. सर्वेश्वर जी ने समुद्र मंथन प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि जब समुद्र मंथन से हलाहल कालकूट विष निकला तो जगत के कल्याण के लिए भगवान शिव ने उसे अपने कण्ठ में धारण कर लिया जिसके कारण उनका एक नाम नीलकण्ठ भी पड़ गया। स्वामी जी ने कथा का मर्म समझाते हुए बताया कि शिव का नीलकण्ठ स्वरूप हमें त्याग व सहनशीलता का गुण अपने जीवन में धारण करने की प्रेरणा देता है। शिव भक्त होने के नाते हमारा भी ये कर्त्तव्य है कि हम भी विषपान करना सीखें। अर्थात निजी स्वार्थों से ऊपर उठकर जगत के कल्याण में अपना योगदान दें। 'मैं' से 'हम' तक का सफर तय करें। लेकिन अफ़सोस, आज मानव तो अपने स्वार्थ के लिए दूसरों की पीठ में छुरा घोंपते हुए भी संकोच नहीं करता। इन्सान तो क्या, हमने तो बेज़ुबान पशु-पक्षियों को भी नहीं छोड़ा। जीभ के क्षणिक स्वाद के लिए आज रोज़ाना हज़ारों जीव काट दिए जाते हैं। आज दुनिया भर में लाखों बूचड़खाने खुल गए हैं, जिनमें नित नई आधुनिक मशीनों द्वारा कुछ मिनटों में ही लाखों जानवरों को मौत के घाट उतार दिया जाता है, वह भी बड़ी बेरहमी से। यूं तो हम महादेव के भक्त हैं परंतु शायद हम ये भूल जाते हैं कि महादेव का एक नाम पशुपतिनाथ भी है। अर्थात जो पशुओं के स्वामी हैं। स्वयं ही सोचिये पशुओं की हत्या कर क्या हम अपने पशुपतिनाथ को प्रसन्न कर पाएंगे? प्रभु का सच्चा भक्त ऐसा नहीं होता। वह तो परपीड़ा को समझ अपने क्षुद्र स्वार्थों का परित्याग कर देता है। उसके लिए तो सबसे श्रेष्ठ आसन है 'आश्वासन' जो वो दीन दुःखियों को देता है, सबसे उत्तम योग है 'सहयोग' जो वो यथाशक्ति प्राणीमात्र का करता है और सबसे लम्बी श्वास है 'विश्वास' जो वह रोती अखियों को प्रदान करता है। इसलिए आवश्यकता है अपने भीतर दया, प्रेम, त्याग व करुणा जैसे गुणों को विकसित करने की। और ये तब ही सम्भव है जब ब्रह्मज्ञान के माध्यम से हम नीलकण्ठ का दर्शन अपने घट में प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर कथा पंडाल में महाशिवरात्रि महोत्सव भी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें भक्तों ने नृत्य कर खूब आनंद प्राप्त किया।

उत्तराखण्ड शासन

देवभूमि रजत उत्सव

देवभूमि उत्तराखण्ड




# हरित चारधाम यात्रा

आप सभी का
हार्दिक स्वागत एवं
अभिनंदन



**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## सुगम एवं सुरक्षित चारधाम यात्रा

### चारधाम मार्ग के समीप आध्यात्मिक और प्राकृतिक रत्न

**यमुनोत्री के पास:** जानकी चट्टी, हनुमान चट्टी, खरसाली गांव, सप्तऋषि कुंड, पांडव गुफा, लाखा मण्डल, केदारकांठा ट्रैक, राणा चट्टी

**गंगोत्री के पास:** गौमुख ट्रैक, भोजबासा, तपोवन, सूर्यकुंड व गौरीकुंड, हर्षिल वैली, मुखीमठ (मुखबा), दयारा बुग्याल ट्रैक, गरतांग गली, काशी विश्वनाथ मन्दिर, नचिकेताताल, डोडीताल

**केदारनाथ के पास:** भैरवनाथ मन्दिर, वासुकीताल, गौरीकुंड, त्रियुगीनारायण मन्दिर, चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला, गुप्तकाशी, देवरियाताल

**बदरीनाथ के पास:** माणा गांव, व्यास गुफा और गणेश गुफा, भीमशिला, औली, फूलों की घाटी, वसुधारा जलप्रपात, चरणपादुका, तप्तकुंड, नारदकुंड, ज्योतिर्मठ (जोशीमठ), सतोपंथ झील, पाण्डुकेश्वर, आदिबदरी मन्दिर, हेमकुंट साहिब

### यात्रा के लिए जरूरी सामान

| | | |
|---|---|---|
| रेनकोट | सनग्लासेस | पानी की बोतल |
| मास्क | ग्लूकोस बिस्कुट | लाठी |
| कोल्ड क्रीम | टार्च | मंकी कैप |
| मफलर | कैनवास जूते | कैश |
| मोज़े | सैनिटाइज़र | स्वेटर |
| छाता | पहचान पत्र | दस्ताने |

### पंजीकरण के लिए

registrationandtouristcare.uk.gov.in

Toll Free number 0135 1364

Download the App:
touristcareuttarakhand

Google play
App Store

हेलीकॉप्टर/अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं

**www.heliyatra.irctc.co.in**

आईआरसीटीसी हेल्पलाइन नं 1800110139
080-44647998/080-35734998

उत्तराखण्ड पर्यटन टोल फ्री नंबरः
1364/0135 3520100

### महत्वपूर्ण सूचना

- यात्रा से पूर्व पंजीकरण अवश्य करायें।
- रजिस्ट्रेशन में सही मोबाईल नम्बर दर्ज करें।
- धामों पर "दर्शन टोकन" अवश्य प्राप्त करें।
- यात्रा मार्ग पर विभिन्न पड़ावों पर विश्राम करते हुए प्रस्थान करें।
- यात्रा मार्गों पर गंदगी न फैलायें एवं मार्ग को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
- कृपया वाहनों की गति नियंत्रित रखें एवं वाहनों को निर्धारित स्थलों पर ही पार्क करें।
- greencard.uk.gov.in पर अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन करवाएं।
- यात्रा के दौरान सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करें।

### स्वास्थ्य का रखें खास ख्याल

- यात्रा आरंभ करने से पहले निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में अपनी जांच अवश्य करायें।
- जिन्हें हृदय संबंधी दिक्कतें तथा हाइपरटेंशन है, वे अतिरिक्त सावधान रहें।
- रास्ते में कहीं भी लगे कि आपकी तबीयत ठीक नहीं है तो आगे यात्रा न करें और नजदीकी चिकित्सा केंद्र से संपर्क करें।
- जरुरी दवाइयां, फर्स्ट ऐड किट एवं मेडिकल हिस्ट्री सम्बन्धी रिपोर्ट साथ लेकर चलें।

## आपकी यात्रा मंगलमय हो




सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in
uttarakhandDIPR
DIPR_UK
uttarakhand DIPR
#ExploreUttarakhand
@DIPR_UK

# जिलाधिकारी ने सदर अस्पताल में दवा वितरण काउंटर को बढ़ाने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने बुद्धवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने रजिस्ट्रेशन काउंटर का निरीक्षण किया तथा दवा वितरण काउंटर का भी जायजा लिया। दवा वितरण काउंटर पर भारी संख्या में मरीजों की भीड़ लगी हुई थी। जिलाधिकारी से आए हुए रोगियों के अभिभावकों ने बताया कि काउंटर पर काफी देर खड़ा रहना पड़ता है, जिसके कारण काफी समस्याओं से जूझना पड़ता है। जिस पर जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि दवा वितरण काउंटर को और बढ़ाया जाए एवं कर्मी की प्रतिनियुक्ति की जाए ताकि भीड़ की समस्या से निजात मिल सके एवं



आमजन को समय पर और सुचारु रूप से स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि सभी डॉक्टरों को ब्रीफिंग कर यह निर्देश दिया जाए कि गर्भवती महिलाओं एवं सभी मरीजों की सर्वप्रथम वाइटल जांच (बीपी, शुगर, वजन, फीवर, ऑक्सीजन लेवल एवं ऊंचाई) कराना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने लू वार्ड का विशेष रूप से निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा अस्पताल उपाधीक्षक को निर्देश दिया गया कि लू वार्ड में बेडों की संख्या बढ़ाएं एवं एयर कंडीशन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराते हुए खराब हुए एयर कंडीशनरों की मरम्मत कर सुव्यवस्थित करें। सभी वार्डों को साफ-सफाई करने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने पेयजल, शौचालय एवं बिजली की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश अस्पताल उपाधीक्षक को दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी डॉक्टर्स के चैंबर में जाकर स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि उपस्थित दो डॉक्टरों के द्वारा मरीजों का इलाज किया जा रहा था। उन्होंने सभी बेडों पर साफ चादर बिछाने का निर्देश दिया। उन्होंने खराब पड़े कूलर को भी मरम्मत कराकर उपयोग में लाने का निर्देश दिया। इमरजेंसी वार्ड को साफ-सफाई एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने आउटसोर्सिंग वाले कर्मियों का वेतन भुगतान नियमानुसार करने के लिए सिविल सर्जन को कहा।

जिलाधिकारी ने साफ-सफाई एवं व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर बल दिया तथा सिविल सर्जन, नवादा को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक को सुलभ, सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।जिलाधिकारी द्वारा सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि अस्पताल परिसर में बिजली की मेन वायरिंग की समुचित जांच कर आवश्यक मरम्मती कार्य कराया जाए। साथ ही, जेनरेटर की नियमित सर्विसिंग कर उसे चालू अवस्था में रखा जाए, ताकि विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में आवश्यक सेवाएं प्रभावित न हों। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार चौधरी, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. प्रभाकर सिंह, डीपीएम अमित कुमार, अस्पताल प्रबंधक के साथ-साथ अन्य अधिकारी एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर कराई पति की हत्या, पुलिस ने किया खुलासा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर थाना क्षेत्र के बहुचर्चित बस कंडक्टर हत्या मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। मृतक की पत्नी संध्या देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। राजगीर पुलिस ने मामले की गहन जांच के बाद यह पाया कि संध्या देवी ने अपने प्रेमी दीपक कुमार उर्फ छोटू के साथ मिलकर अपने पति राजीव सिंह उर्फ नागा सिंह की हत्या कराई थी।

महादेवपुर गांव निवासी बस कंडक्टर राजीव सिंह का शव 29 जनवरी को गांव के पीछे मटिहानी खंधा से पुलिस ने बरामद किया था। मृतक की पत्नी संध्या देवी ने गांव के आठ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया था, लेकिन पुलिस को मामला शुरू से ही संदिग्ध लगा। डीएसपी सुनील कुमार ने बताया कि नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई थी, क्योंकि जांच में संध्या देवी का व्यवहार संदेहास्पद था। पुलिस ने तकनीकी जांच के दौरान संध्या देवी के मोबाइल रिकॉर्ड खंगाले, जिसमें पता चला कि वह अपने पड़ोसी दीपक कुमार उर्फ छोटू से लगातार संपर्क में थी। पूछताछ के लिए जब संध्या को बुलाया गया, तो वह घर में ताला लगाकर अपने मायके नौरंगा भाग गई। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की, जिसके बाद संध्या ने अपराध कबूल कर लिया। उसने बताया कि दीपक के साथ उसके अवैध संबंध थे और दोनों ने मिलकर 4 जनवरी को राजीव की हत्या कर शव को जमीन में दफना दिया था। डीएसपी ने बताया कि 29 जनवरी को शव मिलने की सूचना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की और मामले का खुलासा किया। पुलिस अब दीपक कुमार की तलाश में जुट गई है। इस मामले ने इलाके में सनसनी फैला दी है।

## पुलिस टीम पर हमला मामले में 7 महिलाओं समेत 32 उपद्रवी गिरफ्तार

**डॉ पंकज/रौशन**

**कौआकोल।** मंगलवार की देर शाम कौआकोल थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित टिकोडीह गांव में ग्रामीणों द्वारा कथित रुप से धनबाद के कुछ लोगों को बंधक बनाए जाने की सूचना पर पहुंची कौआकोल पुलिस पर ग्रामीणों द्वारा हमला कर हवलदार अरुण कुमार रावत समेत अन्य पुलिसकर्मियों के घायल कर दिए जाने की घटना के बाद पुलिस एक्शन में आ गई है। नवादा एसपी के निर्देश पर पकरीबरावां एसडीपीओ महेश चौधरी के नेतृत्व में पकरीबरावां पुलिस इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार एवं कौआकोल थानाध्यक्ष दीपक कुमार समेत जिले के विभिन्न थानों की टीम के पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मंगलवार की देर रात्रि एवं बुधवार को टिकोडीह गांव में छापेमारी कर घटना में शामिल 7 महिला समेत 32 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर बुधवार को



न्यायिक हिरासत में नवादा भेज दिया है। बता दें कि मंगलवार की देर शाम लगभग साढ़े आठ बजे वैवाहिक समारोह में उत्पन्न हुए विवाद को सुलझाने गई पुलिस टीम पर अचानक ग्रामीणों द्वारा हमला कर दिया गया। ग्रामीण सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार टिकोडीह गांव निवासी तैयब मियां के पुत्र की 20 अप्रैल को शादी थी। बारात इसी थाना क्षेत्र के नेमतुल धमनी गांव गई। जहां बाराती एवं शराती के बीच विवाद हो गया। 22 अप्रैल को टिकोडीह गांव में तैयब मियां के घर वालीमा (वर-वधु स्वागत समारोह) था। जिसमें दुल्हन पक्ष के नेमतुल धमनी से कुछ लोग भी आए हुए थें। जिनके साथ तैयब के घर में पहले से मौजूद रहे धनबाद से आए रिश्तेदारों ने मारपीट कर दिया। जिसके बाद टिकोडीह गांव के ग्रामीण आक्रोशित हो गए एवं उन्हें कथित रूप से बंधक बना लिया। जिसकी सूचना 112 आपातकालीन पुलिस टीम को दी गई। इसके बाद कौआकोल थाना की भी पुलिस टीम पहुंची। जहां अचानक ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर ही हमला कर दिया। जिसमें हवलदार अरुण कुमार रावत समेत अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए। बुरी तरह घायल हवलदार अरुण कुमार रावत को बेहतर इलाज के लिए विम्स पावापुरी रेफर कर दिया गया।

## विजय उत्सव दिवस के रूप में मनाई गई वीर कुंवर सिंह की जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** 23 अप्रैल को सतीश कुमार मंटन सिंह अध्यक्ष नवादा जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षता में बाबू वीर कुंवर सिंह का 168वां विजयत्सव कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया। सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह ने बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती पर कहा है कि भारत में 1857, की विद्रोह के दौरान उनके द्वारा अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई के दिन चिन्हित करती हैं।13 नवंबर 1777, 26 अप्रैल 1857, के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सिपाही और नायक थे। अनन्या विरोधी व स्वतंत्रता प्रेमी बाबू वीर कुंवर सिंह कुशल नायक थे। पहलगाम में आतंकियों द्वारा मारे गए भारतीय लोग लोगों के शोक में नवादा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सतीश कुमार



उर्फ मंटन सिंह के अध्यक्षता में 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा को शांति के लिए श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जागेश्वर पासवान उपाध्यक्ष, अंजनी कुमार पप्पू, मनीष कुमार इंटक जिलाध्यक्ष, मोहम्मद एजाज़ अली मुन्ना, राकेश कुमार पासवान, गायत्री देवी, गौतम कुमार यादव, अजीत कुमार, मनोज यादव, बबलू कुमार, अरविंद बरसी, मोहम्मद सुल्तान अंसारी, निलेश कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## रवि राज से प्रेरणा लें नवादा के छात्र व छात्राएं : डीएम

**डॉ पंकज कुमार सिन्हा**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में 182 रैंक लाकर सफलता प्राप्त करने वाले जिले के प्रतिभावान छात्र रवि राज से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने छात्र को मोमेंटो, मिठाई एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



जिलाधिकारी ने रवि राज की कड़ी मेहनत, समर्पण एवं सफलता की प्रशंसा की और कहा कि यह उपलब्धि केवल छात्र की नहीं, बल्कि पूरे नवादा जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रेरणादायक युवाओं को प्रोत्साहन देना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, जिससे अन्य छात्र भी उत्साहित होकर कठिन परीक्षाओं की तैयारी में जुट सकें। उन्होंने यह भी कहा कि यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा में सफलता हासिल करना एक बड़ी उपलब्धि है, और श्री रवि राज की यह सफलता निश्चित रूप से जिले के युवाओं के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगी। रवि राज ने बताया कि उन्होंने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई नवादा स्थित दयाल पब्लिक स्कूल से की तथा स्नातक की पढ़ाई सीताराम साहू कॉलेज, नवादा से पूरी की। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया, विशेष रूप से अपनी माता विभा सिन्हा को, जिनके सहयोग और प्रेरणा से यह मुकाम हासिल हुआ। उनके पिता रंजन कुमार सिन्हा किसान हैं। रवि राज का स्थायी पता - ग्राम महुली, पंचायत - तेयार, थाना - नेमदारगंज, प्रखंड - अकबरपुर है। वर्तमान में वे नवीन नगर, नवादा में किराए के मकान में निवास कर पढ़ाई कर रहे थे। जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने रवि राज की माता की भी सराहना की और उन्हें तथा उनके पूरे परिवार को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा जताई कि रवि राज जैसे मेधावी छात्र नवादा जिले को राष्ट्रीय पटल पर पहचान दिलाते रहेंगे।

## 102 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 22 अप्रैल 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, पुलिस पर हमला में 32, मद्य निषेध में 13 एवं अन्य गिरफ्तारी 57 कुल 102 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 565 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-81 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या-04 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 827 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 60 हजार 500 रूपया वसूला गया है।

अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत मोटरसाईकिल 02, ट्रैक्टर 02 एवं अपहृता 02 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

## वाहन के साथ दो छात्रों का अपहरण करने वाले नौ अपहरणकर्ता गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** प्रेमप्रसंग में दो छात्रों को जान मारने के नियत से अपहरण करने वाले 9 अपहरणकर्ता को दो फोर व्हीलर गाड़ी के साथ राजगीर थाना द्वारा गिरफ्तार कर लिया। अपहृता दोनों छात्रों को भी अपहरण कर्ताओं के चंगुल से मुक्त कर उसे परिजन के सुपुर्द कर दिया। मामले का खुलासा करते हुए डीएसपी सुनील कुमार नें बताया कि थानाध्यक्ष राजगीर को सूचना मिली कि राजगीर थाना क्षेत्र के छबीलापुर रोड में महादेवपुर गांव से पहले एक होटल के पास एक सफ़ेद रंग के फोर व्हीलर गाड़ी में कुछ लोग एक युवक का हाथ पैर बांधकर उसके साथ मारपीट पीट कर रहे हैं । थानाध्यक्ष दलबल के साथ सूचित स्थल पर पहुंचे । पुलिस की गाड़ी को देखकर दोनों गाड़ी



छबीलापुर की ओर भागना शुरू कर दिया। पिछा करते हुए एक गाड़ी को मेयार मोड़ के पास पकड़ लिया गया। दूसरी गाड़ी आगे निकल गई जिसे छबीलापुर और खुदागंज थाना के सहयोग से खुदागंज थाना क्षेत्र में पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए पहले गाड़ी से अपहृत जहानाबाद के रामनगर कुदवन चक निवासी विजय चैधरी के पुत्र विशु कुमार और राजा बाजार उत्तरी दौलतपुर जहानाबाद निवासी शंकर चैधरी के पुत्र नीतीश कुमार को गाड़ी से बरामद किया गया। दोनों इंटर का छात्र है। उन्होंने कहा कि विशू कुमार का हाथ पर बंधा हुआ था और उसके कान से खून निकल रहा था। उसे तत्काल अनुमंडल अस्पताल राजगीर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। फिर दोनों छात्रों को उसके परिजन को बुलाकर सुपुर्द कर दिया गया। उन्होंने बताया कि यह पूरा घटना प्रेम प्रसंग का प्रतीत होता है। अपहरण मामले में प्रयुक्त इनोवा क्रिस्टा और अर्टिगा फोर व्हीलर सहित 12 मोबाइल व घटना में प्रयोग किए गए रस्सी को बरामद कर लिया गया है। इस मामले में 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें हरदासपुर थाना रूपसपुर जिला पटना निवासी कैलाश चैधरी के पुत्र अमित कुमार सिंह,पडौरा थाना अगियावा बाजार आरा जिला के निवासी रामदेव राय के पुत्र भारत कुमार, चालक आरा जिला निवासी, हरे राम सिंह, पटना के मच्छरहटा निवासी आदित्य कुमार, पटना के खाजेकला निवासी पीयूष कुमार नालंदा जिला नगरनौसा थाना क्षेत्र के रौशन कुमार चालक) पटना बेलछी थाना क्षेत्र के अमर कुमार, पटना सिटी ख्वाजा कला के आशीष कुमार, पटना सिटी के अमन कुमार शामिल है। डीएसपी ने कहा कि अपहरणकर्ता अमित कुमार बिल्डर का काम करता है । उसके भतीजी के साथ विशु कुमार का प्रेम प्रसंग था, उसने अपने भतीजी को समझाने का कोशिश किया । परंतु वह नहीं मानी, तब उसने विशू को ही रास्ते से हटाने का प्लान बनाया और लड़की द्वारा फोन करवा कर विशु को राजगीर बुलाया गया । विशु अपने एक दोस्त के साथ जहानाबाद से राजगीर मोटरसाइकिल से पहुंचा। जहां पहले से घात लगाए इन लोगों ने उसे जबरन अपने गाड़ी में बैठा लिया। फिर उसका हाथ पैर बांधकर उसके साथ मार पीट अभी शुरू हीं किया था। की तभी किसी पब्लिक की नजर इस घटना पर पड़ गई और उसने राजगीर थाना को सूचित कर दिया।

## हनुमान प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखंड अंतर्गत सोखोदेवरा पंचायत के तुरियाडीह गांव अवस्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर में हनुमंत प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय यज्ञ का शुभारंभ बुधवार को द्वारा कलश यात्रा के साथ की गई। कलश यात्रा में शामिल सैकड़ों महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा गांव स्थित यज्ञ मंडप से प्रारंभ होकर सोखोदेवरा बड़ी तालाब के पास पहुंची। जहां जल भराई रस्म हुआ। उसके बाद विधिवत कलश स्थापित कर पूजा अर्चना शुरू किया गया। समाजसेवी सह योग गुरु व स्वदेशी संस्कार संस्थान के प्रबंधक निदेशक योगी त्यागनाथ ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से हो रहे इस तीन



दिवसीय यज्ञ में मुख्य यजमान की भूमिका जहिन्द्र प्रसाद एवं उनकी धर्मपत्नी नीलम देवी निभा रही हैं। जबकि यज्ञ के मुख्य आचार्य पंडित सुगम पांडेय हैं। यज्ञ आचार्य सुगम पांडेय ने बताया कि तीन दिनों तक चलने वाले इस प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के पहले दिन कलश यात्रा,पंचांग पूजन,मंडप प्रवेश,जलाधिवाश एवं संध्या आरती,दूसरे दिन गुरुवार को वेदीपूजन एवं अनाधिवाश तथा यज्ञ के तीसरे एवं अंतिम दिन शुक्रवार को हनुमान प्रतिमा का नगर भ्रमण,प्राण प्रतिष्ठा, हवन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यज्ञ को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामीण रामेश्वर प्रसाद, पूर्व उप मुखिया सुधीर कुमार, ललीता देवी, निर्मला देवी, रवि भूषण, रामचंद्र कुमार, शशिभूषण कुमार आदि जोर-शोर से लगे हुए हैं।

## जाति नहीं जमात को साथ लेकर चलने में करता हूं विश्वास : कौशल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** गोविंदपुर एवं नवादा विधानसभा से पूर्व विधायक रहे कौशल यादव ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अपनी पत्नी पूर्णिमा यादव की जीत सुनिश्चित कराने को लेकर लगातार क्षेत्रों का दौरा करना शुरू कर दिया है। पूर्व विधायक कौशल यादव ने बुधवार को प्रखण्ड के छबैल पंचायत के बेलदरिया, छबैल, कुतूबचक,चिहुटिया, भंडारी,खैरा आदि गांवों में जाकर अपने कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से सम्पर्क कर पूर्णिमा यादव के पक्ष में समर्थन देने की अपील किया। इस दौरान उन्होंने विधायक दम्पति के कार्यकाल में क्षेत्र में हुए विकास कार्यों व उपलब्धियों को गिनाया। इस दौरान ग्रामीणों ने भी वर्तमान विधायक के प्रति काफी नाराजगी जाहिर करते हुए कौशल यादव को आगामी विधानसभा चुनाव में समर्थन देने का भरोसा दिलाया। पूर्व विधायक कौशल यादव ने कहा कि नवादा जिला में उन्होंने सदैव जाति एवं धर्म से ऊपर उठकर सभी जमात को साथ लेकर चलने का काम किया है। विकास कार्यों में भी उनके द्वारा कभी भी किसी तरह का भेदभाव नहीं किया गया। जनसम्पर्क के दौरान जगह-जगह पर ग्रामीणों ने पूर्व विधायक कौशल यादव का भव्य स्वागत किया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सह पैक्स अध्यक्ष संजय यादव, पूर्व जिला पार्षद नारायण स्वामी मोहन, पैक्स अध्यक्ष रामाश्रय सिंह, रंजीत मालाकार आदि मौजूद थे।

## प्रभारी सचिव ने जिले के प्रमुख बैंकों के अधिकारियों के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के निर्देश के आलोक में प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा श्री अरविन्द कुमार के प्रकोष्ठ में आज एक बैठक सम्पन्न हुई।

इस बैठक में 10 मई 2025 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में विचार-विमर्श हेतु जिले के प्रमुख सरकारी एवं निजी बैंकों के अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। बैठक के दौरान विभिन्न बैंकों के अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि वे अपने-अपने बैंकों के ऋण वादों के निष्पादन हेतु निरंतर प्रयासरत हैं तथा पक्षकारों को सूचित कर रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक वादों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में ऋण वादों के नोटिसों के शत-प्रतिशत तामिला के संबंध में भी चर्चा की गई। प्रभारी सचिव ने बताया कि नोटिसों की तामिला ही बैंक ऋण वादों के निष्पादन का आधार है। साथ ही पूर्व विवादित मामलों की पूर्व बैठक/पूर्व परामर्श की संख्या एवं चिन्हित वादों की सूची पर भी विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व बैठक (प्री-सीटिंग) के माध्यम से बैंक ऋण वादों का समाधान कर सुलह के आधार पर निष्पादन किया जाएगा। प्रभारी सचिव द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु ऑडियो क्लिप के माध्यम से पंचायत स्तर तक प्रचार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक ऋण वादों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से सुनिश्चित हो सके। बैठक में प्रभारी सचिव अरविन्द कुमार के अतिरिक्त पंजाब नेशनल बैंक, क्षेत्रीय प्रबंधक; दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक; भारतीय स्टेट बैंक, नवादा; इंडियन ओवरसीज बैंक; बैंक ऑफ बड़ौदा; यूनियन बैंक, नवादा; सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, नवादा के बैंक अधिकारीगण तथा सुशील कुमार, पेशकार, लोक अदालत, नवादा उपस्थित थे।

## 10 मई को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर आशुतोष कुमार झा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, के निर्देश के आलोक में 10 मई 25 को व्यवहार न्यायालय, नवादा में सभी प्रकार के सुलहनीय वादों के निष्पादन हेतु आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु अरविन्द कुमार, प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा की अध्यक्षता में नवादा न्यायमंडल के न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी प्रकार के सुलहनीय आपराधिक वादों की न्यायालयवार समीक्षा की गई। सभी न्यायिक पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने न्यायालयों के वादों के बारे में जानकारी दी गई तथा निष्पादन हेतु चिन्हित वादों पर चर्चा की गई। बैठक में सुलहनीय योग्य आपराधिक वाद, मापतौल, श्रम एवं वन वाद, वैवाहिक वाद तथा एम.वी. क्लेम वादों की न्यायालयवार चिन्हित सूची के आधार पर सुलहनामा हेतु तैयार वादों में निर्गत नोटिसों की



तामिला पर चर्चा की गई। प्रभारी सचिव द्वारा जी.ओ. वादों में पक्षकारों के विरुद्ध वारंट (यथाआवश्यक) निर्गत करने के संबंध में न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस बैठक में मनी सूट एवं धारा 138 एन.आई. एक्ट से संबंधित मामलों पर भी विचार किया गया। प्रभारी सचिव ने बताया कि पूर्व बैठक (प्री-सीटिंग) के माध्यम से आपराधिक सुलहनीय वादों में काउंसलिंग कर सुलह के आधार पर वादों का निष्पादन किया जाए। जिन वादों में पूर्व में सुलहनामा आवेदन अभिलेख में उपलब्ध है, उनमें पक्षकारों को नोटिस निर्गत करने हेतु न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों से अनुरोध किया कि इन वादों में सुलह के आधार पर समझौता कर वादों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हिलसा थाना क्षेत्र के सड़क हादसे मे जख्मी युवक की 10 दिनों बाद इलाज के दौरान मौत हो गयी। मृतक इसलामपुर थाना क्षेत्र के हरवंशपुर गांव निवासी दंगल प्रसाद का 20 वर्षीय पुत्र प्रवीण कुमार थे। परिजनों ने बताया कि 13 अप्रैल को प्रवीणकिसी काम से हिलसा आया हुआ था। वापस लौटने के दौरान तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ गया। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर कर दिया गया। प्रवीण की असमय मौत ने परिवार वाले गहरे सदमे में है। थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कर कर परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना सं० एस०जी०/डी०एस०ई०/ओ०टी०/05/25** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है। **1. कार्य का नाम एवं स्थान :** अल्टरेशन ईन क्योसन मेक ई.आई एट कुदरा स्टेशन ड्यू टू यार्ड रिमॉडलिंग फॉर इलिमिनेटिंग द शंटिंग ईन मेनलाईन बाई प्रोविजन ऑफ ओभररन लाईन ईन डाउन एंड अप लूप लाईन्स। **2. कार्य का अनुमानित मूल्य :** ₹ 2,23,60,176.18/– (दो करोड़ तेईस लाख साठ हजार एक सौ छिहत्तर रूपये एवं अठारह पैसे मात्र)। **3. धरोहर राशि :** ₹ 2,61,800/– (दो लाख इकसठ हजार आठ सौ रूपये मात्र)। **4. ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 13.05.2025 को 12:30 तक। **5. वेबसाइट का पता जहाँ से ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है : www.ireps.gov.in**

**मं०सं० एवं दू०सं० अभि०**
**पूर्व मध्य रेल, डी.डी.यू.**
**पीआर/0134/डीडीयू/एस&टी/टी/25–26/28**

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना सं० एस०जी०/डी०एस०ई०/ओ०टी०/07/25** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है। **1. कार्य का नाम एवं स्थान :** अल्टरेशन ईन सिमेन्स मेक ईआई (इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग) सिस्टम एट 02 स्टेशन्स ईन कनेक्शन बिथ करेक्शन ईन यार्ड लेआउट वर्क एट (i) यार्ड रिमॉडलिंग एट सैयदराजा फॉर इनक्रिजिंग द सीएसएल ऑफ अप लूप लाईन एंड प्रोविजन ऑफ ओभररन लाईन ईन डाउन लूप लाईन एंड (ii) प्रोविजन ऑफ ओभररन लाईन ईन अप लूप लाईन एट गंजख्वाजा स्टेशन। **2. कार्य का अनुमानित मूल्य :** ₹ 2,56,99,717.75/– (दो करोड़ छप्पन लाख निनान्वे हजार सात सौ सतरह रूपये एवं पचहत्तर पैसे मात्र)। **3. धरोहर राशि :** ₹ 2,78,500.00/– (दो लाख अठहत्तर हजार पाँच सौ रूपये मात्र)। **4. ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 13/05/2025 को 12:30 तक। **5. वेबसाइट का पता जहाँ से ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है : www.ireps.gov.in**

**मं०सं० एवं दू०सं० अभि०**
**पूर्व मध्य रेल, डी.डी.यू.**
**पीआर/0136/डीडीयू/एस&टी/टी/25–26/32**

# पुलिस ने डुमरिया से छापेमारी कर 416 केजी डोडा किया बरामद

## सलैया पुलिस एवं एसएसबी ने की कार्रवाई



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**इमामगंज।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती उगाई गई थी। हालांकि बीच-बीच में वन विभाग एवं स्थानीय थाना के सहयोग से इसकी विनष्टीकरण भी किया गया। इसके बावजूद भी बड़े पैमाने पर अफीम की खेती उगाई गई। जिसकी सप्लाई सलैया इमामगंज मुख्य मार्ग एवं डुमरिया पटना स्टेट हाईवे 69 के सहारे अफीम माफिया की मिलीभगत से एक जगह से दूसरे जगह भेजने में कामयाब हो जाते हैं। हालांकि यह दोनों रोड पर कई थाने पड़ते हैं। जहाँ कभी कभार ही पुलिस इस पर कार्रवाई करती है। इसी कड़ी में इमामगंज पुलिस अनुमंडल अंतर्गत सलैया पुलिस एवं एसएसबी ने गुप्त सूचना के आधार पर सलैया थाना गेट के समीप मंगलवार की देर रात वाहन जांच अभियान चलाकर एक मालवाहक ट्रक को पकड़ा जिसमें 21 प्लस्टिक के बोरा में अफीम के डोडा बरामद किया गया। वहीं इस संबंध में एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि वरिये पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में इमामगंज पुलिस अनुमंडल अंतर्गत सलैया थाना के समय मंगलवार की देर रात्रि वाहन चेकिंग के क्रम में अफीम से लगा हुआ एक ट्रक को बरामद किया गया है। जिसमें कूल 416 केजी अफीम का डोडा बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि जम्मू कश्मीर के मो समीर अहमद मलिक नामक चालक को गिरफ्तार किया गया हैं। जिसे पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के क्रम में उन्होंने बताया कि अफीम के डोडा झारखंड के मनातू थाना क्षेत्र से लोड कर शेरघाटी की ओर जा रहा था। इस मौके पर सलैया थानाध्यक्ष श्रीनारायण यादव एवं सशस्त्र सीमा बल 29वीं वाहिनी डी समवाय सलैया इंस्पेक्टर अरविंद सिंह जडेजा अपने सशस्त्र बल के साथ मौजूद थे। इधर गिरफ्तार व्यक्ति की पूछताछ के बाद कोर्ट में पेशी करते हुए जेल भेज दिया गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# अनुच्छेद 370 हटने के बाद भी लोग सुरक्षित नहीं: डॉ बी डी शर्मा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** जम्मू-कश्मीर से 6 किलोमीटर की दूरी पर पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित समूह लश्कर ने अपनी गंदी और नापाक हरकतों से निर्दोष और मासूम 28 लोगों को मारने से पहले उनका नाम और धर्म पूछकर शहीद कर दिया। मरने वालों में एक व्यक्ति का नाम सैयद हुसैन शाह भी है। पाकिस्तानी संगठन लश्कर ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। यह बड़ा हादसा पुलवामा से कम नहीं है। इस दुखद घटना से देश की जनता शोक में डूब गई है। उक्त बातें बुधवार को जन सुराज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ बी डी शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है। उन्होंने कहा कि 2024 में कश्मीर आने वाले पर्यटकों की संख्या लगभग 2 करोड़ 35 लाख थी, जो कश्मीरी जनता के लिए आजीविका का सबसे बड़ा सहारा है। फिलहाल लगभग 2,000 पर्यटक अभी भी मौजूद हैं। मैं सरकार से पूछना चाहता हूँ कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद भी लोग सुरक्षित क्यों नहीं हैं? आखिर हमारी इंटेलिजेंस इतनी लापरवाह क्यों है? सोचने वाली बात है कि पाकिस्तान हिन्दू-मुस्लिम का खेल क्यों खेल रहा है? धर्म और नाम पूछने के पीछे क्या मंशा है? इसके पीछे क्या योजना है? जो भारत में गंदी राजनीति कर के हिन्दू-मुस्लिम के बीच जहर घोलते हैं, असल में वे पाकिस्तान की गंदी योजनाओं को सफल बना रहे हैं। ऐसे हालात में भारत की जनता एकजुट है। हम सरकार के हर फैसले के साथ हैं। पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। गृह मंत्री अमित शाह से मेरी विनती है कि या तो आप इस्तीफा दें या फिर पाकिस्तान को सबक सिखाने का मुँहतोड़ जवाब दें। शहीदों को सबसे बड़ी श्रद्धांजलि यही होगी, क्योंकि अब सब्र का बाँध टूट चुका है।

## एक नजर

### पंचायत सरकार भवन से बैट्री की चोरी

**कोंच (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आंती थाना क्षेत्र के पंचायत सरकार भवन काबर से बैटरी की चोरी की घटना सामने आई है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर बुधवार को जांच शुरू कर दी है और चोरों को पकड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि पंचायत सचिव हर्ष रंजन कुमार के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ कि बीएसएनएल के वाईफाई की बैटरी चोरी हुई है। कांड संख्या 49/25 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई जारी है।

### सीओ की मनमानी से लोग परेशान

**खिजरसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल अधिकारी खिजरसराय के मनमानी अपनी चरम सीमा पर सर चढ़कर बोल रहा है। इनकी लापरवाही सरकारी कार्य में बाधक बन खड़ा है। सिविल सर्जन गया द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए भूमि की मांग की गई जिसके आलोक में सीओ द्वारा खाता 346 सर्वसाधारण 2265, 2266, 2267 कुल रकबा इक्कतीस डिसमिल जमीन दी गई जिसमें पूर्व से बीएसएनएल टावर चबूतरा पक्का यज्ञस्थल एवं मंदिर बना हुआ है आम ग्रामीण से सहमति व बिना स्थल जांच किए रिपोर्ट की गई जो घोर लापरवाही को दर्शाता है। जिससे अस्थाधरीयों के आस्था में ठेस पहुंची है जिसे लेकर कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष नवल किशोर सिंह ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लागई है।

### पहलगाम हमले की बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी : अवध बिहारी पटेल

**गया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जदयू जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने पहलगाम में निर्दोष सैलानियों पर हुए आतंकी हमले को कड़े शब्दों में निंदा करते हुए बुधवार को कहा कि आतंकियों द्वारा कायरतापूर्ण घटना किया गया है। पटेल ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि गया जिला जदयू परिवार पीड़ित परिवार के साथ है और घायल लोगों को जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। जदयू जिला प्रवक्ता ने कहा कि धर्म पूछकर हत्या करने से यही प्रतीत होता है कि कही न कही पाकिस्तान द्वारा सुनियोजित तरीके से घटना को अंजाम दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह लगातार घटना पर नजर बनाए हुए हैं, बहुत जल्द पाकिस्तान को इसकी बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत किसी ऐसी घटना करने वाले एवं साजिश में शामिल लोगों को बक्शेगा नहीं।जदयू इस संकट के घड़ी में देश के साथ खड़ा है, सरकार कड़ा से कड़ा कदम उठाए और हमला करवाने वाले को सबक सिखाए।

### विवाहिता हत्याकांड के फरार आरोपियों के घर चिपकाया गया इश्तेहार

**टिकारी (गया) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना की पुलिस ने विवाहिता हत्याकांड के फरार आरोपियों के घर इश्तेहार चस्पा किया। अनुसंधानकर्ता विवेकानन्द सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने टिकारी थानाक्षेत्र के लाव ग्राम व जहानाबाद जिला के विशुनगंज थानाक्षेत्र के धराउत ग्राम में आरोपियों के घर इश्तेहार चस्पा किया। टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि लाव ग्राम में विवाहिता की निर्मम हत्या कर शव को मोरहर नदी में दबा दिया गया था।कांड के अनुसंधान की जिम्मेवारी एसआई विवेकानंद सिंह को दी गई थी। कांड में शामिल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था वहीं अन्य आरोपी फरार है। न्यायालय द्वारा आरोपियों को आत्मसमर्पण करने का इश्तेहार चस्पा करने का आदेश दिया गया।न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने विशुनगंज थाना क्षेत्र के धराउत ग्राम अप्राथमिक अभियुक्त बिरजू प्रसाद के पुत्र श्रीकांत कुमार के घर व टिकारी थाना क्षेत्र के लाव ग्राम के रहने वाले मृतका के पति सुनील कुमार, देवर उदित कुमार, ननद आरती कुमारी व सास सम्पतिया देवी के घर इश्तेहार चस्पा किया।मृतका के ससुर सत्येन्द्र प्रसाद को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है।

### संगठन की मजबूती पर जिला प्रभारी ने दिया जोर

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** संगठन की मजबूती और विस्तार को लेकर महिला पतंजलि योग समिति की एक बैठक की गई। यह बैठक जिला प्रभारी - सह - राज्य कार्यकारिणी सदस्य ममता गुप्ता की अध्यक्षता में उनके आवास शहर के शाहपुर के पोखरा स्थित उनके आवास पर आयोजित की गई। इस दौरान विभिन्न समस्याओं के समाधान पर भी जोर दिया गया। ममता गुप्ता ने कहा कि नियमित योग अभ्यास से व्यक्ति रोगमुक्त और स्वस्थ रहता है। उन्होंने स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के विचारों को साझा करते हुए कहा कि योग, प्राकृतिक चिकित्सा और आयुर्वेद के माध्यम से हम निरोगी जीवन प्राप्त कर सकते हैं। हमें स्वामी रामदेव जी के संकल्प करो योग, रहो निरोग को जन-जन तक पहुंचाना हैं। इस बैठक में उषा किरण समेत संगठन के कई प्रभारी एवं सक्रिय सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान महिलाओं में काफी उत्साह दिखा।

# 28 को औरंगाबाद पहुचेंगे प्रशांत किशोर, तैयारी में जुटे कार्यकर्ता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा।** ओबरा स्थित श्री कृष्ण बाबू स्मारक सभागार में मंगलवार के बीते शाम को जन सुराज पार्टी टीम के वरीय पदाधिकारी शाश्वत शेखर के नेतृत्व में एक समीक्षा बैठक आहूत की गई जिसमें पार्टी के जिलाध्यक्ष बृजमोहन सिंह की अध्यक्षता में जिले के विधानसभा क्षेत्रों के जन सुराज पार्टी से जुड़े नेतागण व कार्यकर्ताओं ने 28 अप्रैल 2025 को दोपहर 3:00 बजे उच्च विद्यालय ओबरा के मैदान में आम सभा को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर गहन विचार विमर्श किया। शाश्वत शेखर ने कार्यकर्ताओं से प्रशांत किशोर के आगमन को ले तैयारियों के बारे में बारी बारी से जानकारी प्राप्त की। पार्टी नेता नंदकिशोर यादव, अभिमन्यु शर्मा, फजलुर रहमान, डॉ अर्चना चंद्र यादव, रंजन कुमार सिंह, कमलेश कुमार विकल, कृष्णकांत शर्मा, रणजीत पांडेय, विजेंद्र यादव, खुर्शीद आलम, सीताराम यादव, साधु यादव, पुरुषोत्तम यादव, उपेंद्र यादव, कुमार राजेश, डॉक्टर राम उदय कुमार, अजीत कुमार आदि ने अपने-अपने वक्तव्य में कहा कि औरंगाबाद जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से जन सुराज पार्टी से जुड़े नेतागण, पदाधिकारी, कार्यकर्ता व समर्थक भारी संख्या में ओबरा उच्च विद्यालय के मैदान में आएंगे और प्रशांत किशोर के विकसित बिहार के निर्णय व संकल्पों को पूरा करने के लिए जन-जन तक संदेश को पहुंचाने का कार्य करेंगे, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव 2025 में जन सुराज पार्टी को बेहतर जीत सुनिश्चित हो सके। सभी वक्ताओं ने आमजनों से संपर्क कर भारी से भारी संख्या में लोगों को पहुंचने के लिए प्रचार प्रसार करने की बात पर जोर दिया गया। इस दौरान आगमन पर दाउदनगर प्रखंड क्षेत्र के ठाकुर बिगहा के पास प्रशांत किशोर का भव्य स्वागत किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं व नेताओं ने अपने-अपने संकल्प दोहराए।

# सरस्वती विद्या मंदिर में मनी वीर कुंवर सिंह की जयंती



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** महान स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह जयंती सरस्वती शिशु मंदिर में श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक, राकेश पाण्डेय एवं सुरेश प्रसाद मेहता ने संयुक्त रुप से वीर कुंवर सिंह की तस्वीर पर दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पार्चन कर प्रारम्भ किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य ने सभी को वीर कुंवर सिंह जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी और जीवन कृत्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक ने वीर कुंवर सिंह को भारतीय स्वाधीनता संग्राम के पुरोधा, अतुलनीय पराक्रम एवं शौर्य का प्रतीत एक सच्चा राष्ट्रभक्त बताया। साथ ही उन्होंने वीर कुंवर सिंह के जीवन एवं प्रमुख रूप से 1857 ई. के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को प्रमुखता से याद किया। मौके पर आदिती कुमारी के प्रेरणादायी और ओजस्वी वाणी से श्रोता मनमुग्ध हो गए। आर्चाय चंदशेखर सिंह एवं रामकिंकर चौधरी ने अपने विचार व्यक्त किए जिसमे मीडिया प्रभारी रविरंजन कुमार उपस्थित थे। साथ ही जम्मू - कश्मीर में हुई दर्दनाक घटना के बारे बताए एवं सभी ने उनकी आत्मा शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया।

# पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ देश में आक्रोश : डा. सुरेश पासवान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर सुरेश पासवान ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में दर्जनों बेगुनाह पर्यटकों को गोलियों से छलनी कर मौत के घाट उतार दिया गया जो देश के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इस घटना ने एक बार फिर से मानवता एवं पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हमले की जितनी भी निंदा की जाए वह कम होगी। उन्होंने शोक सम्पत परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। इस वीभत्स हमले के बाद देश भर में आक्रोश का माहौल है। आतंकी हमले के खिलाफ पुरा देश एकजुट है। इस हमले ने एक बार फिर जम्मू कश्मीर की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं। डॉ. पासवान ने कहा है कि देश और प्रदेश में बढ़ते जातीय एवं धार्मिक आतंक को रोकने के लिए सरकार को कठोर कानून बनाना चाहिए और आतंकी कृत्यों में शामिल व्यक्तियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। इस समय हमें अपने राजनैतिक मतभेदों को भुलाकर एकजुट होकर आतंकवाद और धार्मिक हिंसा फैलाने वालों के खिलाफ दृढ़ता से लड़ना होगा ताकि दुश्मन को भी पता चल सके कि आतंकवाद के विरूद्ध पुरा देश एकजुट होकर लड़ने को तैयार है।

# बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती को लेकर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी (गया)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) में भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय परिसर में विशेष पखवाड़ा का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में आयोजित 15 दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य डॉ. अम्बेडकर के ऐतिहासिक योगदान को स्मरण करना तथा विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना, संवैधानिक मूल्यों और रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना है। जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि सीयूएसबी के एससी/एसटी प्रकोष्ठ द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, संसदीय कार्य मंत्रालय, युवा मामले एवं खेल विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, विधिक मामलों का विभाग, और भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में इस पखवाड़े का आयोजन किया गया। इसी श्रृंखला के अंतर्गत विश्वविद्यालय के चाणक्य भवन में भारत रत्न बाबासाहेब अम्बेडकर का योगदान विषय पर एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने डॉ. अम्बेडकर के सामाजिक, राजनीतिक एवं संवैधानिक योगदान को रंगों और रेखाओं के माध्यम से सजीव चित्रों में प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण क्रमशः डॉ. मंगलेश कुमार मंगलम, डॉ. अनुज लुगुन, तथा डॉ. प्रदीप राम शामिल रहे, जिन्होंने सभी प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों का गहन मूल्यांकन किया। विजेताओं की घोषणा पखवाड़े के अंतिम दिन समापन समारोह में की जाएगी और उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस के प्रमुख एवं अधिष्ठाता प्रो. अशोक कुमार के दिशा-निर्देश में इस कार्यक्रम का समन्वय डॉ. चन्दना सुबा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में डीएसडब्ल्यू प्रो. पी. के. मिश्रा, प्रो. एस. पी. श्रीवास्तव, प्रो. प्रदीप कुमार दास, डॉ. सुरेन्द्र कुमार, डॉ. पूनम कुमारी, डॉ. देव नारायण सिंह, डॉ. पल्लवी सिंह, डॉ. अनंत प्रकाश नारायण, श्री. मणि प्रताप, डॉ. कुमारी नीतू तथा डॉ. अनुराग अग्रवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रिसर्च स्कॉलर संतोष पाणिग्रही और लॉ की छात्रा साधना पराशर, सुरुचि सुमन, विनेदिता पंकज, विकास, युसीर, तथा अंबिका भारती ने किया। अंत में डॉ. चन्दना सुबा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया, जिसके उपरांत कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# 54 पंचायतों में ग्राम संगठनों के माध्यम से महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** जिले के सभी प्रखंडों में 54 पंचायतों में ग्राम संगठनों के माध्यम से महिला संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में टीवी स्क्रीन से सुसज्जित 26 गाड़ियों की मदद से वीडियो दिखाकर विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। जहाँ संवाद रथ टीवी स्क्रीन से सम्बंधित कोई समस्या दिखी प्रोजेक्टर के माध्यम से भी संवाद कार्यक्रम को सुचारु रूप से चलाया गया। जिले में यह कार्यक्रम 3167 ग्राम संगठनों के मध्यम से लगभग दो महा तक चलाया जाना है। महिला संवाद कार्यक्रम सभी जगह अपनी बात कहने के लिए महिलाओं में उत्साह देखा गया। उन्होंने यहाँ अपनी स्थानीय समस्यों जिक्र किया। साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ के विषय में बताया। आमस निवासी रीना देवी ने सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर करने के लिए बहुत अच्छी योजना चलाई है। पहले महिलायें बैंक जाने से कतराती थी लेकिन आज बेहिचक बात करती हैं। हमारी कोई थी आज हमारी भी पहचान है। पहले रास्ते में डर लगता था लेकिन पुलिस की वजह से आज स्थिति पहने से ठीक हुई है। नीमचक बथानी के नीमथु गांव में विकास ग्राम संगठन की दीदियों ने रोड, पीने के पानी और लाइब्रेरी की जरुरत के विषय में बताया। गुरारू की महिलाओं ने कहा चाहते है की सर्कार स्वच्छता पर ध्यान दे नाली- गली की सफाई की जाए। पानी की सुविधा सभी तक पहुंचे। किसी ने कहा सरकार को सबके लिए मुफ्त शिक्षा एवं स्वाथ्य सुविधा देनी चाहिए।नजदीक में अस्पताल हो, दवाई फ्री मिले। किसी ने कहा रोजगार के लिए बहार न जाना पड़े सरकार को ऐसा कार्य करना चाहिए। महिलाओं ने संवाद कार्यक्रम में खुल कर अपनी आशा एवं आकांक्षाओं का जिक्र किया। महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्हें कैसे आगे बढ़ना है बताया गया। योजनाओं की जानकारी के लिए उन्हें योजनाओं के विवरण वाला लीफलेट वितरित किये गए। उन्हें सरकार की महिला सशक्तिकरण नीति, महिला हेल्प लाइन, महिला आरक्षण, कन्या उत्थान योजना, अक्षर आँचल योजना, सतत जीविकोपार्जन योजना आदि की जानकारी दी गई। महिला संवाद कार्यक्रमों में महिलाओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के आधार पर उनकी सामुदायिक विकास संबंधी अपेक्षाओं और सुझावों का संकलन किया गया। इन कार्यक्रमों में गर्मी के वाबजूद महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रूप से बढ़ रही है, जिससे उनके सामुदायिक विकास में सक्रिय योगदान एवं जागरूकता देखने को मिला रही है।

# भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महानायक थे वीर कुंवर सिंह



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा।** मध्य विद्यालय महथू में बुधवार को वीर कुंवर सिंह की जयंती धूम धाम से मनाई गई। प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में विद्यालय के सभी शिक्षकों ने उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार सिन्हा ने कहा कि भारतीय स्वाधीनता संग्राम के वीर कुंवर सिंह महानायक थे जिन्होंने आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत माता की चरणों में अपना सर्वस्व निछावर कर दिया, जो हम सबों के लिए प्रेरणाश्रोत है। शिक्षक संजय कुमार, अली अकबर ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह का किया गया कार्य आज भी प्रासंगिक है जिन्होंने 1857 में अंग्रेजों को भारत से भगाने के लिए अल्पसंख्यक समुदाय तथा हिन्दू समुदाय के लोगों ने सफल हुए। इस मौके पर शिक्षक अलाउद्दीन अंसारी, संजय कुमार सिंह, सविता कुमारी, जितेंद्र पासवान, दीपक कुमार, मीनाक्षी कुमारी ग्रामीण संतोष कुमार, लाल मोहन कुमार, बिगन कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स के सफल आयोजन को लेकर बिहार सरकार की तैयारी, एसीएस ने लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** बिहार सरकार के खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) बी. राजेंदर ने बिपार्ड गया सभागार में आयुक्त मगध प्रमंडल डॉ. सफ़ीना एएन, उप विकास आयुक्त, नगर पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त सहित जिला स्तरीय पदाधिकारियों और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के सफल आयोजन को सुनिश्चित करना था। उन्होंने कहा कि यह आयोजन बिहार के लिए गर्व की बात है क्योंकि पहली बार राज्य में इस स्तर का खेल महाकुंभ हो रहा है। सरकार खिलाड़ियों, सपोर्टिंग स्टाफ, दर्शकों की सुविधा, सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन और पार्किंग व्यवस्था को लेकर हर संभव कदम उठा रही है। बैठक में खिलाड़ियों के रहने, खाने-पीने, आवागमन की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया। एसीएस ने कैटरिंग मेनू को फिक्स रखने, भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। जिला परिवहन अधिकारी को पर्याप्त वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और खिलाड़ियों के भ्रमण के लिए हेल्प डेस्क स्थापित करने को कहा गया। नगर पुलिस अधीक्षक को दर्शकों के लिए पार्किंग, ड्रॉप गेट और फ्रिस्किंग पॉइंट चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से बिहार और गया जिले की ब्रांडिंग होगी, जिसके लिए जिला प्रशासन व्यापक प्रचार-प्रसार कर रहा है। बैठक में अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 बिहार में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

# ट्रक ने बुजुर्ग को कुचला, मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** बेकाबू ट्रक ने 60 वर्षीय एक बुजुर्ग कुचल दिया जिसमें उनकी मौके पर मौत हो गई। घटना औरंगाबाद जिले के बारुण थाना क्षेत्र के केशव मोड़ की हैं। शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार शव की पहचान के लिए आसपास के थाना क्षेत्रों में सूचना भेजी गई है। इस दौरान आसपास के क्षेत्र के लोगों ने शव की पहचान करने से इंकार कर दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव को शिनाख्त के लिए 72 घंटे तक थाना परिसर में सुरक्षित रखा जायेगा और आसपास के थाना क्षेत्र में सूचना देकर शिनाख्त का प्रयास किया जायेगा। उसके बाद भी अगर शव की शिनाख्त नहीं हो पायी, तो पुलिस प्रशासन की देखरेख में शव का अंतिम संस्कार कर दिया जायेगा। ऑटो पकड़ने की कोशिश में बुजुर्ग की गई जान : थानाध्यक्ष राम इक़बाल यादव ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी हैं। वे कहा से आ रहे थे और कहा जा रहे थे, इसकी जानकारी नहीं हैं। जबकि प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वे ऑटो पकड़ने के लिए सड़क पार कर रहे थे, इसी क्रम में अज्ञात ट्रक ने कुचल दिया।

# आतंकी हमले के विरोध में पुतला दहन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोधगया (गया)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बोधगया नगर ईकाई इस घटना की घोर निंदा करती है और भारत सरकार एवं राज्य सरकार से इसके विरोध में कड़ी कार्रवाई हेतु आग्रह करती है। जिला संयोजक अमन शेखर ने बुधवार को कहा कि पिछले ढाई दशक में यह कश्मीर में पर्यटकों या श्रद्धालुओं पर अब तक का सबसे बड़ा आतंकी हमला है। मैं कड़े शब्दों में आतंकी हमले की निंदा करता हूं। मै इस आक्रोश मार्च से बता देना चाहता हूं कि अभी भी हिन्दू नहीं सुधरे तो आगे भी हिंदुओं का यही हाल होगा जो आज कश्मीर के पहलगाम में हुआ। नगर मंत्री अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि कश्मीर में सुरक्षा एवं विश्वास के वातावरण की बहाली से हताश पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने मंगलवार दोपहर प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम के बैसरन की वादियों में सुकून के पल बिताने आए पर्यटकों से घूम-घमकर पहचान पूछी और गैर मुस्लिम होने पर बेहद करीब से गोलियां मारीं। इसमें 28 लोगों की मौत हो गई और दो दर्जन से ज्यादा घायल हो गए। वही प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हर्ष कुमार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला बेहद निंदनीय और दुखद है। बेगुनाह लोगों पर हमला करना कायरता की निशानी है। इस अमानवीय कृत्य की हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।मौके पर प्रांत सोशल मीडिया सह संयोजक सुमित मौर्य, सौरभ स्वराज, पिंटू कुमार, अमरनाथ कुमार, शुभम कुमार, विशाल कुमार, बिपिन कुमार, प्रिंस कुमार, दीपू कुमार, ओमप्रकाश, दिवाकर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

CMYK

संपादकीय

# विरोध हिंदी का, निशाना सियासी

महाराष्ट्र में राज ठाकरे की पार्टी मनसे ने राज्य में हिंदी तो तीसरी अनिवार्य भाषा के रूप में पढ़ाने का जो विरोध किया है, वह उनकी हाशिए पर जाती राजनीति को संजीवनी देने की निरर्थक कोशिश है। साथ ही इस मुद्दे पर मराठी माणूस को गोलबंद करने का प्रयास है, जिससे कोई खास नतीजा निकलने की उम्मीद कम ही है। अलबत्ता हिंदी विरोध के मुद्दे पर 19 साल से अलग राह चल रहे भाई राज और उद्धव ठाकरे करीब आ सकते हैं। लेकिन यह काम भी आसान नहीं है। महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने मोदी सरकार की नई शिक्षा नीति के तहत हाल में आदेश जारी किया कि अब सभी स्कूलों में हिंदी तीसरी अनिवार्य भाषा के रूप में पढ़ाई जाएगी। इसका राज्य के कई हलकों में यह कहकर विरोध होने लगा कि आखिर बच्चे कितनी भाषाएं सीखेंगे? मराठी और अंग्रेजी तो पहले से ही पढ़ाई जा रही है अब हिंदी का बोझ भी। हालांकि महाराष्ट्र में छठी कक्षा से हिंदी पहले भी पढ़ाई जा रही थी, लेकिन वह अनिवार्य नहीं थी। अब बच्चों को उसमें भी पास होना जरूरी होगा। सरकार के इस आदेश पर अलग अलग प्रतिक्रियाएं हैं। एक वर्ग का मानना है कि महाराष्ट्र से बाहर और कुछ हद तक महाराष्ट्र भी संपर्क भाषा के रूप में हिंदी सभी को सीखनी चाहिए। वैसे भी उत्तर महाराष्ट्र और मुंबई में हिंदी ही संपर्क भाषा बन गई है। । जबकि दूसरे वर्ग का मानना है कि वो हिंदी के खिलाफ नहीं बल्कि हिंदी 'थोपे' जाने के खिलाफ हैं। यह मराठी भाषा और मराठी अस्मिता को बचाने का प्रश्न भी है। भाषा को लेकर महाराष्ट्र का मन हमेशा उदार ही रहा है। यही वजह है कि मुख्य रूप से हिंदी फिल्में बनाने वाला बॉलीवुड किसी भाषी हिंदी भाषी राज्य में नहीं, बल्कि मराठी भाषी महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में है और पूरी तरह फल फुल रहा है। इसमें काम करने वाले बहुत से लोग मराठी भाषी हैं। मराठी के कई कवियों जैसे नामदेव आदि ने हिंदी में भी रचनाएं की हैं। हिंदी साहित्य और पत्रकारिता को समृद्ध करने में मराठीभाषियों का बड़ा योगदान है। वैसे भी महाराष्ट्र की उत्तरी सीमा दो हिंदी भाषी राज्यों से लगती है। हिंदी और मराठी की लिपि एक सी यानी देवनागरी है। बहुत सारे शब्द भी समान हैं, हालांकि कई बार उनके अर्थ अलग अलग होते हैं। हर मराठीभाषी थोड़ी बहुत हिंदी तो बोल ही लेता है और समझते तो लगभग सभी हैं। इतना सब कुछ होते हुए भी मराठी को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाने का उन राज ठाकरे का विरोध क्यों है, जो खुद हिंदी न्यूज चैनलों को धाराप्रवाह हिंदी में इंटरव्यू देते रहते हैं, तो इसका कारण बहुत साफ है। अगर सुप्रीम कोर्ट का फैसला जल्द आ जाता है तो महाराष्ट्र में स्थानीय निकायों के चुनाव, जिनमें मुंबई महानगर पालिका भी शामिल है, के चुनाव हो सकते हैं। कोर्ट में यह मामला स्थानीय निकायों में ओसीबी आरक्षण को लेकर अटका हुआ है। इन चुनावों में राज ठाकरे अपने राजनीतिक पुनर्वास के लिए कोई कंधा खोज रहे हैं। लेकिन उनकी उग्र और मारधाड़ वाली राजनीति के कारण कोई पार्टी या गठबंधन उन्हें साथ नहीं रखना चाहता। राज को उम्मीद है मुखर हिंदी विरोध के चलते मराठी वोटर उनके पास खिंचा आएगा। यह खाम खयाली ज्यादा है। क्योंकि महाराष्ट्र में हिंदी का विरोध तमिलनाडु की तरह संभव ही नहीं है। महाराष्ट्र देश के साथ चलने वाला प्रदेश है। बहुतो का मानना है कि व्याकरण की दृष्टि से मराठी भाषियों को हिंदी सीखने में दिक्कत आ सकती है, लेकिन राजभाषा को सीखने से अंततः लाभ ही होगा।

# भिक्षावृत्ति पर अंकुश के लिए प्रभावी कानून जरूरी



**भारत की तीव्र आर्थिक वृद्धि के बावजूद, भीख मांगना एक सामाजिक समस्या के रूप में हमारे समाज में मानव सभ्यता की शुरुआत से ही मौजूद है। हमारी सरकार द्वारा कई उपाय करके और कानून लाकर इसे खत्म करने का इरादा रखने के बाद भी यह अभी भी बनी हुई है। हमारे पूरे देश में कोई केंद्रीय कानून नहीं है। लेकिन, राज्यों ने अपने स्वयं के भीख मांगने के खिलाफ कानून बनाए हैं। भारतीय न्यायशास्त्र में भीख मांगने से जुड़े कानून अभी भी मौजूद हैं। भले ही समाज में पहले से ही कमजोर वर्ग के बीच किसी भी तरह के दुर्व्यवहार और आपराधिक कृत्य की किसी भी धारणा के बिना कोई सबूत मौजूद हो। यह चिंता का विषय है कि भारत में भीख मांगने से संबंधित कानूनों द्वारा भीख मांगने पर अनुचित प्रतिबंध उन भिखारियों को वंचित करता है, जो अपने जीवन यापन के लिए आखिरी सहारा के रूप में भीख मांगते हैं, और उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करते हैं।**

**विनय झैलावत**

इस प्रकार भारत में भिक्षावृत्ति एक बहुत ही गंभीर मुद्दा बन गया है। इस पर ध्यान देना चाहिए। इतने प्रयासों के बावजूद, भारत इस सामाजिक समस्या को खत्म नहीं कर पाया है। हाल ही में एक शोध में एक तरह से भारत में भिक्षावृत्ति पर मौजूदा कानूनों के प्रावधान और क्या वे भिक्षावृत्ति को अपराध मानते हैं और दंडात्मक दृष्टिकोण सही है या नहीं, इस पर विचार किया गया। यदि दंडात्मक प्रावधान सही नहीं है तो किस दृष्टिकोण का सहारा लिया जाना चाहिए। साथ ही प्रभावी कार्यान्वयन के लिए क्या उपाय उपयुक्त हैं, इस पर विचार किया गया। हमारे देश में सड़कों पर भीख मांगने का हमारे राष्ट्रीय विकास पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। सड़कों पर भीख मांगने की यह समस्या हमारे देश की आत्मनिर्भरता की अवधारणा को नष्ट करने के साथ-साथ सामाजिक संगठन के लिए भी खतरा है। इसलिए, भिखारियों की एक श्रेणी है जिसमें कुछ लोग व्हील चेयर पर आते हैं, तो कुछ बैसाखी या चलने वाली छड़ियों का सहारा लेते हैं। कुछ ऐसे नवाचार भी हैं जिनमें कुछ लोग ध्यान आकर्षित करने वाला संगीत बजाते हैं। कुछ मानसिक रूप से विकलांग होते हैं, जबकि कुछ इसे आक्रामक तरीके से करते हैं।

वे दिन चले गए जब भीख मांगना एक प्रथा मानी जाती थी, जो केवल जरूरतमंद या खुद के लिए कमाने में असमर्थ लोगों द्वारा की जाती थी। नया चलन सामने आया है जहां युवा और ऊर्जावान लोग अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए काम करने के बजाय भीख मांगने को पैसे कमाने का सबसे सुविधाजनक और पक्का तरीका मानते हैं। शारीरिक रूप से विकलांग लोग दूसरी श्रेणी के लोग हैं जिनके लिए भीख मांगना जीवित रहने का एक साधन है। यह हमारी सामाजिक उपेक्षा का परिणाम हैं। इनके पास रोजी-रोटी के लिए दूसरों पर निर्भर रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। फिलहाल, भारत में भीख मांगने से रोकने को लेकर कोई केंद्रीय कानून नहीं है। हालांकि, 1959 का बॉम्बे प्रिवेन्शन ऑफ बेगिंग एक्ट राजधानी दिल्ली सहित बीस से ज्यादा राज्यों में लागू है। यह कानून भीख मांगने को अपराध बनाता है। यह कानून सिर्फ सड़कों पर भीख मांगने को ही अपराध नहीं बनाता।

अगर आप किसी भी सार्वजनिक जगह पर डांस करके, गाना गाकर, कोई 3चित्रकारी करके, कोई करतब दिखाकर या किसी भी तरह से ऐसा कुछ करते हैं जिसके बदले आपको लोगों से पैसे मिलते हैं, उसे भी 'भीख' मानता है। अगर कोई व्यक्ति भीख मांगते हुए पकड़ा जाता है तो उसे एक से तीन साल तक बगेर होम में डिटेन करके रखा जा सकता है। अगर वही व्यक्ति दोबारा भीख मांगते हुए पकड़ा जाता है तो फिर दस साल तक उसे हिरासत में रखा जा सकता है। इतना ही नहीं, भीख मांगने पर पुलिस बिना किसी वारंट के भी गिरफ्तार कर सकती है। इसी तरह उत्तर प्रदेश में भी 1975 से कानून है। यह कानून निजी जगहों पर भीख मांगने को अपराध मानता है। प्राइवेट प्लेस में भीख मांगने वाले व्यक्ति को पुलिस बिना किसी वारंट के गिरफ्तार कर सकती है।

हाल ही में, भोपाल जिला प्रशासन ने मध्य प्रदेश की राजधानी में भीख मांगने, भिक्षा देने और भिखारियों से सामान खरीदने पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। यह कदम एक महीने पहले इंदौर में जारी किए गए इसी तरह के निर्देश के बाद उठाया गया है। भोपाल जिला कलेक्टर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (6) की धारा 163(2) को लागू करके प्रतिबंध लागू किया। आदेश में आगे कहा गया है कि इन नियमों का कोई भी उल्लंघन 6 धारा 223 के तहत मुकदमा चलाने की ओर ले जाएगा। इंदौर के उदाहरण का अनुसरण करते हुए भोपाल ने भी सभी सार्वजनिक स्थानों पर भीख मांगने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। इस समस्या से निपटने और विस्थापित भिखारियों के लिए वैकल्पिक समाधान प्रदान करने के प्रयासों के तहत यह पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। यातायात सिग्नल, धार्मिक स्थलों और पर्यटन स्थलों पर भीख मांगने की खबरों के बाद यह प्रतिबंध लगाया गया था, जिससे यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाएं होती हैं।

अधिकारियों ने यह भी खुलासा किया कि कई भिखारी दूसरे राज्यों से आते हैं और उनका आपराधिक रिकॉर्ड है। वे अवैध गतिविधियों में शामिल हैं, जिससे सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और आगे के खतरों को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया गया। 2018 में, दिल्ली उच्च न्यायालय ने हर्ष मंदर बनाम भारत संघ के मामले में बॉम्बे भिक्षावृत्ति निवारण अधिनियम, 1959 (जिसे एनसीटी दिल्ली ने अपनाया था) की कुछ धाराओं को असंवैधानिक घोषित कर दिया, जिससे भिक्षावृत्ति को प्रभावी रूप से अपराध मुक्त कर दिया गया, और वह देश में ऐसा करने वाला पहला न्यायालय बन गया। हालांकि, न्यायालय ने कुछ सहायक प्रावधानों को बरकरार रखा है, जहां भीख मांगना अपराध बना हुआ है, जैसे धारा 11, जो उन लोगों को दंडित करती है जो दूसरों को भीख मांगने के लिए मजबूर करते हैं। इसके अतिरिक्त, जम्मू और कश्मीर उच्च न्यायालय ने पूर्ववर्ती राज्य के भीख मांगने के कानून को भी रद्द कर दिया। न्यायालय ने कहा कि भिखारियों को सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा नहीं माना जाना चाहिए। इसके बजाय, उनके भीख मांगने को उनकी घोर गरीबी के संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि यह राज्य की विफलता है कि वह अपने नागरिकों को सबसे बुनियादी आवश्यकताओं तक पहुंच सुनिश्चित नहीं कर पाया है। इसके अलावा, न्यायालय ने स्थापित किया कि भीख मांगना अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत अपनी स्थिति को संप्रेषित करने और सहायता मांगने के एक शांतिपूर्ण तरीके के रूप में संरक्षित है। इसने कहा कि कानून भीख मांगने को अपराध नहीं मानता, बल्कि गरीबी को ही अपराध मानता है।

जुलाई 2021 में बॉम्बे उच्च न्यायालय ने शारीरिक रूप से स्वस्थ भिखारियों को अपने जीवन और राष्ट्र के लिए काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके बाद, 2018 में दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले की तारीख के 3 साल बाद, अगस्त 2021 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी यही टिप्पणियां की गईं, जो साबित करती हैं कि न्यायपालिका की टिप्पणियों के बावजूद भी राज्य सभी नागरिकों के लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के संवैधानिक दायित्व को पूरा करने में बहुत अनिच्छुक है। सर्वोच्च न्यायालय ने पुष्टि की है कि भीख मांगना एक सामाजिक आर्थिक समस्या है। लोग शिक्षा और रोजगार के अभाव में अपनी आजीविका चलाने के लिए मजबूर हैं। अदालत ने यह टिप्पणी करके भीख मांगने पर प्रतिबंध लगाने से इनकार कर दिया कि भिखारियों को हमारी नजरों से दूर रखना कोई समाधान नहीं है।

वर्ष 2022 में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 'स्माइल-आजीविका और उद्यम के लिये सीमांत व्यक्तियों हेतु समर्थन' नामक योजना तैयार की। इसका उद्देश्य चिकित्सा देखभाल, शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण प्रदान करके भिखारियों का पुनर्वास करना है, तथा 2026 तक भिखारी मुक्त भारत की दिशा में काम करना है। 2024 तक स्माइल के तहत 970 व्यक्तियों का पुनर्वास किया गया है, जिनमें 352 बच्चे शामिल हैं। भिक्षावृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए सरकार को पुलिस, गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) और बाल कल्याण संगठनों के बीच बेहतर समन्वय के माध्यम से भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 के तहत भीख मांगने वाले गिरोहों को खत्म करने के लिए तस्करी विरोधी कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। सरकार को शोषक भीख मांगने वाले सिंडिकेट को दंडित करने की भी जरूरत है। सरकार कारावास के बजाय पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित कर रही है। सरकार भिक्षावृत्ति को प्रोत्साहित करने के नुकसान के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। साथ ही बेहतर सुविधाओं के साथ सरकारी रात्रि आश्रयों की संख्या बढ़ा रही है।

## अध्यात्म

### अच्छे को अच्छे एवं बुरे को बुरे लोग मिलते हैं



बहुत समय पहले की बात है। एक बार एक गुरु जी गंगा किनारे स्थित किसी गाँव में अपने शिष्यों के साथ स्नान कर रहे थे ।

तभी एक राहगीर आया और उनसे पूछाः महाराज! इस गाँव में कैसे लोग रहते हैं, दरअसल मैं अपने मौजूदा निवास स्थान से कहीं और जाना चाहता हूँ?

गुरु जी बोलेः जहाँ तुम अभी रहते हो वहां किस प्रकार के लोग रहते हैं ?

राहगीर बोलाः मत पूछिए महाराज, वहां तो एक से एक कपटी, दुष्ट और बुरे लोग बसे हुए हैं। गुरु जी बोलेः इस गाँव में भी बिल्कुल उसी तरह के लोग रहते हैं... कपटी, दुष्ट, बुरे... और इतना सुनकर राहगीर आगे बढ़ गया।

कुछ समय बाद एक दूसरा राहगीर वहां से गुजरा। उसने भी गुरु जी से वही प्रश्न पूछाः मुझे किसी नयी जगह जाना है, क्या आप बता सकते हैं कि इस गाँव में कैसे लोग रहते हैं?

गुरु जी ने इस राहगीर से भी वही प्रश्न पूछाः जहाँ तुम अभी निवास करते हो वहां किस प्रकार के लोग रहते हैं?

राहगीर बोलाः जी वहां तो बड़े सभ्य, सुलझे और अच्छे लोग रहते हैं।

तुम्हे बिल्कुल उसी प्रकार के लोग यहाँ भी मिलेंगे...सभ्य, सुलझे और अच्छे..., गुरु जी ने अपनी बात पूर्ण की और दैनिक कार्यों में लग गए।

पर उनके शिष्य ये सब देख रहे थे और राहगीर के जाते ही

उन्होंने पूछाः क्षमा कीजियेगा गुरु जी पर आपने दोनों राहगीरों को एक ही स्थान के बारे में अलग-अलग बातें क्यों बतायी।

गुरु जी गंभीरता से बोलेः शिष्यों आमतौर पर हम चीजों को वैसे नहीं दखते जैसी वे हैं, बल्कि उन्हें हम ऐसे देखते हैं जैसे कि हम खुद हैं। हर जगह हर प्रकार के लोग होते हैं यह हम पर निर्भर करता है कि हम किस तरह के लोगों को देखना चाहते हैं। शिष्य उनके बात समझ चुके थे और आगे से उन्होंने जीवन में सिर्फ अच्छाइयों पर ही ध्यान केन्द्रित करने का निश्चय किया।

# पृथ्वी- अस्तित्व का संकट एवं समाधान

**आज पृथ्वी गहरे संकट की ओर अग्रसर है, और इस संकट से उबरने की ज़िम्मेदारी संपूर्ण मानव जाति की है। पर्यावरणीय असंतुलन के कारण उत्पन्न होती जा रही वैश्विक चुनौतियों का समाधान केवल नीति या तकनीक से नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली में परिवर्तन लाकर ही संभव है। वर्तमान में विश्व भर में पर्यावरण संरक्षण हेतु अनेक प्रयास किए जा रहे हैं, परंतु इन प्रयासों को और अधिक व्यापक तथा सामूहिक बनाने की आवश्यकता है। भारतीय संस्कृति में पृथ्वी को माता के रूप में सम्मानित किया गया है। यह दृष्टिकोण केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि एक गहरी नैतिक चेतना का प्रतीक है। 'पृथ्वियाः रक्षणं कार्यं, धर्मोऽयं मानवस्य च। या ध्रियन्ते जीवका यत्र सा माता पालनी सदा॥' अर्थात पृथ्वी की रक्षा करना प्रत्येक मानव का कर्तव्य और धर्म है।**

**प्रो. रवीन्द्रनाथ तिवारी**

सौरमंडल में पृथ्वी ही एकमात्र ऐसा ग्रह है जहाँ जीवन विभिन्न स्वरूपों में विद्यमान है। यह जीवन की विविधता पृथ्वी की अनूठी भौगोलिक, जलवायु एवं पारिस्थितिकीय विशेषताओं के कारण संभव हो सकी है। किंतु वर्तमान समय में तीव्र और अनियोजित विकास, साथ ही प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक एवं असंवेदनशील दोहन ने पृथ्वी की पारिस्थितिकी संतुलन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। जल चक्र, कार्बन चक्र, जैविक चक्र तथा वायुमंडलीय संतुलन जैसे प्रमुख प्राकृतिक चक्रों में असंतुलन उत्पन्न हो रहा है, जिससे जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता का क्षरण, वायु एवं जल प्रदूषण जैसी अनेक पर्यावरणीय समस्याएं सामने आ रही हैं। इन समस्याओं के समाधान हेतु त्वरित और व्यवस्थित प्रबंधन रणनीति के साथ–साथ जन–जागरूकता और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से प्रति वर्ष 22 अप्रैल को 'पृथ्वी दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रेखांकित करता है तथा समाज को सतत विकास और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए प्रेरित करता है। वैश्विक पृथ्वी दिवस 2025, की थीम 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' है, जो सामूहिक प्रयासों की शक्ति को रेखांकित करती है और पृथ्वी की सुरक्षा हेतु विश्व समुदाय को एकजुट होने का आह्वान करती है।

वर्तमान समय में पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए प्राकृतिक प्रक्रियाओं, उभरती हरित तकनीकों और नवीन सोच को समझना अत्यंत आवश्यक हो गया है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और भी स्पष्ट और गंभीर रूप में सामने आए हैं, जो वैश्विक पारिस्थितिक तंत्र की स्थिरता के लिए खतरा उत्पन्न कर रहे हैं। 2024 में वैश्विक महासागरों में समुद्री हीटवेव्स की आवृत्ति और तीव्रता में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार, महासागरों के सतही तापमान में निरंतर वृद्धि के कारण समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। यह स्थिति समुद्री जैव विविधता, मछली पालन और तटीय समुदायों के लिए खतरा बन गई है । वैश्विक औसत सतही तापमान पूर्व–औद्योगिक स्तर (1850–1900) की तुलना में वर्ष 2024 में लगभग 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा, जिससे यह अब तक का सबसे गर्म वर्ष बन गया। यह वृद्धि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में निरंतर वृद्धि और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक उपयोग का परिणाम है। लू, बाढ़, सूखा, जंगल की आग और उष्णकटिबंधीय चक्रवात जैसी चरम मौसम की घटनाओं में



वृद्धि हुई है, फलस्वरूप महाद्वीपों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति अत्यधिक प्रभावित हुई है। इन घटनाओं के कारण कृषि उत्पादन में कमी, जल संकट, स्वास्थ्य समस्याएं और आपदा प्रबंधन की चुनौतियां उत्पन्न हुई हैं। भारत भी इससे अछूता नहीं है। प्लास्टिक ओवरशूट डे 2024 रिपोर्ट के अनुसार, भारत उन 12 देशों में शामिल है जो विश्व के 60 प्रतिशत प्लास्टिक कचरे का उचित प्रबंधन नहीं हो पाता हैं। भारत की प्रति व्यक्ति प्लास्टिक खपत लगभग 5.3 किलोग्राम है, जो वैश्विक औसत (20.9 किलोग्राम) से काफी कम है। भारत में लगभग 60 प्रतिशत प्लास्टिक का पुनर्चक्रण किया जाता है, परंतु इस प्रक्रिया में अनौपचारिक क्षेत्र की अधिक भागीदारी से गुणवत्ता, मानक और सुरक्षा की चुनौतियाँ उत्पन्न होती हैं। संयुक्त राष्ट्र की विश्व जल विकास रिपोर्ट 2024 के अनुसार, भारत की लगभग 40 प्रतिशत जनसंख्या 2030 तक गंभीर जल संकट का सामना कर सकती है। भारत में विश्व की 18 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है, जबकि उसके पास केवल 4 प्रतिशत ताजे जल संसाधन हैं। भारत दुनिया में भूजल का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है। भारत सहित विश्व की कई नदियों में जल प्रदूषण की स्थिति चिंताजनक है। गंगा, यमुना, गोदावरी, घाघरा जैसी प्रमुख नदियाँ अत्यधिक प्रदूषण का सामना कर रही हैं। भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट 2023 के अनुसार, देश का कुल वन और वृक्ष आवरण 8.27 लाख वर्ग किलोमीटर तक पहुँच गया है, जो देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 25.17 प्रतिशत है। भारत का लगभग 29.32 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र मरुस्थलीकरण की चपेट में है। भूमि क्षरण के प्रमुख कारणों में जलवायु परिवर्तन, अत्यधिक चराई, वनस्पति विनाश, मिट्टी का क्षरण और अनुचित कृषि पद्धतियाँ शामिल हैं। मरुस्थलीकरण से खाद्य सुरक्षा, पेयजल की उपलब्धता और ग्रामीण जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 में भारत में पीएम 2.5 स्तर में 7 प्रतिशत की गिरावट आयी है किंतु अभी भी विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक से दस गुना अधिक है। भारत के 94 शहर विश्व के 100 सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल हैं। हालांकि कुछ शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार देखा गया है।

आज पृथ्वी गहरे संकट की ओर अग्रसर है, और इस संकट से उबरने की ज़िम्मेदारी संपूर्ण मानव जाति की है। पर्यावरणीय असंतुलन के कारण उत्पन्न होती जा रही वैश्विक चुनौतियों का समाधान केवल नीति या तकनीक से नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली में परिवर्तन लाकर ही संभव है। वर्तमान में विश्व भर में पर्यावरण संरक्षण हेतु अनेक प्रयास किए जा रहे हैं, परंतु इन प्रयासों को और अधिक व्यापक तथा सामूहिक बनाने की आवश्यकता है। भारतीय संस्कृति में पृथ्वी को माता के रूप में सम्मानित किया गया है। यह दृष्टिकोण केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि एक गहरी नैतिक चेतना का प्रतीक है। 'पृथिव्याः रक्षणं कार्यं, धर्मोऽयं मानवस्य च। या ध्रियन्ते जीवका यत्र सा माता पालनी सदा॥' अर्थात पृथ्वी की रक्षा करना प्रत्येक मानव का कर्तव्य और धर्म है। जिस पृथ्वी पर जीवन का आधार टिका है, उस माता की सदैव रक्षा की जानी चाहिए। जब तक हम पृथ्वी को मातृत्व भाव से नहीं देखेंगे, तब तक इसके संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता संभव नहीं। हमें अपनी जीवनशैली और सोच को पृथ्वी के अनुरूप बदलना होगा तभी सभी प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और संवर्धन संभव हो सकेगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
तकनीकी क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसर मिलेंगे। धार्मिक और अध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। युवा अपने करियर को लेकर गम्भीर रहेंगे।

**वृषभ**
नियमित योग और व्यायाम अवश्य करें। ब्लडप्रेशर और शुगर के रोगियों को तनाव लेने से बचना चाहिये। प्रेम सम्बन्धों में विश्वासघात होने की आशंका है।

**मिथुन**
दिन की शुरुआत काफी अच्छी रहेगी। किसी परिचित के माध्यम से आपको बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। आपको आय के नये विकल्प मिल सकते हैं।

**कर्क**
प्रेमी जन के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जा सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। महिलायें घरेलू व्यापार आरम्भ करने का विचार बनायेंगी।

**सिंह**
बच्चे पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। माता के साथ वैचारिक मतभेद उभर सकते हैं। उधार धन लेने से आज आपको बचना चाहिये।

**कन्या**
गर्मी के कारण सिर भारी हो सकता है। शिक्षा के क्षेत्र में आपको उत्तम सफलता मिल सकती है। सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने से न चूकें।

**तुला**
मित्रों और शुभचिन्तकों के चहेते बने रहेंगे। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की रूपरेखा बना सकते हैं। नये कार्यों के प्रति समर्पण भाव रहेगा।

**वृश्चिक**
समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आप रचनात्मक कार्यों में रुचि ले सकते हैं। आपकी वाणी में ओजस्विता रहेगी। जिससे लोग आपसे काफी आकर्षित रहेंगे।

**धनु**
व्यापार वृद्धि के लिये आप काफी प्रयासरत रहेंगे। जिसके कारण आपको लोगों की सराहना भी प्राप्त होगी। रुकी परियोजनाओं को पुनः प्रारम्भ कर सकते हैं।

**मकर**
प्रबन्धन से जुड़े लोगों को समस्या हो सकती है। लम्बी दूरी की यात्रा आपको नहीं करनी चाहिये। गलत संगति की वजह से आपकी छवि खराब हो सकती है।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र की समस्यायें दूर होंगी। आज आप कोई ऐसा कार्य करेंगे जिससे आपकी प्रशंसा हो सकती है। अपने व्यवहार में लचीलापन बनाये रखें।

**मीन**
भावनाओं में बहकर धन खर्च न करें। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। राजनीति से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। सामाजिक कार्यों में आप विशेष ध्यान देंगे।

# पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर लोगों का फूटा गुस्सा

## पाकिस्तान के पीएम का फूंका पुतला



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर/दलसिंहसराय।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने सोमवार को आक्रोश मार्च निकाला। जिला उपाध्यक्ष गौरी शंकर के नेतृत्व में कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे युवा कार्यकर्ताओं ने बिस्कोमा चैक से 32 नंबर गुमटी पार करते हुए महावीर चैक पहुंच कर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का पुतला जलाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इस मौके पर गौरी शंकर ने कहा, अब तो गोली ने भी धर्म पूछ लिया। अब नहीं तो कब जागोगे हिंदू। उन्होंने कहा, पहलगाम में हुआ आतंकी हमला दिल दहला देने वाला है। यह हर दृष्टिकोण से निंदनीय है। कार्यक्रम में अनिल सिंह, शंभू प्रसाद साह, राजू रंजन, राजेश, इंद्रदेव, सुजीत कुमार, रंजीत पासवान, नवल पासवान, छोटू कुमार, सुमित कुमार, अजय कुमार पोद्दार मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# 209 बेटिकट यात्रियों से वसूले गए 40 हजार रुपये



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर मंडल में पहली बार बुधवार को विशेष टिकट चेकिंग अभियान हेतु लाल गाड़ी का उपयोग किया गया। विदित हो कि बिना टिकट/उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्रियों को निरूत्साहित करने एवं टिकट लेकर यात्रा करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा विशेष टिकट जांच अभियान चलती रहती है। इसे अपेक्षाकृत अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एक विशेष गाड़ी तैयार की गयी है जिसे लाल गाड़ी का नाम दिया गया है। विशेष टिकट जांच अभियान के दौरान टिकट जाँच कर्मचारियों एवं आरपीएफ की टीम को इस विशेष गाड़ी में प्रतिनियुक्त किया गया है जो मंडल के किसी भी रेल खंड के छोटे-छोटे स्टेशनों पर जाकर उस रेल खंड से गुजरने वाले मेल एक्सप्रेस/सवारी गाड़ियों में बिना टिकट/बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करते पाए गये व्यक्तियों से नियमानुसार प्रभार की वसूली सुनिश्चित करते हैं। इसी क्रम में बुधवार को मंडल के दरभंगा - जयनगर रेल खंड के काकरघट्टी स्टेशन पर लाल गाड़ी के प्रयोग से विशेष टिकट जाँच अभियान चलाया गया। इस दौरान उस रेलखंड से गुजरने वाले मेल/एक्सपेस एवं सवारी गाड़ी में बिना टिकट/बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करते पाए गये व्यक्तियों से निर्धारित प्रभार की वसूली की गयी। इस अभियान में कुल 209 बिना टिकट/बिना उचित प्राधिकार यात्रा कर रहे लोगों से 42025/ रेल राजस्व अर्जित किए गये।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राष्ट्रीय उच्च पथ 31 फोर लेन पर पोखरिया के समीप दो बाइक के जोरदार टककर मे एक भाई की मौत हो गई वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध मे बताया जाता है की साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के डीहा गाँव निवासी नाथो रजक के दो पुत्र 20 वर्षीय लवकुश कुमार साजन कुमार एक बाइक से बहन के यहां पोखरिया जा रहे थे। इसी दौरान पोखरिया के समीप सड़क पार करने के दौरान बेगूसराय की और से तेज गति से आ रहे एक बाइक ने टक्कर मार दिया। जिसमे लवकुश की मौत मौके हो गई। साजन गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगो की सूचना पर पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमाटम मे भेज घायल को इलाज के लिए भेज दिया गया है।

### अनुमंडल अधिवक्ता संघ का नामांकन

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अनुमंडल अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर बिभिन्न पदों पर कुल 20 अभ्यर्थियों ने किया नामांकन। उक्त आशय की जानकारी निर्वाची पदाधिकारी मनोज सिंह व ललित ठाकुर ने दी। नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में अध्यक्ष पद पर ब्रजकिशोर महतों, मनोज कुमार सिंह, सदानंद प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष पद पर अशोक कुमार यादव, अरबिंद कुमार सिंह,रामाशीष चौधरी,संजीव कुमार सिन्हा, महासचिव पद पर मणिशंकर यादव, रामनगीना सिंह,संयुक्त सचिव पद पर अनिल कुमार,अमरेंद्र सिंह,मो अजरूल, सहायक सचिव पद पर शैलेंद्र कुमार, बिजेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष पद पर कुंदन कुमार, अजय कुमार, अंकेक्षक पद पर बिजय कुमार पासवान, कार्यकारिणी सदस्य पद पर अरूण कुमार शर्मा, संजय कुमार आजाद, अरबिंद कुमार शामिल है।

### शैक्षणिक यात्रा के लिए छात्र वैशाली रवाना

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गणेशदत्त महाविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग के स्नातक सत्र 2022-25 के तृतीय खण्ड के छात्रों का दल शैक्षणिक यात्रा के तहत वैशाली के लिए रवाना हुआ। विभाग के डा. अनिल कुमार, डा. कुन्दन कुमार के नेतृत्व में 22 सदस्यीय टीम वैशाली के विभिन्न पुरातात्विक, ऐतिहासिक स्थलों के शैक्षणिक अध्ययन के साथ- साथ उसका अवलोकन भी करेगी। इस संबंध में डा. अनिल कुमार ने बताया कि गणेशदत्त महाविद्यालय बेगूसराय के प्राचीन भारतीय इतिहास पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग की यह परंपरा रही है कि उनके विषय के निहित स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर छात्रों को शैक्षणिक यात्रा का रिपोर्ट प्रस्तुत करना होता है। जिसके लिए शैक्षणिक यात्रा आवश्यक है। इसी के तहत सत्र 2022-25 के पार्ट थर्ड के छात्रों को वैशाली के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कराया जाएगा। डा. कुन्दन कुमार ने बताया कि वैशाली कोल्हुआ स्थित अशोक स्तंभ, राजा विशाल का गढ़, वैशाली पुरातत्व संग्रहालय, शांति स्तूप, अभिषेक पुष्पकरणी सहित अन्य स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। इस अवसर पर ड प्रशांत, पीजी छात्र बंटी कुमार, खुशी, कोमल, आशिया प्रवीण, शौर्या, सुमन, सपना, निशा, नविता, सोहित, गोलू, स्नातक छात्रा संजू कुमारी, अनुप्रिया, किशन, शफकत सबा, विजय, प्रेम प्रकाश, अमन राज, मोहन, मीनाक्षी, राजन व सत्यम कुमार शामिल थे।

### पांच वारंटियों को भेजा गया जेल

**कोंच (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के रौना और अमरा गांव से 5 एनबीडब्लू वारंटी को गिरफ्तार कर बुधवार को दोपहर दो बजे जेल भेज दिया गया है। कोंच थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि ग्राम रौना निवासी धुरी पासवान, अवधेश पासवान, छोटु पासवान कृष्णा लाल और ग्राम अमरा निवासी सत्यानंद दास को गिरफ्तार किया गया है।

# सभी के बीच लोकप्रिय थे वीर कुंवर सिंह : डा. घनश्याम राय



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर/रोसडा।** स्थानीय यूआर कॉलेज, रोसड़ा में बुधवार को प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय की अध्यक्षता में 167वां शौर्य दिवस मनाया गया। उपस्थित शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों, छात्रों ने बाबू कुंवर सिंह के चित्र पर पुष्प गुच्छ अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। डॉ. राय ने अपने संबोधन में कहा कि 23 अप्रैल 1858 को ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा नियंत्रित सेना जगदीशपुर में अपने अंतिम युद्ध में पूरी तरह पराजित हो गई थी। उसी दिन जगदीशपुर के किले से यूनियन जैक उतार लिया गया था। उसी की याद में हर साल 23 अप्रैल को शौर्य दिवस मनाया जाता है। डॉ. उमाशंकर प्रसाद ने कहा कि बाबू कुंवर सिंह ने सभी जाति-धर्म के लोगों को एकजुट कर ईस्ट इंडिया कंपनी को हराया था। वे लोगों के बीच लोकप्रिय थे। इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. विनय कुमार, डॉ. जाकिर हुसैन, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. उमाशंकर प्रसाद, डॉ. अमरेश कुमार सिंह, शिक्षकेतर कर्मचारी हेमकांत ठाकुर, प्रदीप कुमार राय, अभिषेक, कुमारी राज, दैनिक वेतनभोगी उपेंद्र प्रसाद, सुनील, जीतू, विकास, उपेंद्र राम, छात्र-छात्राएं मौजूद थे। परिसर में छात्रों द्वारा फूलों के पौधे भेंट किए गए।

# डीएवी स्कूल में पोषण पखवाड़ा आयोजित




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** बुधवार को स्थानीय डीएवी पब्लिक स्कूल इटवा में जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। जिस में पोषण पखवाड़ा के तहत स्कूल पहुंचे आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य ड श्रीनिवास त्रिपाठी से एक बच्चे ने कहा क्या करू अंकल, मम्मी रोज समोसा खिलाती हैं। पोषण पखवाड़ा के तहत बुधवार को डीएवी स्कूल, इटवा में राजकीय अयोध्या शिवकुमारी आयुर्वेद महाविद्यालय के द्वारा ओबेसिटी के विरुद्ध जागरूकता के लिए पोषण पखवाड़ा के तहत एक समारोह का आयोजन किया गया था। इस अभियान में स्कूल के पांचवें, छठे एवं सातवें क्लास के बच्चों को शामिल किया गया था। प्राचार्य डक्टर श्रीनिवास त्रिपाठी ने इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्य मिस सविता को सम्मानित किया।प्राचार्य डक्टर त्रिपाठी ने इस अवसर पर कहा कि आज बच्चों में मोटापा लगातार बढ़ता जा रहा है।हम अपने बच्चों को ऐसा खाना खिला रहे हैं। जिससे बच्चे अपेक्षा.त मोटे हो रहे हैं। उन्होंने बाजार के खाने-पीने की सामग्री और जंक फूड से सावधान करते हुए कहा कि जंक फूड से बच्चों को विभिन्न तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है।प्राचार्य ने कहा आप पर देश का भविष्य निर्भर है।कल आप ही लोगों को देश चलाने का काम करना है।इसलिए अपना खान-पान ऐसा रखना है। जिससे शरीर पर मोटापा हावी ना हो। मोटापा हावी होने का मतलब पूरा जीवन पढ़ाई- लिखाई और सारे क्रियाकलाप उससे प्रभावित हो जाएंगे।

# वीर कुंवर सिंह की जयंती पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** स्वतंत्रता संग्राम के अमर वीर, बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती के अवसर पर श्री राम चंद्र सेवा ट्रस्ट एवं बाबू वीर कुंवर सिंह न्यास के संयुक्त तत्वावधान में शहर के मोरारजी सत्येंद्र कैलाशपति गीता महाविद्यालय परिसर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में निःशुल्क नैरोपैथी जांच, बोन मास डेसिटी जांच, ब्लड जांच, निःशुल्क आर्थोरिटेस किट एवं दवा वितरण किया गया। श्री राम चंद्र सेवा ट्रस्ट के संस्थापक एवं समस्तीपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार सिंह ने कहा वीर बाबू कुंवर सिंह न केवल स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे, बल्कि वे एक आदर्श जीवन मूल्यों वाले व्यक्तित्व भी थे। उनका जीवन हमें सिखाता है कि राष्ट्र के प्रति निष्ठा, समाज के प्रति सेवा और अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण ही सच्चा वीरत्व है। आज जब देश के हर कोने में स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता है, तो ऐसे आयोजन न केवल जनसेवा का माध्यम हैं, बल्कि वीर कुंवर सिंह के जीवन से प्रेरणा लेते हुए स्वास्थ्य जागरूकता को समाज तक पहुँचाने का प्रयास भी हैं। यह चिकित्सा शिविर उनकी स्मृति को समर्पित एक छोटा-सा किंतु सार्थक प्रयास है। स्वर्ण मोर्चा, समस्तीपुर के अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद सिंह ने कहा कि वीर कुंवर सिंह का जीवन आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। एम.एस.के.जी. कॉलेज के सचिव राजन सिंह ने कहा वीर कुंवर सिंह की जयंती उनके विचारों को जीवंत रखने का अवसर है। इस अवसर पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुषमा शिखा, डॉ. कुमार देवाशीष सहित डॉ. सिंह की पूरी चिकित्सा टीम ने शिविर में मौजूद रहे। कार्यक्रम में नगर निगम मेयर श्रीमती अनीता राम, उपमेयर राम बालक पासवान, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विश्वनाथ राय, अधिवक्ता किरण सिंह, विमल किशोर राय, पूर्व प्रधानाचार्य रामलगन सिंह, डा. ज्ञानेन्द्र कुमार, अधिवक्ता शशि भूषण कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, कुशेश्वर सिंह, जगनाथ कुवर, भूपनश्वर राम, डा. के.के. सिंह, विनय कृष्ण, रामसेवक ठाकुर, रमेश प्रसाद सिंह, नवल किशोर सिंह, प्रो. अर्जुन प्रसाद सिंह, भूषण झा, सुदर्शन झा, रामानन्द झा, सन्त कुमार झा, राघवेन्द्र नाथ सिंह, सुधाकर कुमार सिंह, सोना कुमार सिंह, किशोरी प्रसाद सिंह, डा. आर.के. दिवाकर, राम संजीवन पाण्डेय, कृष्ण मोहन चैधरी, नरेन्द्र प्रसाद सिंह, अमित कुमार, डा. संजय सिंह, अधिवक्ता अमित कुमार झा, शिवचन्द्र सिंह, ललन प्रसाद सिंह, अविनाश कौशिक, अशोक वर्मा, राम कुमार तिवारी समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

# बीस सूत्री की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** प्रखंड मुख्यालय सभागार डंडारी में सोमवार को प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (20 सूत्री) की बैठक विजय कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड प्रमुख तनवीर अहमद, उपाध्यक्ष मो. मंजूर आलम, बीडीओ राजेश कुमार, सीओ राजीव कुमार बीपीआरओ सह प्रखंड शिक्षा अधिकारी कुमार सौरव, सीडीपीओ अर्पणा कुमारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संगीता कुमारी, पीएचसी चिकित्सा अधिकारी नीरज कुमार आदि सहित समिति के सदस्य शामिल हुए। बैठक में नव चयनित सदस्यों से अधिकारियों से परिचय के पश्चात क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर व्यापक चर्चा की गई। चर्चा के दौरान खरीफ सीजन में किसानों को उर्वरकों की कमी नहीं होने देने, पीएम किसान सामना योजना का लाभ दिलाने, बंद पड़े स्टेट ट्यूबल को चालू करने, पीएचसी एवं पशु अस्पताल में सभी प्रकार की दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, रूटिंग के मुताबिक पढ़ाई सुनिश्चित करने, भूमिहीन परिवारों को पर्चा उपलब्ध कराने के साथ-साथ श्रीनाथपुर से कटहरी के बीच बनी जर्जर सड़क की मरम्मती, बलहा से कटरमाला होते हुए इश्फा पुल के बीच की जर्जर सड़क एवं बांक मोड से विशनपुर की ओर जाने वाली सड़क की मरम्मती को लेकर व्यापक चर्चा की गई। साथ ही जनहित में इन सभी मुद्दों पर अभिलंब कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। बीडीओ राजेश कुमार ने बताया कि सभी अधिकारियों को जनहित के मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश पूर्व में ही दे दिए गए हैं। विकास के कार्यों के अलावे जन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित गति से निपटाए जाएंगे। बैठक में सदस्य सुमित कुमार सिंह गुड्डू, बिपिन सिंह, पारस साह, लल्लू सिंह, रंजीत कुमार महतों, अनिल कुमार, कमली पासवान, रामाशीष महतों, अरविंद साह, संतोष कुमार सिंह, मो. फजलू रहमान, महेंद्र नारायण ठाकुर, इन्देश्वरी देवी आदि उपस्थित थे।

# फुटबॉल महाकुंभ के लिए स्टेडियम तैयार

## दूरदर्शन पर होगा लाइव प्रसारण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** तेघड़ा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बरौनी गांव का यमुना भगत स्टेडियम नया कीर्तिमान स्थापित करने जा रहा है। भारत सरकार द्वारा आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम फुटबल का आयोजन के लिए बरौनी गांव पंचायत-एक के यमुना भगत स्टेडियम का चयन किया गया है। जहां 4 मई से 15 मई तक यमुना भगत स्टेडियम में पुरुष फुटबल टूर्नामेंट का महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। तेघड़ा अनुमंडल को मिली ऐतिहासिक मेजबानी बिहार में पहली बार हो रहे इस भव्य आयोजन में पटना, गया, नालंदा, भागलपुर और बेगूसराय को मेजबानी सौंपी गई है। फुटबल स्पर्धाओं का आयोजन बेगूसराय के लिए गौरव की बात है। अनुमान है कि 10,000 से अधिक दर्शक इन मैचों को देखने पहुंचेंगे। वहीं बिहार सरकार के खेलमंत्री सह बछवाड़ा विधायक सुरेंद्र मेहता ने कहा बरौनी यमुना भगत स्टेडियम में होने वाले भारत सरकार द्वारा खेलो इंडिया यूथ फुटबल मैच की तैयारियां शुरू है. बारीकी से हर बिन्दुओं का विभाग के पदाधिकारी जायजा ले रहे हैं. पीएम नरेन्द्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अप्रैल में होने वाले इस देश स्तर पर होने वाले खेल इंवेट का उद्घाटन करेंगे। खेल प्राधिकरण के अधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन और आयोजन समिति के साथ समन्वय कर यह सुनिश्चित किया है कि आयोजन किसी भी स्तर पर कमजोर न हो। खिलाड़ियों के ठहराव, परिवहन और सुरक्षा के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं।

# 'अंधों के हाथी' नाटक का मंचन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** स्थानीय द फैक्ट स्पेस रतनपुर के मंच पर संस्ृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित एवं एक्टिव कल्चरल सोसायटी की नवीनतम नाट्य प्रस्तुति शरद जोशी द्वारा लिखित एवं इम्तियाजुल हक डब्लू द्वारा निर्देशित नाटक अंधों का हाथी का सफल प्रदर्शन किया गया। इस आयोजन के प्रथम सत्र में मंच पर उपस्थित अतिथि श्याम कुमार सहनी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, वरिष्ठ रंग निर्देशक, दीपक सिन्हा, कुमार संजय, परवेज युसूफ, मो फैयाजुल हक, समाजसेवी संजय गौतम ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर आयोजन का विधिवत उद्घाटन किया। वहीं संस्था के अध्यक्ष रवि शंकर रंक, सचिव इम्तियाजुल हक कोषाध्यक्ष शमशाद आलम, सदस्य शिवजी कुमार, के द्वारा सभी अतिथियों का अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया।इस नाटक के माध्यम से छह अंधे और एक सूत्रधार को लेकर लेखक ने सवाल खड़ा किया है। कि हम अंधो को इतनी समझ है कि देश में चल क्या रहा है। सशक्त अभिनय लोकप्रिय संगीत के साथ मंच पर अभिनय कर रहे कलाकार के रूप में सूत्रधार दिवाकर कुमार, अंधी एक कोमल कुमारी, अंधी दो नैंसी प्रिया, अंधा एक शुभम कुमार, अंधा दो रोबिन कुमार, अंधा तीन विकास कुमार, अंधा चार हरिश्चंद्र कुमार के अभिनय को दर्शकों ने खूब पसंद किया वही संगीत पर नाल वादक आकाश कुमार, खंजरी पर राहुल कुमार, ट्रैक म्यूजिक फागुनी कुमारी ने दिया।प्रस्तुति सहयोग सोशल एंड कल्चरल वेलफेयर अर्गेनाइजेशन का था। नाटक कि समाप्ति के बाद उपस्थित अतिथियों द्वारा सभी कलाकारों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया।

# देश के राष्ट्रपुरूष हैं भामाशाह : सिधेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** महान राष्ट्रभक्त दानवीर भामाशाह की जयंती समारोह पूर्वक मनायी गयी। तैलिक वैश्य संघ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संरक्षक समिति के संयोजक पूर्व पार्षद सिधेश आर्य ने कहा राष्ट्र की बलिवेदी पर सर्वस्व न्योछावर करने वाले भामाशाह इस देश के राष्ट्रपुरूष हैं। राष्ट्रीयता और हिदुत्व के ध्वजवाहक भामाशाह ने ताउम्र मुगलों से लोहा लिया। किन्तु मेवाड़ और भारत की अस्मिता पर कभी आंच नहीं आने दिया। कहा, राष्ट्र की रक्षा के लिए अपनी जीवन भर की संचित पूंजी सैन्य शक्ति हेतु वीर योद्धा राणा प्रताप को सौंप कर उन्हें महाराणा बनाने का काम भामाशाह ने किया। उन्होंने भामाशाह की जीवनी को एनसीआरटी की पुस्तकों में शामिल करने तथा 23अप्रैल को उनकी जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग भारत सरकार से की। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री हीरा कुमार साह ने किया। मौके पर पूर्व सचिव अरविंद साह,अंकेक्षक रितेश कुमार, सुनील कुमार साह पप्पू, दिनेश साह भंकुल, जय नारायण साह, ओमप्रकाश गुप्ता, विकास कुमार, त्रिपुरारी साह, बबलू, सुमन सौरभ आदि मौजूद थे।

# 'आपका शहर आपकी बात' कार्यक्रम का लाइव प्रसारण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** आपका शहर आपकी बात कार्यक्रम का पटना में मुख्यमंत्री द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत हेतु बैठक की गई। इस अवसर पर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 17 स्थित रतनपुर चतुर्भुज पोखर परिसर में उक्त बैठक का लाईव प्रसारण किया गया। जिसमें जिला पदाधिकारी, बेगूसराय तुषार सिंगला, नगर आयुक्त, नगर निगम सत्येन्द्र कुमार, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा, प्रभारी पदाधिकारी, जिला विकास शाखा, उप महापौर नगर निगम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं आम लोग उपस्थित थे। मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित बैठक समाप्त होने के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि सरकार जिस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में टोले-टोले जाकर आम लोगों की जनसमस्याओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रह है। उसी प्रकार सरकार द्वारा आपका शहर आपकी बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसके तहत नगर निगम एवं नगर परिषदों के नव-विस्तारित क्षेत्रा में सुरक्षा सुविधा संबंध शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से आपलोगों को अवगत कराया जायेगा, तथा लाभान्वित भी कराया जायेगा।

# गरीब बेटियों की शादी में सहारा बन रही शहनाई टीम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओईनी।** ओईनी में शहनाई टीम की परिकल्पना साकार होने से असहाय परिवारों में खुशी की लहर देखी जा रही है। इस टीम की मौजूदगी गरीब असहाय परिवारों में भी शहनाई गूंजने की उम्मीद जगा रही है। बताते चलें कि स्थानीय समाजसेवी चिकित्सक डॉक्टर नीरज कुमार के द्वारा 2010 में शहनाई टीम का गठन किया गया था। युवाओं की इस टीम वैसे लोग शामिल हैं जो अपनी आमदनी में से टीम शहनाई के लिए हर महीने कुछ पैसा रख लेते हैं, और समाज में जरूरत मंद असहाय परिवार को चिन्हित कर उनके लड़की की शादी में बढ-चढ कर सहायता करते हैं। यह टीम अब तक दर्जनों गरीब की बेटियों के हाथ पीले करवा चुकी है। हाल ही में गंगापुर में एक बेटी की शादी के मौके पर डॉ नीरज ने संवाददाता से बात की। उन्होंने बताया कि एक गरीब जब अपने बेटी की शादी तय करता है तो उनके पास कर्ज लेने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता है। कर्ज ले कर बेटी की शादी तो वे कर देते हैं मगर उसके बाद सालों तक कर्ज में डूबे रहते हैं। जितना ये कर्ज लेते हैं उससे अधिक ब्याज दे देते हैं। टीम शहनाई उस परिवार की शादी में 70 फीसद खर्च वहन करती है। जिसमें शादी के सभी जरूरी सामान, उपहार, व बारात के खान-पान स्वागत सत्कार शामिल है। सुप्रसिद्ध फिजियोथैरेपिस्ट डॉ नीरज बताते है कि टीम शहनाई निःस्वार्थ भाव से सेवा करती है। यह पूरी तरह आत्मपोषी और गैर राजनीतिक संगठन है। किसी राजनीतिक पार्टी से न आज कोई मतलब है और न कभी रहेगा। हमलोग किसी से पैसा नहीं लेते, जो मदद करना चाहते हैं वे समान देकर हमारे साथ आ सकते हैं। राजीव शर्मा का कहना है कि वैसे परिवार जो बेटी की शादी करवाने में सक्षम नहीं हैं उनकेलिए टीम शहनाई किसी वरदान से कम नहीं।

# कैदियों को मिलेगी मुफ्त और प्रभावी कानूनी सहायता : विधिक सेवा समिति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार, पटना उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति द्वारा नामित वरिष्ठ अधिवक्ताओं की एक टीम ने जहानाबाद जिले के मंडल कारा, काको का दौरा कर कैदियों को मुफ्त कानूनी सहायता देने की प्रक्रिया प्रारंभ की। इस टीम में अधिवक्ता राजेश कुमार-1, अमित कुमार झा, पियूष कुमार पांडेय, मुस्कान सिंह तथा राजेश कुमार-2 शामिल थे। टीम ने जेल के प्रत्येक वार्ड का दौरा कर सजायाफ्ता और विचाराधीन कैदियों से मुलाकात की, उनकी कानूनी समस्याओं को समझा और उन्हें मुफ्त विधिक सहायता की प्रक्रिया एवं अधिकारों की जानकारी दी। यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी कैदी कानूनी सहायता से वंचित न रहे, विशेषकर वे जिनकी सजा उच्च न्यायालय ने बरकरार रखी है, या जिन्हें उच्च न्यायालय द्वारा दोषमुक्ति से दोषसिद्धि में परिवर्तित किया गया है। टीम ने धारा 436ए सीआरपीसी जो अब भारतीय न्याय संहिता की धारा 479 के अंतर्गत वे मामले भी चिन्हित किए, जिनमें उच्च न्यायालय द्वारा कैदियों के आवेदन खारिज कर दिए गए हैं, या जिनकी शीघ्र रिहाई की अनुशंसा राज्य सजा समीक्षा बोर्ड या उच्च न्यायालय ने अस्वीकार की है। टीम के सदस्यों ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय का स्पष्ट मत है कि जेलों में ऐसे कैदी हो सकते हैं जो सर्वोच्च न्यायालय में अपील या याचिका दायर करना चाहते हैं, और उन्हें विधिक सेवा संस्थानों से मुफ्त सहायता प्राप्त करने का अधिकार है। इस उद्देश्य से तालुका, जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण विधिक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस दौरान कैदियों को यह भी बताया गया कि यदि वे अपने वर्तमान अधिवक्ता से संतुष्ट नहीं हैं, तो वे अनापत्ति प्रमाण-पत्र लेकर जेल के माध्यम से मुफ्त कानूनी सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं।इस दौरे के दौरान टीम को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कानूनी रक्षा परामर्शदाता प्रणाली के अंतर्गत मुख्य कानूनी बचाव अधिवक्ता अजीत सिंह और सहायक अधिवक्ता बैद्यनाथ शरण का सहयोग प्राप्त हुआ। जेल अधीक्षक अमित कुमार झा ने टीम को महिला वार्ड सहित सभी वार्डों का निरीक्षण करवाया।टीम ने कैदियों से मिली जानकारियों के आधार पर विस्तृत डाटा तैयार किया है, जिसके माध्यम से उनके मामलों को विधिक सहायता हेतु आगे बढ़ाया जाएगा। टीम ने संतोष जताया कि जहानाबाद जिला विधिक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, और भविष्य में भी ऐसे मामलों की पहचान कर सहायता दी जाती रहेगी।

## डीएम ने हरी झंडी दिखाकर रथ किया रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** डॉ आंबेडकर समग्र सेवा अभियान अंतर्गत आज जिलाधिकारी के द्वारा प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय मोतिहारी से रवाना किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रचार रथ के माध्यम से जिला के अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ महादलित टोले में सरकार की विकासात्मक योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाएगा साथ ही इसे समग्र अभियान के तहत किया जा रहे आयोजनों को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर वहां उपस्थित जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि यह प्रचार रथ जिला को 10 दिनों के लिए प्राप्त हुआ है जिसमें जिला के सभी प्रखंडों को कवर किया जाएगा।

# बकाया मांगने पर दुकानदार की चाकू गोदकर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**चकिया (पूर्वी चम्पारण)।** भुजा का पचास रुपया बकाया मांगने पर पिता व पुत्र समेत पांच लोगों ने भुजा दुकानदार का धारदार चाकू से गोदकर निर्मम तरीके से हत्या कर दिया। घटना बुधवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत बलोचक गांव की बताई गई है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी अर्जुन साह अपने भुजा दुकान का बकाया पचास रुपए गांव के हीं प्रभु साह से मांगा तो बकाया पैसा मांगना प्रभु साह को नागवार गुजरा व दोनों में तीखी बहस होने लगी। ग्रामीणों ने दोनों को समझा बुझाकर शांत करा दिया। कुछ देर उपरांत प्रभु साह अपने पुत्र बिट्टू कुमार, विशाल कुमार,पत्नी धर्मशिला देवी तथा गांव के हीं संतु साह के साथ अर्जुन शाह के घर गए और दोनों पक्षों में फिर तीखी बहस होने लगी। इसी क्रम में प्रभु साह व उसके पुत्र बिट्टू कुमार ने धारदार चाकू से अर्जुन साह व उसके भाई बृजमोहन साह पर जानलेवा हमला कर दिया। शोर गुल सुन ग्रामीण इकट्ठा हुए व बीच बचाव कर गंभीर रूप से घायल अर्जुन साह व उसके भाई बृजमोहन साह को स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल लाया। जहां पर चिकित्सकों ने अर्जुन साह को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी रागनी देवी ने पांच आरोपितों के खिलाफ थाना में आवेदन दिया है। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे डीएसपी सत्येंद्र कुमार सिंह साथ में इंस्पेक्टर सह थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार,अपर थाना अध्यक्ष गौरव कुमार, पीएसआई अफजल रजा ने घटना का सूक्ष्मता से जायजा लिया व मौके से हत्यारा प्रभु साह को घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया।

# जवान के घर फायरिंग में महिला गंभीर रूप से घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** जहानाबाद नगर थाना क्षेत्र के पूर्वी उठा मोहल्ले में बुधवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब अज्ञात अपराधियों ने एक आर्मी जवान के किराए के मकान पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। हमले में जवान की पत्नी पुष्पा देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, आर्मी जवान शिव शंकर कुमार अपनी पत्नी के साथ कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान अपराधियों ने खिड़की के रास्ते ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली सीधे पुष्पा देवी को जा लगी। मकान मालकिन रिंकी ने बताया कि गोलियों की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग दहशत में आ गए और नींद से जाग उठे। घटना के बाद शिव शंकर कुमार ने चीखते हुए मदद की गुहार लगाई। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पुष्पा देवी को पहले सदर अस्पताल, जहानाबाद ले जाया गया। वहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। एसडीपीओ संजीव कुमार ने बताया कि फिलहाल सभी पहलुओं पर जांच जारी है। फॉरेंसिक जांच के लिए एफएसएल की टीम भी मौके से साक्ष्य जुटा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच कभी-कभार आपसी विवाद होता था, लेकिन छुट्टी पर आए जवान शिव शंकर कुमार का फिलहाल किसी से कोई विवाद सामने नहीं आया था। घटना के बाद से पूरे मोहल्ले में दहशत का माहौल है और लोग भयभीत हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा और घटना के पीछे की साजिश का खुलासा किया जाएगा।

## 72 घंटे के अखंड-कीर्तन समारोह का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दनियावां(पटना)।** प्रखंड के तोप गांव में मां दुर्गा स्थान परिसर के प्रांगण में चल रहे 72 घंटे के अखंड-कीर्तन समारोह का समापन बुधवार को हो गया। अखंड के पूर्व विधि-विधान से कलश जल यात्रा का भी आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीण श्रद्धालु खासकर महिलाओं ने शिरकत किया। कार्यक्रम के समापन के बाद कन्या पूजन और प्रसाद वितरण भी किया गया। इस धार्मिक आयोजन समिति के अरुण कुमार,रणधीर कुमार,कृष्ण प्रसाद, राजकमल, दीपक कुमार, दिलेन्द्र कुमार, जीतन कुमार, संजय कुमार एवं अन्य ने बताया कि ऐसे आयोजनों से समाज में मैत्री, भाईचारे और समरसता की भावना बढ़ती है। कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार व जाप शर्मानंद पांडेय ने किया।

# जहानाबाद में ड्यूटी पर तैनात एएसआई की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के काको थाना में कार्यरत एएसआई कुणाल महलदार का बुधवार को अचानक निधन हो गया। बताया जाता है कि वे लंबे समय से ट्यूबर क्लोसिस यानी टीबी रोग से ग्रसित थे। पुलिस प्रशासन की ओर से बताया गया कि सुबह ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ने पर अचानक बेहोश होकर गिर गए थे। इस दौरान थाना में कार्यरत सहकर्मियों द्वारा उन्हें तत्काल काको सीएचसी अस्पताल में लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**कुणाल का पिछले कई महीनों से चल रहा था इलाज**

इस घटना की पुष्टि करते हुए एसडीपीओ संजीव कुमार ने बताया कि एएसआई कुणाल पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे। उन्होंने बताया कि फिलहाल कुणाल का परिवार बिहारशरीफ में किराए के मकान में रह रहा है। परिवार के लोगों ने बताया कि दो दिन पहले वे बिहारशरीफ अपने परिवार के लोगों से मिलने आए थे। वहां भी उनकी तबीयत खराब हुई थी। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा जांच किए जाने पर उन्हें टीबी की बीमारी होने की जानकारी मिली थी। परिजनों ने बताया कि बिहारशरीफ में इलाज कराने के बाद वे ड्यूटी पर वापस लौट आए थे। 40 वर्षीय कुणाल महलदार के अचानक निधन से पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है। बताया जाता है कि भागलपुर जिले के मथुरापुर गांव के रहने वाले कुणाल पिछले वर्ष 23 फरवरी को काको थाना में डायल 112 में योगदान दिया था।

## एक नजर

### आंगनबाड़ी केंद्रों का अनुमंडल पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

**मोतिहारी।** अनुमंडल पदाधिकारी,अरेराज अरुण कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड अभिसरण कार्य योजना बीसीएपी की बैठक अरेराज अनुमंडल सभागार में की गई। बैठक में 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक चलने वाले सातवां पोषण पखवाड़ा के अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्रों पर कराई जा रही समुदाय आधारित गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में पोषण पखवाड़े के प्रमुख थीम और गतिविधियों - पोषण अभियान का उद्देश्य, सही पोषण संतुलित आहार, स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करना, जीवन के प्रथम हजार दिन जिसमें गर्भावस्था से बच्चों के जन्म के 2 वर्ष का आयु जो कि बच्चों के विकास के लिए बेहद अहम होता है, पोषण पखवाड़ा स्वस्थ भोजन के विकल्पों को बढ़ावा देकर बचपन के मोटापे पर भी ध्यान केंद्रित करता है। बैठक में अरेराज अनुमंडल के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, आपूर्ति विभाग, जीविका, मनरेगा के पदाधिकारी एवं प्रखंड समन्वयक उपस्थित थेद्य बैठक में अरेराज सीडीपीओ के अनुपस्थित रहने के संबंध में उनसे स्पष्टीकरण की मांग की गई।

### अंग्रेजी शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**कल्याणपुर (पूर्वी चम्पारण)।** गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार रात पुलिस ने वृंदावन गांव से 180 एमएल के छह पीस अंग्रेजी शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार महिला सोनी देवी पति अशर्फी साह वृंदावन के रूप में हुई है।वही शराब पीकर वृंदावन चौक के पास हंगामा कर रहे पियक्कड़ तारकेश्वर प्रसाद पिता सूरत साह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।पुष्टि थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने कियाद्य

### पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए किया मौन धारण

**मोतिहारी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आंतकी हमले में मारे गए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए मौन धारण किया गया,उसके उपरांत विश्वविद्यालय परिसर के मुख्य द्वार के बाहर कार्यकर्ताओं ने आतंकवादियों का पुतला दहन कर आक्रोश जताया एवं सरकार से अविलम्ब कार्रवाई की मांग की। पुतला दहन के दौरान विश्वविद्यालय इकाई उपाध्यक्ष मानस जयसवाल ने कहा की आतंकवाद के नाम पर कब तक मासूम लोगों की बलि चढ़ती रहेगी, सीमावर्ती क्षेत्रों में आतंकवाद के विरुद्ध मजबूत कार्य योजना बनाकर काम करने की जरूरत है, साथ ही देश के अंदर देश विरोधी तत्वों को चिन्हित करके दंडित करने की आवश्यकता है। पुतला दहन के दौरान ऋषभदेव शुक्ला, डॉ अरुण दूबे, विनय कुमार, अनिकेत, अंकुश सिंह,मोहित वर्मा, मुकेश प्रशाद, आशुतोष, रवि, रविकरण, महेश, सूरजभान, धीरज, पवन, अरमान कुमार, सत्यम पाण्डे, अदिति सुरभि, मिल्की, कुसुम, सृजना, अशिका, प्रांजलि,आयुष, अभिषेक, सुधांशु, मदन, तरुण, संतोष कन्नौजिया सहित विश्वविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

# बिजबनी में नाला अतिक्रमण से सड़क पर जलजमाव, राहगीरों की जान जोखिम में

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के बिजबनी दक्षिणी पंचायत के जगिरहा चौक पर नाले के अतिक्रमण के कारण मुख्य सड़क पर गड्ढों में गंदा पानी जमा हो गया है, जिससे प्रतिदिन हजारों राहगीरों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है। यह सड़क क्षेत्र की लाइफलाइन मानी जाती है, जो बिजबनी, अगरवा, सतौरा, भातूटोला, झाझरा, रेगनिया सहित दर्जनों गांवों को नेपाल सीमा से जोड़ती है। जगिरहा चौक पर नाले का गंदा पानी सड़क पर जमा हो रहा है, क्योंकि कुछ दुकानदारों ने नाले पर अतिक्रमण कर लिया है। इस नाले का पानी जगिरहा चौक से होकर अरुणा नदी में जाता है, लेकिन अतिक्रमण के कारण जल निकासी बाधित हो गई है। यह सड़क अनुमंडल और प्रखंड को जोड़ने वाला एकमात्र मुख्य मार्ग है, जिसका उपयोग आम लोग, अधिकारी और कर्मचारी करते हैं। सड़क पर बने गड्ढों और जलजमाव के कारण साइकिल, मोटरसाइकिल और पैदल यात्री आए दिन हादसों का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय मुखिया अमित कुमार उर्फ प्रेमकिशोर यादव ने बताया कि अतिक्रमण के कारण नाले की सफाई (उड़ाही) नहीं हो पा रही है। उन्होंने इसकी सूचना बीडीओ, सीओ और एसडीओ को दे दी है। अंचलाधिकारी अतुल कुमार बादल ने कहा कि कर्मचारियों को मौके पर भेजकर स्थिति की जांच की गई है और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही नाले की सफाई कराई जाएगी। स्थानीय लोगों और राहगीरों में जलजमाव और सड़क की बदहाली को लेकर भारी नाराजगी है।

# बाबू वीर कुंवर सिंह के 167वें विजय उत्सव पर एएनएस कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के एरोड्राम मार्ग पर स्थित अनुग्रह नारायण स्मारक महाविद्यालय, जहानाबाद में बाबू वीर कुंवर सिंह की 167वीं विजय उत्सव के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओमप्रकाश सिंह ने किया।इस दौरान अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह जी के शौर्य और पराक्रम से हमें भी सबक लेने की आवश्यकता है। देश के प्रति जो उनके सपने थे उसे पूरा करके ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रारंभ में प्राचार्य डॉ ओमप्रकाश सिंह, उपाचार्य प्रो0 अरविन्द कुमार सिंह, वित्तेक्षक डॉ रंगनाथ द्विवेदी, पूर्व शिक्षक प्रतिनिधि प्रो. शिवप्रकाश सिंह, उर्दू विभाग के प्राध्यापक प्रो. अली सालीम, पालि भाषा विभाग के प्राध्यापक डॉ अमित कुमार सिंह, एवं शिक्षकेत्तर कर्मी से प्रधान लिपिक अभय कुमार सिंह, अच्युतानन्द तिवारी सहित महाविद्यालय के कई अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मीयों ने विजय उत्सव के अवसर पर बाबू वीर कुंवर सिंह जी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर तमाम वक्ताओं ने बाबू महान स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह के साहस और बलिदान को याद करते हुए उन्हें एक महान स्वतंत्रता सेनानी के रूप में उनके विचारों और उनके राष्ट्र के प्रति समर्पित भावनाओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान डॉ अमित कुमार सिंह ने कुछ ऐसे बिंदुओं पर प्रकाश डाला जो आज भी इतिहास के पन्नो में कहीं अंकित नहीं है। इस दौरान उन्होंने वामपंथी इतिहासकारों की आलोचना करते हुए कहा कि हमारे गांव में आज भी बाबू साहब को दिए हुए वचन को हम तीनों (कौरा, मसाढ़ और नवादा) गांव वाले श्रद्धा से पालन करते हैं। इस दौरान महाविद्यालय के संस्थापक सचिव स्वर्गीय श्याम नारायण सिंह के प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इसके पहले एक दिन पूर्व 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए श्रद्धालुओं की याद में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने आतंक के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई हेतु केन्द्र सरकार से अपील करते हुए कहा कि आतंकवाद का समूल नाश हो इसका वक्त आ गया है।

# 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव के संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और प्रतिबद्धता को बल मिला। कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने अपने संदेश में कहा कि पृथ्वी मानव जीवन के लिए सबसे अनुकूल ग्रह है। इसे पुनः हरा-भरा और जीवन के लिए सुगम बनाने के लिए भारत सरकार ने कई नीतियां लागू की हैं, जिनका महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय सक्रियता से पालन करता है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' की इकाई स्थापित है, जो पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों को निरंतर संचालित करती है। कार्यक्रम में गांधी भवन परिसर के निदेशक प्रो. प्रसून दत्त सिंह, जनसंपर्क प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. श्याम नंदन, 'एक पेड़ माँ के नाम' के नोडल अधिकारी डॉ. बबलू पाल, हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. गोविंद प्रसाद वर्मा, समाज कार्य विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अनुपम कुमार वर्मा, डॉ. अरुण दुबे (अतिथि प्रवक्ता, समाज कार्य विभाग), अर्थशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य राम लाल बगाड़िया सहित कई शिक्षकों ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्रों और शोधार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी की। पौधरोपण कार्यक्रम के माध्यम से विश्वविद्यालय ने पर्यावरण संरक्षण और स्थायी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। यह आयोजन न केवल पृथ्वी दिवस के महत्व को रेखांकित करता है, बल्कि समाज को हरियाली और स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का भी संदेश देता है।'एक पेड़ माँ के नाम' इकाई के तहत विश्वविद्यालय भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देगा।

## परिवार में एक महिला पढती है तो पूरा परिवार बढ़ता है आगे : उप विकास आयुक्त

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपविकास आयुक्त शंभू शरण पांडेय द्वारा जीविका तुरकौलिया के तत्वावधान में महिला संवाद का आयोजन एवं नीरा सह विक्रय केन्द्र का औचक निरीक्षण एवं अनुश्रवण किया गया। इसमें सर्वप्रथम उपविकास आयुक्त के द्वारा राज्य के आधे आबादी के लिए किये जा रहे महिला संवाद के कार्यक्रम का तुरकौलिया के बिजुलपुर पंचायत के चैनपुर गांव में आजाद जीविका महिला ग्राम संगठन के स्थल पर जा कर अनुश्रवण के साथ-साथ जीविका दीदियों का हौसला अफजायी किया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने बताया कि महिला संवाद का मुख्य उदेश्य महिलाओं को और सशक्त बनाने का है मुख्य रूप से यदि कोई परिवार में एक महिला पढती है तो पूरा परिवार आगे बढ़ता है वही पर जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक गणेश पासवान ने कहा यह महिला संवाद पूरे पूर्वी चम्पारण के 1600 सौ ग्राम संगठनों में किया जा रहा है साथ ही जीविका तुरकौलिया के प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक डी. एन. समदर्शी द्वारा बताया गया कि महिलाये अब हर चीजों में आगे बढ़ रही है एवं अपनी समस्याओं को खुल कर बता रही है।


## Government of Jharkhand
## Urban Development & Housing Department
## Medininagar Municipal Corporation

### e-Procurment Short Tender Notice

| Sl. No. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Part – A** | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/05/2025-26 | Construction of Fish Market in ward no. 23 under Mediniagar Municipal Corporation | 1,19,42,402/- | 2,39,000/- | 10,000/- | 12 माह |

**Part – B**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender | 23/04/2025 AT 10:00 AM |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | 23/04/2025 AT 10:00 AM |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.In |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | 23/04/2025 AT 10:00 AM |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 07/05/2025 AT 02:00 PM |
| 6 | Date Of Bid Opening | 08/05/2025 AT 02:00 PM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |

**NOTE:-** Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR.NO.350851 District(25-26):D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल,गढ़वा

### अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–02/2025–26

1 विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग।
2 विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
3 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :– 09/05/2025 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक)
4 मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 10/05/2025 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
5 मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय :– 10/05/2025 को 03:30 बजे अपराह्न से।
6 परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :–
1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा .कार्यालय परिसर में।
2. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में।
7 निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान :– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर।
8 **कार्य का विवरण:–**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | *Construction of Boundary Wall above Guard wall at the Campus of ITI Bhandariya, Garhwa District for the year 2025-26.* | ` 18,46,700.00 | `37,000.00 | `5000.00 | 45 दिन |
| 2. | *Construction of Boundary Wall with RCC Retaining Wall at the Campus of ITI Bhandariya, Garhwa District for the year 2025-26.* | ` 12,07,600.00 | `25,000.00 | `2500.00 | 1 माह |

निविदा की शर्तें *www.jharkhand.gov.in* एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
नोट:–***Updated Character PAN, GST Return File Latest,*** पंजीकरण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति एवं निविदा प्रकाशन होने की तिथि से निर्गत बैंक ड्राफ्ट/डी0डी0 अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र निर्गत किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 350913 Building(25-26).D


# सड़क के निर्माण की मांग को लेकर मोतिहारी-ढाका मुख्य पथ जाम, व्यवसायियों ने किया बाजार बंद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** चिरैया के शांति चौक से पुरनहिया तक की जर्जर सड़क के निर्माण में देरी और एकल टेंडर रद्द होने के साथ-साथ कथित कमीशनखोरी के आरोपों को लेकर बुधवार को सैकड़ों व्यवसायियों ने आक्रोश जताया। चिरैया संघर्ष समिति के बैनर तले राजद के पूर्व जिलाध्यक्ष बच्चा यादव के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने मोतिहारी-ढाका मुख्य पथ पर शांति चौक के समीप जाम लगाकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि, पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए महज दस मिनट में जाम हटा दिया। इसके बावजूद, व्यवसायियों ने विरोध स्वरूप चिरैया बाजार को पूर्ण रूप से बंद रखा प्रदर्शन स्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल और वज्र वाहन तैनात थे। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए बच्चा यादव ने कहा कि पिछले 15 वर्षों से यह सड़क बड़े-बड़े गड्ढों के कारण पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सड़क दो विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आती है, जहां सत्ताधारी दल का कब्जा है, फिर भी कमीशनखोरी के चलते टेंडर रद्द होने से निर्माण कार्य रुका हुआ है। चिरैया से पुरनहिया की दूरी मात्र 16.5 किलोमीटर है, जबकि ढाका होकर घोड़ासहन जाने में 35 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। यह सड़क प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहनों के आवागमन का प्रमुख मार्ग है, लेकिन इसकी बदहाल स्थिति के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। धूप में धूल-मिट्टी और हल्की बारिश में गड्ढों के कारण साइकिल व मोटरसाइकिल सवार अक्सर चोटिल हो जाते हैं। कई बार गंभीर हादसे भी हो चुके हैं। यह सड़क प्रखंड व अंचल कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पशु चिकित्सालय और कई गांवों को जोड़ती है। रोजाना मरीज, गर्भवती महिलाएं और स्कूली बच्चे इस मार्ग से गुजरते हैं, जिन्हें भारी जोखिम उठाना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने 2024 के लोकसभा चुनाव में सड़क की दुर्दशा को लेकर वोट बहिष्कार किया था। इसके बाद बिहार सरकार ने इसे गंभीरता से लेते हुए शांति चौक से भेलवा होते हुए पुरनहिया तक सड़क निर्माण के लिए 42 करोड़ रुपये स्वीकृत किए और फरवरी 2025 में निविदा आमंत्रित की। हालांकि, एकल टेंडर के परिवाद में फंसने और नए सिरे से टेंडर प्रक्रिया शुरू होने के कारण निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका। मानसून के आगमन में अब डेढ़ से दो महीने ही शेष हैं। अगर बारिश से पहले निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो स्थानीय लोगों को और अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। चिरैया के शांति चौक से दुर्गा स्थान चौक तक के दुकानदारों में भारी निराशा है।

# भीषण अगलगी में खाक हुए तीन दर्जन से ज्यादा आशियाने

## पीड़ितों के पास रोटी, कपड़ा एवं मकान के नाम पर कुछ भी नहीं बचा





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी (पटना)।** बुधवार को मसौढ़ी अनुमंडल में हर तरफ आग के तबाही का मंजर देखने को मिला। मसौढ़ी के तारेगना रेलवे स्टेशन के समीप झुग्गी झोपड़ी में अचानक खाना बनाने के दौरान इतनी भीषण आग लगी कि पल भर में सभी 35-40 घर आग में खाक हो गया। अगलगी के दौरान घरों में रखे गैस सिलेंडर ब्लास्ट करने लगा। मंजर इतना खौफनाक था कि लोगों को लगा कि भयानक बम विस्फोट हो रहा है। घंटो बाद पहुंची दमकल की गाड़ियां आग बुझा पाती, उससे पहले ही सब कुछ खाक हो गया था। अगलगी में मोहम्मद फिरोज, मोहम्मद मेराज, पप्पू मियां, नसीम मियां, फरीद, बिट्टू, मोख्तार, अख्तर समेत 35 लोगों का घर जलकर खाक हो गया। मौके पर स्थानीय पुलिस, रेल पुलिस, जीआरपी पुलिस राहत कार्य मे जुटी रही। हर तरफ चित्कार की आवाज होते रही। स्थानीय लोगों ने बताया कि 12 साल पहले भी इसी तरह से भयंकर आग लगे थे जिसमें तकरीबन 40 घर आग में खाक हो गए थे। इस बार भी ठीक उसी तरह से आग लगी है और आग में खाने-पीने रहने उठने बैठने सोनी सभी सामान जलकर खाक हो गए। लोगों ने बताया कि अब रोटी-कपड़ा-मकान के नाम पर उनके पास कुछ भी नहीं बचा है।

## वरीय अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच राहत कार्य में जुटे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी (पटना)।** तारेगना रेलवे स्टेशन के पास झुग्गी झोपड़ी में बुधवार की दोपहर लगी आग में तकरीबन 30 से 40 घर आग में खाक हो गए हैं, ऐसे में घटना स्थल पर एसडीएम अमित कुमार पटेल, डीएसपी नभ वैभव, अंचलाधिकारी प्रभात रंजन, नगर परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि शंभु सिंह, उपमुख्य पार्षद चंद्रकांत एवं रेलवे अध्यक्ष राजू दुबे घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया और पीड़ित परिवारों को तत्काल राहत देने के लिए बगल के विवाह मंडप में लोगों को रात में ठहरने के लिए और खाने की व्यवस्था में लगे रहे। एसडीएम अमित कुमार पटेल ने बताया की तकरीबन 30 से 35 घरों में आग लगी है। सबों के लिए जिला प्रशासन के द्वारा खाने-पीने ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। दमकल की गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हुई है सभी राहत कार्य चलाए जा रहे हैं, वही बगल के मस्जिद में माइक के जरिए लोगों को बताया गया है कि पीड़ितों के लिए अनुमंडल प्रशासन से राहत कार्य चलाए जा रहे हैं।

## कर्पूरी रथ यात्रा पहुंचा मसौढ़ी, वक्ताओं ने कहा

# नीतीश कुमार ने अतिपिछड़ों को दी असली पहचान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी (पटना)।** जननायक कर्पूरी ठाकुर की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चलाई जा रही 'कर्पूरी रथ यात्रा' बुधवार को मसौढ़ी पहुंची। इस अवसर पर एक जनसभा किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद सह जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी शामिल हुए। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अतिपिछड़ा समाज का सच्चा मसीहा बताया। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर के बाद यदि किसी ने सामाजिक न्याय को धरातल पर उतारा है, तो वह नीतीश कुमार हैं। उन्होंने पंचायत चुनाव में 20 प्रतिशत आरक्षण देकर अतिपिछड़ा वर्ग को नेतृत्व का अवसर दिया। इसी का परिणाम है कि आज गांव-गांव में वार्ड सदस्य से लेकर प्रमुख तक की जिम्मेदारी में अतिपिछड़ा समाज के लोग दिख रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि आने वाले विधानसभा चुनाव में अतिपिछड़ा समाज एकजुट होकर एनडीए उम्मीदवारों को समर्थन दे ताकि नीतीश कुमार एक बार फिर मुख्यमंत्री बनें और समाज का और व्यापक विकास हो। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमिला प्रजापति ने कहा कि नीतीश कुमार के कार्यों का प्रभाव अब बिहार से बाहर के राज्यों तक दिखने लगा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिपिछडा प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष अरूण चंद्रवंशी ने की। मंच संचालन शिल्पी ठाकुर ने की। मौके पर जिला जदयू ग्रामीण जिलाध्यक्ष अशोक सिंह, अतिपिछडा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शोभा देवी, खुशबू रानी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील वर्मा, रंजीत पटेल, लालमोहन सिंह आदि शामिल रहे।

> ■ कर्पूरी ठाकुर के बाद यदि किसी ने सामाजिक न्याय को धरातल पर उतारा है, तो वे हैं नीतीश कुमार हैं : चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी

# संस्कृत मध्य विद्यालय जिसे संस्कृत से नहीं है कोई वास्ता

## कभी अंग्रेजो के जमाने में होती थी वेदों की पढ़ाई

**शशि तुलस्यान**




**मसौढ़ी (पटना)।** मसौढी शहर का चर्चित सरकारी विद्यालय जिसे संस्कृत मध्य विद्यालय के नाम से जानते हैं, लेकिन इस विद्यालय में संस्कृत से कोई वास्ता नहीं है। लेकिन वर्ष 1918 जब दौर अंग्रेजी हुकूमत का था, उस दौरान वह जमीन महंत कुनकुन दास की थी, जहां गुरूकुल की तरह बनाकर देवभाषा संस्कृत और वेद की पढाई होती थी और पूरे इलाके में संस्कृत शिक्षा के नाम पर मशहूर था, जहां उस वक्त बनवारी मिश्रा, भृगुनाथ मिश्रा और सुखदेव सिंह शिक्षक हुआ करते थे। पूरे तीन कठ्ठा के जमीन पर गुरुकुल बनाकर संस्कृत शिक्षा की पढ़ाई होती थी और दूर-दराज से बच्चे संस्कृत पढते थे। लेकिन जब देश आजाद हुआ तब सरकार ने इस विद्यालय को सरकारी मान्यता दी जहां कक्षा एक से आठ तक की पढाई शुरू हुई और यह स्कूल पूरी तरह से सरकारी रूप मे संचालित हुआ। यह विद्यालय मसौढ़ी के मलमाचक, महाराजचक और जतिचक गांवों के बच्चों के बीच शिक्षा का अलख जगा रहा है। वर्तमान परिदृश्य मे इस स्कूल मे पूरे शहर के मध्य विद्यालय से सबसे ज्यादा बच्चे इस विद्यालय में हैं जहां पर 750 बच्चे है, जहां उन्हें बैठने तक की जगह नहीं मिल पाती है। विद्यालय में कुल 13 शिक्षक है। संसाधनों की भारी कमी है, इसलिए सरकार ने इसे दूसरे विद्यालय में मर्ज करने की स्वीकृति दी है। लेकिन मलमाचक, महाराज,जतिचक के बच्चों को काफी दुरी तय करने पडेगी। फिलहाल अभी स्कूल प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुनीता कुमारी हैं, जबकि शिक्षक प्रवीण कुमार, शिवशंकर सिंह सुमन आदी हैं।

# विकास के दावों की पोल खोल रही जलमीनार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अंबा (औरंगाबाद)।** ग्राम पंचायत वर्मा के नरसिंहा गांव का अर्द्धनिर्मित जलमीनार बता रहा है कि कैसे सरकार की विकासोन्मुखी योजनाएं पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती है। उक्त गांव के वार्ड सदस्य प्रेम कुमार ने बताया कि नौ साल पहले बिहार सरकार की हर घर- नल का जल योजना के तहत निर्माण कार्य शुरू किया गया था। तत्कालीन मुखिया द्वारा योजना की कुल बारह लाख रुपए की निकासी कर ली गई, परंतु काम पूरा नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त मामले की शिकायत के लिए प्रखंड कार्यालय से लेकर जिला कार्यालय तक चक्कर काट चुके हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया। पदाधिकारियों की अनदेखी के कारण अब उन्होंने उक्त मामले में शिकायत करना ही छोड़ दिया है। बता दें कि नरसिंहा गांव में दलित समुदाय के लगभग पांच सौ लोग रहते हैं। जलस्तर गिरने के कारण पेयजल की विकट समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों को पानी के लिए एक किलोमीटर दूर तक जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि सरकार विकास के बड़े-बड़े दावे करती है लेकिन उनके विकास के दावे और काम आम लोगों की पहुंच से कोसों दूर है।

> ■ ग्रामीणों को एक किलोमीटर दूर तक जाना पड़ता है पानी लाने

# बिहटा एयरपोर्ट का नामकरण बाबू कुंवर सिंह के नाम पर करने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी (पटना)।** मसौढ़ी में वीर कुंवर सिंह कॉलोनी में बुधवार को बाबू वीर कुंवर सिंह जयंती को विजयोत्सव के रूप में मनायी गई। स्वतंत्रता संग्राम के महानायक की जयंती पर वीर कुंवर सिंह विकास मंच के नेतृत्व में मसौढ़ी में आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शिवपूजन सिंह ने कहा कि 1857 की क्रांति के इस महानायक के इतिहास को जब पढ़ते हैं, तो सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। अधिवक्ता चन्द्रकेत सिंह चंदेल ने कहा कि बिहटा एयरपोर्ट का नामकरण बाबू वीर कुंवर सिंह के नाम पर किया जाए। कई लोगों ने कहा कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों को 80 वर्ष की उम्र में भी छक्के छुड़ा देने वाले ऐसे वीर वांकुड़े बाबू वीर कुंवर सिंह की जीवनी से युवाओं को साहस पराक्रम और वीरता से प्रेरणा लेनी चाहिए। मौके पर आदित्य प्रकाश गोलू, उमाशंकर सिंह, अभय सिंह, जितेंद्र सिंह, पिंटू सिंह, गोपी सिंह, सोनू सिंह, संतन सिंह, झल्लू सिंह, रंजय सिंह, बिक्कू सिंह, लखन, चंदेल सहित अनेकों लोग उपस्थित हुए।

# विजय दिवस के रूप में मनायी गयी वीर कुंवर सिंह की जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज स्थित संजय सिंह यादव महाविद्यालय में प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सिपाही और महानायक वीर कुंवर सिंह जयंती 'विजय दिवस' के रूप में मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के अध्यक्ष प्रो0 डॉ0 संजय सिंह यादव, प्राचार्य डॉ0 विनोद कुमार मिश्रा एवं प्रबंध समिति सदस्य सतेन्द्र यादव के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन एवं कुंवर सिंह के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पण के साथ किया गया। अध्यक्ष डॉ0 संजय सिंह यादव ने वीर कुंवर सिंह का चरित्र चित्रण अन्याय विरोधी स्वतंत्रता प्रेमी और कुशल सेना नायक, बूढा नायक और 1857 के महासंग्राम ग्राम के सबसे वडे योद्धा के रूप में प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार मिश्रा ने महान ब्रिटिश इतिहासकार होम्स की बात को दुहराते हुए कहा 'उस बूढे राजपूत ने ब्रिटिश सता के विरुद्ध अद्‌भूत वीरता और आन-बान के साथ लड़ाई लड़ी। मौके पर प्रो. अभिनव यादव, प्रो0 उमेश कुमार, प्रदीप कुमार, विनय कुमार, दीपक कुमार, आरुष कृष्नौत अमन कुमार, आकाश कुमार सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

## मारपीट मामले में दर्ज करायी प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** शहर के शिक्षक कालोनी में मारपीट की घटना हुई। जिसमें बन्देय थाना क्षेत्र के घोटा गांव निवासी सोनी कुमारी एवं गया जिला के आमस थाना क्षेत्र के अश्वनी कुमारी घायल हो गयी। जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में किया गया। इस मामले में अश्विनी कुमारी ने बन्देया थाना क्षेत्र एवं वर्तमान पता रफीगंज शिक्षक कालोनी निवासी शत्रुघ्न सिंह,छोटू कुमार, चिंता देवी, रानी देवी, सतीश सिंह, रूबी देवी, विवेक कुमार, जूही कुमारी एवं खुशी कुमारी को नामजद आरोपी बनाते हुए रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है।

# सोलर प्लांट परिसर में लगी आग, समय पर पाया काबू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** कासमा थाना क्षेत्र के बक्शी विगहा सोलर प्लांट परिसर में घास में आग लगने से अफरातफरी का माहौल हो गया। परिसर में ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों ने थानाध्यक्ष इमरान आलम को सूचना दिया। त्वरित करावाई करते हुए रफीगंज, मदनपुर एवं औरंगाबाद से अग्निशमन बुलाया गया। आग परिसर के बड़े क्षेत्र में लगी। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस अगलगी घटना में कितने का नुकसान हुआ यह आकलन अभी संभव नहीं है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि शॉट सर्किट चिंगारी से अगलगी की घटना हुई। परिसर में सूखे एवं हरे घास काफी क्षेत्रफल में है और इसी से होते हुये वायर बिछाया गया है। जितने दूरी में आग पहुंची वायर भी चपेट में ले लिया। फिलहाल काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

# शिक्षकों की कमी से विद्यालय में अध्यापन कार्य प्रभावित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय बसडीहा कलां को पीएम श्री विद्यालय में परिणत किया गया है। यहां वर्ग छठा से बारहवीं तक की पढ़ाई होती है, लेकिन शिक्षकों के अभाव में पढ़ाई बाधित हो रही है। पूरे विद्यालय में मात्र दो ही शिक्षक पदस्थापित हैं। छात्रों ने बताया कि विद्यालय में विज्ञान, अंग्रेजी, हिंदी, भूगोल, इतिहास के साथ अन्य विषयों के शिक्षक नही है। इस दौरान छात्रा खुशी कुमारी एवं रिंकी कुमारी ने बताया कि विद्यालय में अन्य विषयों के शिक्षक होना जरूरी है, तभी हम सबों को अन्य विषयों की पढ़ाई संभव हो पायेगी। इसी तरह इंटर में पढ़ाई के लिए विज्ञान संकाय मे एक ही शिक्षक हैं। बता दें कि छठे से आठवें वर्ग तक 200 से अधिक बच्चों का नामांकन है। हालांकि फिलहाल नामांकन अभी जारी ही है। इस संबंध में प्रधानाध्यापक मो. अख्तर आलम ने बताया कि इसकी सूचना संबधित पदाधिकारियों को दी गई है। शिक्षकों की कमी रहने से काफी परेशानियां का सामना करना पड़ता है।

# रक्तदाता होते हैं समाज के असली नायक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** रक्त सेवा के प्रति समर्पित संस्था पथ प्रदर्शक के सचिव बमेन्द्र कुमार सिंह ने रक्तदान शिविर आयोजित कर अपनी शादी की सालगिरह मनायी। बुधवार को सदर अस्पताल औरंगाबाद स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्यारह यूनिट रक्त संग्रह किया गया। बमेंद्र ने कहा कि समाज के असली नायक रक्तदाता ही होते हैं जो अपने शरीर से रक्त देकर जरूरतमंदों की जान बचाते हैं। उन्होंने कहा की आए दिन देखने के लिए मिलता है कि घर, परिवार में रक्त की जरूरत पड़ने पर रक्तदान के लिए सक्षम परिवार, रिश्तेदार होते हुए भी खून देना नहीं चाहते हैं और सोचते हैं कि कहीं से रक्त का जुगाड हो जाय। ऐसे लोगों से मै कहना चाहता हूं कि रक्तदान एक ऐसी प्रक्रिया है जो केवल और केवल शरीर से ही संभव है, इसलिए रक्त के जुगाड में न रहें रक्तदान करें। शिविर में उपस्थित रक्त अधिकोष के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रवि रंजन ने कहा कि औरंगाबाद में रक्तदान क्षेत्र में पहले की अपेक्षा काफी जागरूकता आई है जिसका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष श्रेय रक्तसेवक बमेन्द्र कुमार सिंह एवं उनकी संस्था पथ प्रदर्शक को जाता है। सभी स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए, इससे कमजोरी तो होती ही नहीं बल्कि शरीर स्वस्थ होता है और इम्युनिटी पावर बढ़ता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# सामाजिक क्रांति के पुरोधा थे डॉ. अंबेडकर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गोह (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में बुधवार को संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के अवसर पर भव्य समारोह आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता एससी एसटी अध्यक्ष सह आजाद समाज पार्टी के नेता प्रसाद सिंह ने की जबकि मंच का संचालन रामजी पासवान ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ डॉ राजेश कुमार दिनकर एवं थानाध्यक्षसह इंस्पेक्टर मो. इरशाद सहित अन्य ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। वहीं सभा को संबोधित करते हुए नागेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर सामाजिक क्रांति के पुरोधा थे। उन्होंने संविधान बनाकर वंचितों को न्याय, समानता और अधिकार की ताकत दी है। वहीं गायक उमाकांत मिश्रा एवं रामजन्म राम ने बुद्ध एवं बहुजन मिशन पर संगीत की प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं गोह न्यू एरिया स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीतों से अतिथियों का स्वागत किया।

# आतंकी घटना के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जगदीशपुर (भोजपुर)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में जगदीशपुर नगर मंडल भाजपा ने कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च मुख्य चौक से शुरू होकर दुलौर गली कोतवाली होते हुए सब्जी मंडी में समाप्त हुआ। घटना में मारे गए सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि 28 लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई है, जिससे पूरे देश में आक्रोश है। केंद्र सरकार से आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई। इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र साह, भाजपा नेता आदित्य कुमार, विवेक कुशवाहा, विनय मिश्रा, अर्जुन प्रसाद सहित अन्य मौजूद रहे।

# जिला को बाल विवाह मुक्त कराने को ले चलाया अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** संस्था दिशा एक प्रयास जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एक्सेस टू जस्टिस के सहयोग से भोजपुर जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए अक्षय तृतीया के समय होने वाले विवाह पर विशेष जागरूकता अभियान चला रही है। जिलें के 10 मंदिरों पर विशेष नजर रखी जा रही है। जिसका उद्देश्य जिले में एक भी बाल विवाह न हो। साथ ही ग्रामीण स्तर पर भी हर घर दस्तक कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जहां पर ग्रामीणों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी दी जा रही है। ग्रामीण जनता को इस अधिनियम के अंतर्गत बाल विवाह में शामिल मां बाप के साथ साथ बाराती, पंडित, नाई, बाजा, हलवाई, लाइट, शामियाना व रिश्तेदार भी कानूनी सजा के दायरे में आते हैं। इस पर विस्तृत जानकारी समुदाय में दी जा रही है। ताकि बाल विवाह पर जमीनी स्तर पर ही लोगों को जागरूक कर दिया जाय जिससे भविष्य में भी बाल विवाह जैसी कुप्रथा में लोग शामिल न हो तथा एक जन जागरूकता आए। संस्था द्वारा जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एवं एक्सेस टू जस्टिस के साथ इस कार्यक्रम को सजग बनाने तथा बच्चों को बाल विवाह के त्रासदी से मुक्त कराने के लिए कार्य क्षेत्र के 50 गांव में दीवाल लेखन, नुक्कड़ नाटक तथा पंचायती राज्य व्यवस्था के साथ बैठक कर इस अभियान को सफल बनाने में लगी है। संस्था की सचिव कुमारी सुनिता सिंह ने कहा की बालिकाओं को उचित शिक्षा और स्वस्थ्य जीवन देना मेरे जीवन का पहला उद्देश्य है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए रजत कुमार, राजेश कुमार राय, बीरेंद्र कुमार सिंह, संजीत कुमार सिंह, रंजू कुमारी, रिचा कुमारी शामिल थे।

## वारंटी को भेजा जेल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज पुलिस ने कियाखाप गांव निवासी दिलीप कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि औरंगाबाद न्यायालय से इसके विरुद्ध वारंट निर्गत था। जिसके आलोक में इसकी गिरफ्तारी कर औरंगाबाद न्यायालय भेजा, जहां से उसे जेल दिया गया है।

# गेहूं फसल में लगी आग से किसानों का हुआ नुकसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के विभिन्न प्रखंडों में करीब आधा दर्जन गांव के बधार में खड़ी गेहूं फसल में बुधवार को आग लग गई। जिससे बड़हरा प्रखंड के सिन्हा और आरा सदर प्रखंड के पिरौटा, नागोपुर, चौमुखा, निर्मलपुर, सैदपुर गांव के करीब 100 से अधिक किसानों के गेहूं फसल, गेहूं डंठल, गेहूं के टाल जलकर राख बन गया। घटना की सूचना मिलते ही महागठबंधन के आरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी क्यामुद्दीन अंसारी के नेतृत्व में महागठबंधन की टीम नागोपुर, पीरौंटा पहुंची। चोरो तरफ गेहूं की खड़ी फसल में आग ही आग दिख रहा था। गेहूं के दर्जन भर फसल की टाल जल गयी थी। रंगीला यादव का थ्रेसर जल कर नष्ट हो गया। कयामुद्दीन अंसारी ने बताया की टीम पहुचते ही बिलखते हुए ललन यादव, राम जी यादव, विलास यादव ने कहा कि हमारा सब कुछ जल गया। महागठबंधन की टीम ने जायजा लिया तो पता चला कि पीरौटा, नागोपुर, चौमुखा, निर्मलपुर और सैदपुर के 125 किसानों की फसल जलकर भस्म हो गयी थी। कयामुद्दीन अंसारी ने आरा सदर प्रखंड में लगी भयंकर आग पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जिला प्रशासन से मांग की कि इस अग्नि कांड से पीड़ित सभी किसानों को प्रति एकड़ 50 पचास हजार रुपए क्षति पूर्ति दी जाए तथा घटना स्थल पर सीओ आरा तथा सभी किसानों की सूची तैयार कर मुआवजा दें। दूरभाष पर आरा सदर अनुमंडल पदाधिकारी से बात हुई। मौके पर जिला पार्षद प्रतिनिधि हरिफन यादव, भाकपा माले नेता हरिशंकर साह, पूर्व मुखिया विजय यादव, भोला यादव, विकास यादव व अन्य मौजूद थे।

CMYK

# वीरता के प्रतीक वीर कुंवर सिंह को जयंती पर किया नमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन (रोहतास)।** स्वतंत्रता आंदोलन के अमर योद्धा और 1857 की क्रांति के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती पर बुधवार को विभिन्न संगठनों और शैक्षणिक संस्थानों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कोलडिपो स्थित वीर कुंवर सिंह चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके साहस, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को वीर कुंवर सिंह के विचारों और आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक और भाजपा नेता सत्यनारायण सिंह ने कहा कि नशा मुक्त बिहार की स्थापना ही वीर कुंवर सिंह के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्रद्धांजलि अर्पण करने वालों में कोल परिवहन संघ के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, लोजपा (आर) के प्रदेश महासचिव राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह, कालेन्द्र प्रताप वर्मा, अशोक भारद्वाज, परमहंस सिंह, समीर कुमार, विशाल कुमार सिंह समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता और बुद्धिजीवी उपस्थित थे।



**महाविद्यालय में शौर्य दिवस के रूप में मनाई गई वीर कुंवर सिंह जयंती**

जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय में वीर कुंवर सिंह की जयंती को 'शौर्य दिवस' के रूप में मनाया गया। इस मौके पर उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और उनके अद्वितीय योगदान को नमन किया गया। प्राचार्य प्रो. डॉ. शैलेंद्र कुमार ओझा ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में वीर कुंवर सिंह की भूमिका को रेखांकित करते हुए उनकी वीरता और नेतृत्व क्षमता की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनका जीवन बलिदान और संघर्ष का प्रतीक है। कार्यक्रम का संचालन मैनेजमेंट विभाग के अध्यक्ष प्रो. कन्हैया सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि कैसे गंगा नदी पार करते समय वीर कुंवर सिंह ने अपने घायल हाथ को काटकर मां गंगा को समर्पित कर दिया, परंतु अंग्रेजों के सामने कभी आत्मसमर्पण नहीं किया। इस अवसर पर राधारमण सिंह मुन्ना, प्रो. गोपाल शंकर, प्रो. सचिदानंद कुमार, प्रो. धर्मेंद्र कुमार, रश्मि सिंह, शम्मी कुमारी, पूजा कुमारी, अमर कुमार सिंह सहित महाविद्यालय के कई शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# आग ने मचाई तबाही, बहोरी बिगहा गांव में भारी नुकसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला (रोहतास)।** काउ नदी पार कर दूसरे गांव से उठी आग की लपटें बहोरी बिगहा गांव तक पहुंच गईं, जिसने देखते ही देखते तबाही मचा दी। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल, खलिहानों में रखी गेहूं की बोझ, मवेशियों के चारे के साथ-साथ कई घरों की सामग्री को जलाकर राख कर दिया। आग इतनी भयावह थी कि पलक झपकते ही गांव के कई घर और मवेशी उसकी चपेट में आ गए। आग लगते ही ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस प्रशासन और अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही तीन से चार दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग की विभीषिका ने गांव के लोगों को स्तब्ध कर दिया। लोग अपनी आंखों के सामने अपने घर और सामान को जलते हुए देखते रहे। ग्रामीण और किसान–चुनमुन पासवान, ललन पासवान, सुग्रीम पासवान, सीगासन पासवान, श्रीनिवास पासवान, गरीवन पासवान, कमलेश पासवान, अभिमन्यु पासवान, संजय पासवान, अजय पासवान, मिथिलेश पासवान व संतोष पासवान–सहित दर्जनों लोगों की लगभग दो से तीन एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल, खलिहानों में रखी पांच से छह एकड़ की गेहूं की बोझा, पुआल-भूसा और पशुचारा जलकर राख हो गया। इसके अलावा घरों में रखी नगद राशि, सोने-चांदी के आभूषण और खाद्य सामग्री भी आग की भेंट चढ़ गई। कई मवेशी आग में झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मवेशियों के झुलसने की सूचना पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रविरंजन पशु चिकित्सकों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल मवेशियों का इलाज शुरू कराया। बीडीओ ने बताया कि आग दूसरी गांव की बाधार से होते हुए काउ नदी पार कर बहोरी बिगहा गांव तक पहुंची और बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया। फिलहाल प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत स्वरूप खाद्य सामग्री और अस्थायी आवास उपलब्ध कराया जा रहा है।

# पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को कैंडल मार्च से दी गई श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन।** कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों की याद में बुधवार देर शाम शहर में कैंडल मार्च निकालकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। जनसू राज द्वारा आयोजित इस कैंडल मार्च में सैकड़ों की संख्या में आम लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और युवाओं ने भाग लिया। अम्बेडकर चौक से कर्पूरी चौक तक निकले इस शांतिपूर्ण मार्च का नेतृत्व जैन स्वराज के नेता अभिषेक संस्कृत ने किया। मार्च के दौरान लोगों ने हाथों में जलती मोमबत्तियां लेकर आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया। उपस्थित वक्ताओं ने इस आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और केंद्र सरकार से सीमा पार से प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध सख्त और निर्णायक कार्रवाई की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि अब वक्त आ गया है जब देश को आतंकवाद के खात्मे के लिए न सिर्फ नीति बल्कि निर्णायक रणनीति अपनानी होगी। मार्च में प्रमुख रूप से श्रीकांत तिवारी, आर.के. सिंह, विजय शंकर तिवारी, इरशाद आलम सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। सभी ने एक स्वर में देश की सुरक्षा और शांति व्यवस्था को सुदृढ़ करने की आवश्यकता जताई।



# पहलगाम आतंकी हमला: देश में आक्रोश, सख्त कार्रवाई की उठी मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन (रोहतास)।** कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस बर्बर हमले में 28 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी गई, जिसे देशभर में एक कायराना और अमानवीय कृत्य बताया जा रहा है। यह हमला एक बार फिर इस्लामी आतंकवाद के उस चेहरे को उजागर करता है, जिसने न केवल भारत, बल्कि वैश्विक समुदाय को भी चिंता में डाल दिया है। देश के हर कोने से इसकी तीखी निंदा की जा रही है, लेकिन अब केवल निंदा से काम नहीं चलेगा–यह भावना आम जनता से लेकर नेताओं और सामाजिक संगठनों तक में स्पष्ट रूप से देखी जा रही है।



जनता का आक्रोश साफ है–28 का बदला लेना होगा। पुलवामा हमले के बाद जैसी सर्जिकल स्ट्राइक हुई थी, उससे भी कठोर कार्रवाई की मांग अब उठ रही है। आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने और कश्मीर में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए निर्णायक कदम उठाने की जरूरत महसूस की जा रही है। धारा 370 हटाए जाने के बाद से बौखलाया पाकिस्तान कश्मीर की तरक्की को पचा नहीं पा रहा है। आतंकियों को पनाह देने वाले इसी पाकिस्तान को अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर बेनकाब करना आवश्यक हो गया है। इस हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सऊदी अरब यात्रा स्थगित कर तुरंत देश लौटने का फैसला लिया है। सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में हैं और केंद्र सरकार स्तर पर उच्चस्तरीय मंथन जारी है। हमले की तीव्र निंदा करते हुए भाजपा के पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, पूर्व विधायक राजेश्वर राज, डेहरी विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष उमाशंकर उर्फ मुटूर पांडे, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एस.बी. प्रसाद, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अंशुमन, भाजपा नेत्री सुनीता कुमारी और बजरंग दल के नेताओं ने केंद्र सरकार से आतंक के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की मांग की है। इन सभी ने एक स्वर में कहा कि अब समय आ गया है कि भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने की दिशा में ठोस और कठोर कदम उठाए, जिससे देशवासियों के आक्रोश को संतोष और शांति मिल सके।

# सब्जी विक्रेता का गला रेता, हालत नाजुक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** स्थानीय बाजार बेलाव के एक सब्जी विक्रेता का मंगलवार के रात्रि में रोहतास जिला में गला रेत कर बधार में फेंक दिया। जो बेलांव गांव के शोभनाथ राम के 35 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार बताया जाता है। इस बात की जानकारी बुधवार को तड़के सुबह मिलते ही घर में कोहराम मच गया तथा परिजन व नाते रिश्तेदार घटना स्थल पर रवाना हो गए। मिली जानकारी के अनुसार घायल ब्यक्ति का उपचार सासाराम एक निजी अस्पताल में चल रहा है जहां हालत नाजुक बना हुआ है। घायल व्यक्ति के पुत्री काजल कुमारी ने बताया कि पापा ने मंगलवार को बेलांव बाजार में सब्जी बेचने गए थे। दुकान पर जाते वक्त कहा था कि रात्रि में घर नहीं आएंगे क्योंकि एक बारात में साथियों के साथ जाना है। हम लोग निश्चित थे। जब बुधवार को तड़के सुबह जानकारी मिली। जानकारी मिलते ही मां,भाई और अन्य परिजन घटना स्थल पर चले गए। पापा का इलाज सासाराम एक निजी स्पताल में चल रहा है। जहां स्थिति नाजुक बना हुआ है। लोगों ने बताया कि बदमाशों ने अपने स्तर से हत्या कर रोहतास जिला के सासाराम चौसा पथ में सउहार गांव के बाधार में फेंक दिया था।



# सत्यनारायण सिंह ने 20 सूत्री समिति के नवचयनित अध्यक्ष व सदस्यों को किया सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन (रोहतास)।** कैनाल रोड स्थित पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह के आवास पर रविवार को एनडीए गठबंधन की 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के नवचयनित अध्यक्ष एवं सदस्यों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह ने नवचयनित सदस्यों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में अशोक सोनी, गुड्डू पटेल, विष्णु प्रसाद उर्फ मुन्ना कुशवाहा, प्रिंस कुमार, सुनीता कुमारी, आनंद पांडे, रविशंकर सिंह, मुमताज अंसारी, उदय कुशवाहा, गुड़िया देवी और उपेंद्र गुप्ता शामिल थे। इस अवसर पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा नगर अध्यक्ष सुनीता कुमारी ने कहा कि बीस सूत्री समिति राज्य सरकार की योजनाओं को प्रखंड स्तर पर लागू कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने आशा जताई कि नवचयनित सदस्य सरकार की योजनाओं का लाभ सही तरीके से आम जनता तक पहुंचाने में योगदान देंगे और क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करेंगे।

वहीं, पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह ने कहा कि 20 सूत्री समिति के सदस्यों को सरकार ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि समिति के सदस्य प्रखंड स्तर पर जनहित से जुड़े मुद्दों को बैठक के माध्यम से उठाएं और उन्हें सरकार तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने पारदर्शिता के साथ स्थानीय समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य करने की अपील की। बैठक में कई अन्य कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# हिंदुस्तान चुप नहीं बैठेगा पहलगाम का बदला लेकर रहेगा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम (रोहतास)।** लोक जनशक्ति पार्टी आर के जिला प्रवक्ता उमेश प्रसाद श्रीवास्तव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पहलगाम में संप्रदाय पूछ कर हत्या करना एक घिनौना खेल किया गया है। इसको हिंदुस्तान कभी माफ नहीं कर सकता। इसकी सजा अपराधियों को भुगतना पड़ेगा। इन आतंकवादियों के सहयोगियों को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। आतंकवादियों के इस कायराना हरकत से स्थानीय लोगों को फायदा के बदले हानि ही मिलेगी। इस तरह की घटनाओं से सैलानियों का आना बिलकुल बंद हो जाएगा। वहां सैलानियों के जाने से उन लोगों को सैलानियों से धन उपार्जन करने का मौका देते हैं। यह सब बंद हो जायेगा। वहीं पर उन्हीं के जाति संप्रदाय के आतंकवादियों ने उन्हें भी गोलियों से भून देते हैं फिर भी उस जाति एवं संप्रदाय के लोग उन्हीं के समर्थन में रहते हैं। ऐसा घिनौना खेल को कभी हिंदुस्तान माफ नहीं कर सकता। इसका भुगतान भुगतने को लिए तैयार हो आतंकवादी। इसमें रोहतास जिला के मनीष रंजन का उनके परिवार के सामने गोली मारना यह बिहार के लिए अपूर्णिय क्षति है। इसकी कभी पूर्ति नहीं किया जा सकता है। मनीष रंजन हैदराबाद में आईबी के पदाधिकारी थे। उनके निधन से रोहतास जिला में शोक की लहर है। लोक जनशक्ति पार्टी आर के कार्यकर्ताओं ने गहरी शोक संवेदना दी एवं परिवार को इस दुख की घड़ी में साहस प्रदान करने का ईश्वर से कामना की और उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की।



# अपराध और शराब तस्करी के विरुद्ध अभियान में 18 आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन (रोहतास)।** पुलिस द्वारा अपराधियों और शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत विभिन्न मामलों में वांछित 18 आरोपितों को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपितों में हत्या के प्रयास, लूट, धोखाधड़ी, वारंटी और शराब तस्करी से जुड़े मामले शामिल हैं। अभियान के दौरान 12 लीटर देशी शराब तथा एक स्कॉर्पियो वाहन भी जब्त किया गया है। इसके अतिरिक्त, यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्ती बरतते हुए चलाए गए वाहन जांच अभियान में कुल 1 लाख 53 हजार रुपये जुर्माने के रूप में वसूले गए। एसपी ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## चोरी कर भाग रहे अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन (रोहतास)।** डिहरी मुफस्सिल थाना की पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग के पास स्थित शंभु बिगहा गांव में चोरी कर भाग रहे एक अपराधी को रंगेहाथ दबोच लिया। उपुलिस के अनुसार, विधायक फतेह बहादुर की भूमि पर चारदीवारी निर्माण का कार्य चल रहा था। अहले सुबह उनके मुंशी सुभाष कुमार पासवान को वहां किसी संदिग्ध व्यक्ति की मौजूदगी का आभास हुआ। शोर मचाने पर दो चोर भागने लगे, जिनमें से एक–जक्खी बिगहा निवासी अनिल कुमार–को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि उसका साथी विकास भागने में सफल रहा। गिरफ्तार अपराधी की निशानदेही पर चोरी गया बैग भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपित को जेल भेज दिया है और फरार आरोपी की तलाश जारी है।

## पांच वारंटी गिरफ्तार

**रजौली।** थाना क्षेत्र भौर, बखोरी, तिलैया एवं जोगियामारण गांव से पुलिस बलों ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आलोक में पुलिस बलों के सहयोग से छापेमारी कर पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार वारंटियों की पहचान भौर गांव निवासी चामो सिंह उर्फ दासो सिंह के पुत्र बासुदेव सिंह,बखोरी गांव निवासी फुचन भुइयां के पुत्र शिवबालक भुइयां, तिलैया गांव निवासी मितन दास के पुत्र पप्पू दास एवं जोगियामारण गांव निवासी झरी प्रसाद के पुत्र विजय प्रसाद एवं रामाशीष प्रसाद उर्फ रामजी प्रसाद के रूप में हुई है।

# जिले के 26 स्थानों पर आयोजित हुआ महिला संवाद कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना। जिले के 26 विभिन्न स्थानों पर आयोजित 'महिला संवाद कार्यक्रम' में चार हजार से अधिक महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। यह कार्यक्रम बिहार सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को सशक्त आधार प्रदान करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है, जो जमीनी स्तर पर नीतियों को प्रभावी बनाने की एक अभिनव पहल है।




कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी महिलाओं को राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि वे इनका समुचित लाभ उठा सकें। इस क्रम में 'महिला संवाद रथ' के माध्यम से ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति के ज़रिए महिलाओं को सशक्तीकरण के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। महिलाओं को जागरूक करने हेतु योजनाओं से संबंधित लीफलेट वितरित किए गए, जिनमें सरल भाषा में योजनाओं का विवरण था। साथ ही, मुख्यमंत्री की ओर से भेजा गया विशेष संदेश पत्र भी महिलाओं को पढ़ने को मिला, जिसे उन्होंने गंभीरता से आत्मसात किया। इस अवसर पर कई लाभार्थी महिलाओं ने मंच से अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इन योजनाओं ने उनके जीवन में कैसे सकारात्मक बदलाव लाए हैं। उनके अनुभवों ने अन्य महिलाओं को भी प्रेरित किया। महिलाओं द्वारा दिए गए सुझावों को संकलित कर प्राथमिकता के आधार पर सूचीबद्ध किया जा रहा है और उनका दस्तावेजीकरण कर राज्य सरकार को भेजा जाएगा, ताकि नीति निर्माण में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। यह कार्यक्रम न केवल महिलाओं को जागरूक और सशक्त बना रहा है, बल्कि उन्हें नीति-निर्माण प्रक्रिया में सहभागी भी बना रहा है।

## संतोष सिंह एक अच्छे अधिवक्ता और पत्रकार रहे : सोनू सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन।** संतोष कुमार सिंह एक अच्छे अधिवक्ता और पत्रकार रहे थे। उक्त बातें लोजपा रा प्रदेश महासचिव राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने अकोढ़ी गोला के तेतराढ़, मीरगंज में अधिवक्ता सह नौटरी दिवंगत संतोष कुमार सिंह के ब्रम्हभोज पर श्रद्धांजलि सभा में उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत कहा। उन्होंने कहा कि वे बहुत ही मिलनसार व्यक्ति थे, वें बहुत दिनों पत्रकारिता से जुड़े रहे। श्रद्धांजलि सभा में अनुमंडल विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय, अधिवक्ता मिथिलेश सिन्हा, प्रशांत पाठक, विभूति सर्राफ, कमलेश कुमार, संजय सिंह, सरपंच उदय कुमार सिंह, राहुल सिंह, निर्मल सिंह, मुरली, संजय, अभय, वरुण, तरूण सिंह ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# जहानाबाद मंडल कारा के कैदियों को दी जा रही कंप्यूटर शिक्षा

## बंदियों के कौशल विकास के लिए मंडल कारा में कंप्यूटर शिक्षा प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** राज्य सरकार द्वारा जेल सुधार की दिशा में लगातार कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसी कड़ी में मंडल कारा जहानाबाद में बंदियों के कौशल विकास के लिए कंप्यूटर शिक्षा की शुरुआत की गई है। इसके लिए जेल प्रशासन को कंप्यूटर प्रदान किए गए हैं।इस संबंध में जानकारी देते हुए जेल अधीक्षक उदय कुमार ने बताया कि राज्य सरकार का उद्देश्य बंदियों को तकनीकी ज्ञान से लैस करना है, ताकि वे जेल से रिहा होने के बाद समाज में सम्मानजनक जीवन जी सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा बंदियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकती है। इस संबंध में जेल अधीक्षक ने यह भी बताया कि जेल में कंप्यूटर शिक्षा के अलावा पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से इलेक्ट्रॉनिक सामानों की मरम्मत का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इसके साथ ही जैविक विधि से खाद बनाने का प्रशिक्षण भी चल रहा है, जिससे बंदी स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ा सकें।



# गिरफ्तारी, आत्महत्या और अवैध गतिविधियों पर पुलिस की कार्रवाई जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राज्य के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की सक्रियता से अपराधियों पर शिकंजा कसता जा रहा है। मंगलवार और बुधवार को हुई कार्रवाइयों में कई आरोपितों को पुलिस ने धर दबोचा, वहीं घरेलू तनाव के चलते एक महिला ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

**इसलामपुर में कई नामजद आरोपित गिरफ्तार**

इसलामपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ब्रहृगांवा गांव में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान आर्म्स एक्ट के नामजद आरोपी नरेंद्र सिंह उर्फ अशोक सिंह को गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त थाना क्षेत्र के ही सकरी पटवारी नगर गांव से अशोक रविदास, इंदल रविदास, संजय रविदास तथा हरसेनी गांव से वारंटी ललन रविदास को भी हिरासत में लिया गया। सभी को न्यायिक प्रक्रिया के तहत हिलसा जेल भेज दिया गया है।

**घरेलू कलह से तंग आकर महिला ने खा ली सल्फास की गोली**

नूरसराय थाना क्षेत्र के रसलपुर गांव में एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां घरेलू विवाद से परेशान होकर 28 वर्षीय फुलमंती कुमारी ने सल्फास की गोली खा ली। गंभीर स्थिति में परिजनों ने उसे बिहारशरीफ के एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान मंगलवार की रात उसकी मौत हो गई। मृतका रणजीत कुमार की पत्नी थी और पिछले कुछ महीनों से पारिवारिक तनाव से जूझ रही थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## शराब के नशे में एंबुलेंस चालक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में नशे की हालत में एंबुलेंस चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है गिरफ्तार एंबुलेंस चालक जिले के थाना अंतर्गत झिकटौरा निवासी गणेश प्रसाद का 30 वर्षीय पुत्र दीपक राज के रूप में किया गया है वह सामुदायिक स्वास्थ्य नारदीगंज में एंबुलेंस चालक बताया गया है ।बताया जाता है कि मंगलवार की शाम में सामुदायिक स्वास्थ्य नारदीगंज में हंगामा कर रहा था।

# भीषण गर्मी में बढ़ती आगलगी की घटना को लेकर चलाया गया अग्नि सुरक्षा विशेष अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** अनुमंडल क्षेत्र में बढ़ते भीषण गर्मी को लेकर क्षेत्र में हो रही आगलगी की घटनाओं की रफ्तार कम करने के लिए अनुमंडल अग्निशमनालय पदाधिकारी राम अवध सिंह के नेतृत्व में बुधवार को रजौली, सिरदला और अकबरपुर प्रखंड के कुल 6 जगहों पर अग्नि सुरक्षा संबंधित विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान अग्निक चालक एवं अग्निक के अलावे गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे। अनुमंडल अग्निशमनालय पदाधिकारी ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में ग्रामीणों समेत पेट्रोल पंप, कोचिंग, बड़े भवनों, गैस वितरकों के गोदाम आदि स्थानों पर जाकर लोगों को अग्नि सुरक्षा से संबंधित आवश्यक बातों की जानकारी देना है।अनुमंडल क्षेत्र के लोग गेहूं कटनी आदि में लगे हुए हैं। कई बार खेत खलिहानों में एक छोटी-सी गलती से भयंकर नुकसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि बुधवार को रजौली नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 08 के उपरटंडा, वार्ड संख्या 07 के टकुआटांड़ व वार्ड संख्या 01 के एचपी पेट्रोल पंप,सिरदला प्रखंड क्षेत्र के अकोला पंचायत के बड़ही बिगहा गांव एवं अकबरपुर प्रखंड के पाती पंचायत के पाती गांव व हनुमानगढ़ में सहयोगियों की मदद से मॉक ड्रिल किया गया साथ ही अग्नि सुरक्षा से संबंधित पंपलेट का वितरण भी किया गया। इस दौरान आम लोगों को सभी प्रकार के आग से बचने के उपाय एवं तरीके को बताया गया साथ ही ग्रामीणों को अग्निशमन के सोशल मीडिया से जोड़ा गया एवं जुड़ने का सुझाव भी लोगों को दिया गया। उन्होंने बताया कि बीते दिन नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 04 में एक गोलगप्पा बनाने वाले घर में गैस पाइप में लीकेज रहने के कारण आग लग गई एवं गैस चूल्हे के आसपास रहे दुकानदार समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्होंने आमलोगों से अपील किया कि सभी अपने घरों में उपयोग होने वाले गैस के पाइप को जरूर जांच लें,यदि पाइप पुरानी हो गई है और आलस के कारण नहीं बदला जा रहा है,तो उसे अवश्य बदल लें।



CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### फरार अभियुक्तों के घर पर चिपकाया इश्तेहार

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक थाना पुलिस ने सोमवार को नगर पंचायत क्षेत्र के हनुमानगंज गांव में पॉस्को एक्ट में फरार चल रहे अभियुक्तों के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया।फरार चल रहे अभियुक्तों के घर पर दारोगा सुमन कुमारी और सुदर्शन सिंह ने ढोल बाजे के साथ पहुंच कर इश्तेहार चिपकाया। पुलिस ने अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चिपकाने के साथ घर पर मौजूद परिवार के सदस्यों को कानूनी कार्रवाई की जानकारी भी दी। इधर ढोल बाजे के साथ पहुंची पुलिस को देखकर ग्रामीणों की भीड़ अभियुक्तो के दरवाजे पर लग गयी। जानकारी हो कि कुछ माह पूर्व उक्त अभियुक्तों के विरुद्ध थाने में उसी गांव की पीड़ित की ओर से नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। मामले में थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के नगर पंचायत क्षेत्र के हनुमानगंज गांव निवासी तिति यादव उर्फ शैलेश राय,सूरज कुमार अमित कुमार और टुनटुन कुमार यादव पर पास्को एक्ट का मामला दर्ज होने के बाद से अभियुक्त लगातार फरार चल रहे हैं। जिसमें न्यायालय से आदेश मिलने पर इश्तेहार चिपकाया गया वहीं यदि इसके बाद भी अभियुक्त समर्पण नहीं करते हैं तों न्यायालय के आदेशानुसार कुर्की की कार्रवाई की जाएंगी।

### हर घर कांग्रेस का झंडा अभियान का शुभारंभ

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरख प्रखंड कांग्रेस कमेटी की एक आवश्यक बैठक प्रखंड अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कार्यालय परिसर में हुई जिसमें बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा निर्देशित हर घर कांग्रेस का झंडा कार्यक्रम का मंगलवार से शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार प्रदेश प्रतिनिधि केदारनाथ सिंह के गोपालबारी स्थित आवास पर कांग्रेस का झंडा लगाकर किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह, प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह ,पप्पू तिवारी, मैकेनिक प्रसाद, संत कुमार सिंह, पप्पू तिवारी ,जमीर हसन एवं प्रवेश अंसारी शामिल रहे। शैलेश सिंह ने कहा कि इस अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता हर घर में पार्टी का झंडा लगाएंगे। साथ ही कांग्रेस की विचारधारा का समर्थन करने वाले लोगों से आग्रह करेंगे कि वो अपने गांव, कस्बों और घरों में झंडा लगाएं। सभी कार्यकताओं से एकजुट होकर इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि हर घर पर कांग्रेस का झंडा बुलंद कर हम अपने नेता राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार के हाथों को मजबूत करेंगे।

### स्प्रिट कारोबारी दीपक चौधरी के घर कुर्की-जब्ती

**लहलादपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता बाजार थाना पुलिस ने थानाध्यक्ष टुनटुन कुमार के नेतृत्व में शनिवार को स्प्रिट कारोबारी दीपक चौधरी के घर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। आरोपी पुरुषोत्तिमपुर गांव का निवासी है और अवैध स्प्रिट एवं शराब के कारोबार से जुड़ा हुआ है। पुलिस के अनुसार, वह लंबे समय से फरार चल रहा था। कार्रवाई से पूर्व पुलिस ने दीपक चौधरी के घर पर नोटिस चस्पा कर उसे आत्मसमर्पण का अवसर दिया था, लेकिन निर्धारित समयसीमा के भीतर उसने समर्पण नहीं किया। इसके बाद न्यायालय के आदेश पर उसके मकान की कुर्की-जब्ती की गई। गौरतलब है कि कुछ माह पूर्व मशरक एवं भगवानपुर थाना क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से कई लोगों की मौत हुई थी। इस मामले में दीपक चौधरी की संलिप्तता सामने आई थी, जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी एवं उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई का सिलसिला जारी रहेगा।

### मारपीट कांड का नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय थाना क्षेत्र के फुचटी खुर्द गांव निवासी देवेन्द्र राय को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। वह पूर्व में हुए एक मारपीट कांड का नामजद अभियुक्त था। एकमा थाना पुलिस ने पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### एससी-एसटी एक्ट का नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के भुईली गांव निवासी बलवंत सिंह के पुत्र कालीचरण सिंह उर्फ प्रदीप कुमार सिंह को पुलिस ने एकमा नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। वह एससी/एसटी एक्ट के एक मामले में नामजद अभियुक्त था। गिरफ्तारी के बाद उसे आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।
फोटोः91

### 51 जोड़े वर-वधुओं का दहेज मुक्त विवाह,

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के दरियापुर प्रखंड स्थित मंचित्वा गांव में आगामी 28 मई को दहेज मुक्त सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें 51 जोड़े वर-वधुओं का विवाह संपन्न होगा। इस आयोजन के लिए अखिल भारतीय हिंदू महासभा (युवा मोर्चा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा (युवा मोर्चा) के प्रवक्ता इंजीनियर आदित्य सिंह को औपचारिक आमंत्रण लोजपा (रामविलास) के प्रदेश सचिव बिपिन सिंह ने उनके धरहरा कला स्थित आवास पर भेंट कर सौंपा। इस कार्यक्रम का आयोजन बिदा फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है, जो महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रिय है और सारण जिले में कई सिलाई प्रशिक्षण केंद्र भी संचालित कर रहा है। आमंत्रण सौंपने के अवसर पर जदयू नेता प्रिंस सिंह, नवीन सिंह, समाजसेवी ओकिल मांझी, ओमनाथ गिरी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### मैनाटांड में समीक्षा बैठक में इंस्पेक्टर ने दिए अहम निर्देश

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अंचल कार्यालय में बुधवार को समीक्षा बैठक हुई। इसमें अंचल थाना के सभी थानाध्यक्षों की उपस्थिति रहीं। मैनाटांड पुलिस इंस्पेक्टर सरफराज अहमद की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में विभिन्न कांडों का निष्पादन समय करने,डायरी को अधतन करने तथा अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने का निर्देश दिया गया। साथ



ही फरार चल रहे वारंटी,शराब तस्करों की गिरफ्तारी में तेजी लाने को कहा गया। इंस्पेक्टर ने वाहन चेकिंग तेज करने व बिना नंबर की वाहन को जब्त का निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा थाने में मौजूद सभी पुलिस पदाधिकारी को कंप्यूटर की ट्रेनिंग दी जाएगी। बैठक में मैनाटांड थानाध्यक्ष राणा प्रसाद,इनरवा थानाध्यक्ष जय कुमार,पुरूषोतमपुर थानाध्यक्ष सुधा कुमारी मानपुर के सुबोध कुमार,सिकटा के राज रौशन बलथर के नितीश कुमार भंगहा के पुअनि आशीष कुमार,कंगली के मो लाडले मौजूद रहें।

# महिला संवाद कार्यक्रम: हजारों महिलाओं ने दर्ज कराई भागीदारी

**सरकार से साझा कीं अपनी आकांक्षाएं**



**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देने और उनकी सामाजिक-आर्थिक आकांक्षाएं समझने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे महिला संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 7,920 महिलाओं ने सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी दर्ज कराई।कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को सरकार की प्रमुख योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, अक्षर आँचल योजना, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, राजकीय सावित्रीबाई फुले छात्रावास, मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति/ जनजाति सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना, अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यक्ता योजना, तथा सबल योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और अधिकारों के क्षेत्र में बराबरी का अवसर देना है। इस दौरान गोरियाकोठी प्रखंड की दीदियों ने पंचायत स्तर पर आंगनवाड़ी केंद्र के सुदृढ़ीकरण और टीकाकरण व्यवस्था को नियमित करने की मांग उठाई। वहीं आंदर पंचायत की महिलाओं ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ऐसे परिवारों को प्राथमिकता देने की बात कही जिनके पास अब भी पक्के घर नहीं हैं। हसनपुरा प्रखंड की महिलाओं ने अपने इलाके में कस्तूरबा विद्यालय में बालिकाओं के लिए अतिरिक्त कक्ष और महिला शिक्षक की नियुक्ति की मांग की। साथ ही, महिलाओं ने यह भी सुझाव दिया कि स्थानीय स्तर पर हस्तशिल्प या बुनाई-कढ़ाई जैसे प्रशिक्षण केंद्र खोले जाएं जिससे वे स्वयं रोजगार से जुड़ सकें। इस संवाद ने यह सिद्ध किया कि ग्रामीण महिलाएं अब न केवल योजनाओं की जानकारी ले रही हैं बल्कि उनमें अपने अधिकारों के प्रति सजग होकर ठोस मांगें भी रख रही हैं।कार्यक्रम का संचालन ह्रजीविकाह्न के माध्यम से किया जा रहा है, जो इस पहल की नोडल एजेंसी है। यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में बिहार सरकार की एक दृढ़ और प्रभावशाली पहल है। अब नीति नहीं बनेगी अकेले से - गाँव की दीदी भी बोलेगी खुले से, इस भावना के साथ यह संवाद कार्यक्रम महिलाओं को सरकार के साथ जोड़ने और उन्हें समाज में सशक्त भागीदार बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभा रहा है।महिलाएं जागरूक हैं, संगठित हैं और अब वे सीधे नीति संवाद की धारा में शामिल हो रही हैं।महिला संवाद इसका जीता-जागता उदाहरण है।

## नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म, प्राथमिकी दर्ज

**सिसवन /सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़िता की मां की लिखित शिकायत पर एक विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।प्राथमिकी दर्ज करने के बाद नामजद नंदन कुमार सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने 16 वर्षीय किशोरी को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया है।मिली जानकारी के



मुताबिक, सिसवन थाना क्षेत्र के एक गांव की घटना है।पीड़िता की मां ने दिये आवेदन में कहा है कि उनकी पुत्री घर से शौच के लिए घर से दक्षिण खेत में गई थी।तभी पहले से घात लगाए दुष्कर्मी ने उसकी पुत्री को मुंज मे ले जाकर चाकू का भय दिखाकर दुष्कर्म करने के बाद छोड़ दिया।घटना के बाद उसकी पुत्री रोते बिलखते घर पहुंची एवं घटना के संबंध में जानकारी दी।तब वे अपनी पुत्री के साथ सिसवन थाना पहुंचकर आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घर वापस पहुंची पीड़िता से इस संबंध में जानकारी ली। जिसमें पीड़िता ने अपने साथ दुष्कर्म किये जाने की बात कही।थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस नामजद आरोपी को बुधवार की सुबह गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वही इस मामले में बुधवार को जांच करने एफएसएल की टीम पहुंची। टीम के सदस्यों ने घटनास्थल पहुंच जांच के लिए सैंपल लिया। एफएसएल कि टीम ने घटनास्थल हर पहलू पर जांच किया। घटनास्थल से आवश्यक अनुसंधान संबंधित साक्ष्य बरामद की गई है।दुषि के राजफाश के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान का सहारा लिया जा रहा है।मौके पर सिसवन थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## पहलगाम आतंकी हमले को लेकर आक्रोश, पुतला फूंका

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के नागेन्द्र तिवारी चौक पर बुधवार को पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर आक्रोशित नगरवासियो ने पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए और पुतला फूंका। नगरवासियो ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए आतंकियों पर कड़ी करवाई की मांग किया है। इस दौरान आकाश श्रीमुख,दीपक गोस्वामी,इमरान



आलम, कॉफी आजमी,सुशील श्रीवास्तव, मनीष कुमार, गोलू तिवारी आदि ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत से आज पूरा देश मे आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने इस आतंकी हमले में शामिल आतंकियों पर कठोर करवाई की मांग की है।

बता दे कि जम्बू कश्मीर के पहलगाम स्तिथ बैसारन इलाके में सोमवार की शाम हुए आतंकी हमले में 26 लोगो की मौत हो गई वही कई लोग घायल है। इस हमले ने एक बार फिर से पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है।

## पहलगाम में मारे गए हिन्दुओं के समर्थन में निकलेगा कैंडल मार्च

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में घुमने गए 26 निर्दोष हिन्दुओं के पाकिस्तान परस्त मुस्लिम आतंकवादियों के जघन्य हत्या कर दिए जाने को लेकर बुधवार को विभिन्न हिंदूवादी संगठनों की एक बैठक हुई. बैठक में निर्णय लिया गया कि 26 निर्दोष लोगों की हत्या की घटना को लेकर गुरुवार 24 अप्रैल को



संध्या छः बजे से सीवान शहर में बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद् और सनातन सुरक्षा समिति के तत्वावधान में एक कैंडल मार्च निकालकर कर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में अपनी जान गवाने वाले हिन्दू भाइयों को श्रद्धांजलि दी जाएगी.बजरंग दल के क्षेत्रीय संयोजक जन्मेजय कुमार ने बताया कि यह कैंडल मार्च शहर के रजिस्ट्री कचहरी रोड स्थित शिव व्रत साह छठ घाट से शुरू होकर, शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए जेपी चौक पर श्रद्धांजलि सभा में तब्दील हो जाएगा.बैठक में बजरंग दल क्षेत्र संयोजक बिहार, झारखंड, बबलु साह, राजेश श्रीवास्तव , मनोज कुमार, धनंजय कुमार, गिरीश कुमार सिंह, विकास कुमार, मुकेश कसेरा एवं मिहीर कुमार उपस्थित थे.

## कार्यपालक सहायकों ने लोक सेवा केंद्र पर दी जाने वाली सेवाओं का किया प्रचार प्रसार

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को जिला पदाधिकारी सिवान के निदेर्शानुसार आमजनों के जानकारी हेतु सभी पंचायत कार्यपालक सहायकों ने अपने-



अपने पंचायत में भीड़-भाड़ वाली जगह पर जाकर पंचायत लोक सेवा केंद्र से प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में प्रचार-प्रसार किया गया। उपस्थित लोगों के बीच पंचायत लोक सेवा केंद्रों पर दी जाने वाली सभी सेवाओं के बारे में बताया। इस दौरान पंचायतें दी जाने वाली सेवाओं का फीडबैक भी प्राप्त किया। बताते चले कि जिले के सभी पंचायतों में लोक सेवा केंद्र संचालित है। जिसके माध्यम से पंचायत के लोगों को जन्म प्रमाणपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, जाती प्रमाण पत्र, निवास, आय, वृद्धजन पेंशन , आयुष्मान कार्ड, लेबर कार्ड सहित कई महत्वपूर्ण जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाता है।

## ट्रेक्टर व टेम्पो में टक्कर, एक बच्ची की मौत, पांच जखमी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना के मलदहिया पेट्रोल पंप के समीप एक अनियंत्रित ट्रेक्टर ने टेम्पो में टक्कर मार दिया। जिससे टेम्पो पलट गई, इस घटना में एक तीन साल की बच्ची की मौत हो गई जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना मंगलवार की देर शाम की है। टेम्पो पर सवार सभी व्यक्ति एक ही परिवार के बताए जा रहे है।घायलों में रामनगर थाना के



सिकटा बेलवा निवासी मुन्नी देवी,सुधा कुमारी एवं चतुर्भुजवा गांव निवासी भीखम राम, लाली कुमारी एवं अमरावती देवी शामिल है। वही टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। मृत बच्ची की पहचान रामनगर थाना क्षेत्र के सिकटा बेलवा निवासी मनु राम की बेटी सोनी कुमारी के रूप में हुई है। सोनी अपने माता पिता के साथ चतुर्भुजवा अपने नाना के घर आई थी। घटना के बाद घायल सभी व्यक्तियों को स्थानीय लोगों की मदद से अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सको द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद स्तिथि को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सभी को बेतिया जीएमसीएच रेफर कर दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि टेम्पो पर एक ही परिवार के आठ लोग सवार थे। सभी चेगौना गाव के अपने किसी रिश्तेदार के यहां गए थे। वापस अपने घर चतुर्भुजवा लौट रहे थे इसी दौरान मलदहिया पेट्रोल पंप के समीप तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टेम्पो में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिसके बाद टेम्पो पलट गई। जिसमें टेम्पो पर सवार एक बच्ची की दबकर मौत हो गई वही पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। इधर घटना की सूचना पर अस्पताल पहुंची शिकारपुर पुलिस ने मृत बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और मामले की जांच में जुट गई है।

## तीन दिवसीय जलवायु परिवर्तन विषय पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का हुआ समापन

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सतत कृषि तथा जैव विविधता और जलवायु परिवर्तन विषय पर तीन दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया ।जिसमें हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ एस सी शर्मा ,पर्यावरण विशेषज्ञ निशांत वेणुगोपाल, देबादित्य सिन्हा सहित फाउंडेशन के दर्जनाधिक बाल और युवा वैज्ञानिकों ने अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। कॉन्फ्रेंस में 30 वैज्ञानिकों समेत पर्यावरण से जुड़े शोधकर्ताओं और पर्यावरण प्रेमियों को संस्था द्वारा मोमेंटो , अंग वस्त्र सहित प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन डॉ. आफताब आलम ,डॉ. दूर्गा दत्त पाठक, डॉ. फैसल सिद्दीकी और संस्था के फाउंडर प्रेसिडेंट सुधांशु कुमार शेखर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जलित कर



किए ।अपने सम्बोधन में श्री शेखर ने कहा कि मैंने जीरो से शुरू किया था आज संख्या 5 पर कई जीरो बढ़ गए हैं मेरी संस्था आप सबके बदौलत यहां तक पहुंची है। लवली प्रोफेशन यूनिवर्सिटी से लेकर आई आई टी जैसी बड़ी बड़ी संस्थाएं आज की तारीख में इस ट्रस्ट से जुड़ी हैं। शिक्षा , स्वास्थ्य , पर्यावरण के साथ साथ वैज्ञानिक सोच को आज एक बड़े मुकाम तक लेकर मैं पहुंचा हूँ और अभी तक हजारों विद्यार्थी सफलता के शिखर तक पहुंच चुके हैं। मौके पर अनिता कुमारी, डॉ. आफताब आलम सचिव , डॉ. फैसल सिद्दीकी,डॉ. दुर्गा दत्त पाठक, आनंद कुमार सिंह,प्रदीप कुमार, अलीशा जायसवाल , शशिकांत पांडेय, ईको हट के मैनेजर सौरभ सुमन, यू पी के हिमांशु शेखर मिश्र्रा, विवेक कुमार, झारखंड के अमित कुमार सिंह, मंटू कुशवाहा, आकाश गुप्ता, डॉ. दिलीप कुमार वर्मा मौजूद रहे।

## पराली जलाने के दौरान गेंहू के फसल में लगी आग

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल क्षेत्र के अलग अलग जगहों पर आगलगी की घटना घटी है। पहली घटना बरवा बरौली गांव की है। जहां बुधवार की दोपहर आग लगने से खेत में लगा गेहूं जलकर बर्बाद हो गया है। इस घटना में पीड़ित प्रमोद कुमार पासवान का करीब एक एकड़ गेंहू का फसल जलकर खाक हो गया है। हालाकि घटना के बाद ग्रामीणों के प्रयास से आग को बुझाया गया। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि शेख बादल ने बताया कि घटना बगल के खेत में फसल अवशेष जलाने के दौरान उठी चिंगारी से बगल के मनोज के गेंहू की फसल में आग लग गया और देखते ही देखते पूरे खेत मे फैल गया। जिससे करीब एक एकड़ गेंहू का फसल पूरी तरह से जलकर राख हो गया। वहीं दूसरी तरफ बैतापुर में भी फसल अवशेष जलाने के दौरान जीत गिरी के डेढ़ कठ्ठा गेंहू का फसल जल गया। पीड़ित ने इसको लेकर मुआवजे की मांग की है।

## पांच दिनों पूर्व लापता बच्ची का क्षत विक्षत शव बरामद

**धड़ से सर एवं दोनों बाह भी अलग, पुलिस ने एक दिन पूर्व दर्ज की थी गुमसुदगी का मामला**



**बेतिया/मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मझौलिया थाना क्षेत्र के बरवा मध्य विद्यालय के पीछे सीसवानी सरेह से पुलिस ने एक क्षत विक्षत शव को बरामद किया है। शव की पहचान पांच दिन पूर्व लापता बरवा निवासी सिपाही साह की सात वर्षीय पुत्री प्रियंका कुमारी के रुप में हुयी है। शव को बरामद कर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए बेतिया जीएमसी भेजा है। जानकारी के अनुसार विगत 19 अप्रैल को गांव में ही एक पंचायत प्रतिनिधि के दरवाजे पर हनुमान आराधना का आयोजन था। जिसमें सिपाही साह की सात वर्षीय पुत्री प्रियंका कुमारी भोज खाने गई थी । लेकिन उसके बाद उक्त बच्ची घर पर नहीं लौटी। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद बच्ची नहीं मिलने पर सिपाही साह ने एक आवेदन मझौलिया थाने में दिया था। इसी बीच बुधवार की सुबह सरेह में काम काज के लिए गये लोगो ने क्षत विक्षत शव बरामद किया। जिसकी पहचान प्रियंका कुमारी के रुप में हुयी। शव देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि उसके साथ काफी ज्यादती की गयी है। धर से सर एवं दोनों बाह अलग थे। उसकी आंखें एवं कान भी निकाल कर निर्मम तरीके से हत्या की गई थी।

## महावीरी विद्या मंदिर में बाबू वीर कुंवर सिंह जयंती का आयोजन

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विद्या भारती विद्यालय, महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, विजयहाता में महान वीर, स्वतंत्रता संग्राम के अजेय महानायक बिहार के लाल, वीर कुंवर सिंह की जयंती पूरे धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाई गई.कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्य शम्भुशरण तिवारी एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार, संजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया. प्रस्तावना संबोधन देते हुए आचार्य डॉ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जगदीशपुर के वीर बाबू कुंवर सिंह अन्याय विरोधी एवं स्वतंत्रता प्रेमी थे.बाबू कुंवर सिंह कुशल सेनानायक थे. इनको 80 बरस की उम्र में भी अंग्रेजी हुकूमत से लड़ने तथा विजय हासिल करने के लिए जाना जाता है.उन्होंने गोली लगे अपने हाथ को काटकर माता गंगा को स्वयं समर्पित कर दिया था. इस जयंती उत्सव कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के विशाल वंदना सभागार में किया गया. इसमें मंच संचालन का कार्य महावीरी विद्यालय की कन्या भारती की कक्षा नवम की बहनें, मनु सृष्टि,शुभ्रता कश्यप, दिव्याशा कौशिक, सुप्रिया गोस्वामी, आराध्या कुमारी



कर रही थीं.कक्षा षष्ठ से नवम तक के भैया-बहनों ने बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती पर अपने-अपने विचार सुंदर ढंग से व्यक्त किए.इनमें भैया आयुष आनंद, आकर्ष आरोही, बहन अंकिता, इत्यादि प्रमुख थे.वहीं इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य कुंदन कुमार, जीऊत चक्रवर्ती, डॉ हरदीप सिंह, सुखनन्दन यादव, ज्योति साह, शालिनी श्रीवास्तव, सुमन कुमारी आदि उल्लेखनीय हैं. मीडिया प्रभारी अखिलेश श्रीवास्तव तथा किशोर भारती प्रमुख आचार्य प्रवीण चन्द्र मिश्र ने बताया कि महावीरी विद्यालय में अपने देश के सभी महापुरुषों की जयंतियों को समारोहपूर्वक मनाने की सदा से ही परंपरा रही है और इसी क्रम में आज बाबू कुंअर सिंह का पवन जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया.

## शार्ट सर्किट से लगी आग, ग्रामीणों व दमकल कर्मियों की मदद से पाया गया काबू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत एकमा बाजार के गंजपर गांव के बलुआ पर के बधार में बुधवार की दोपहर झाड़ियों में अचानक आग लग गई। बताया जाता है कि आग बिजली के शॉर्ट सर्किट से निकली चिनगारी के कारण लगी। पछुआ हवा की तेज रफ्तार के चलते आग तेजी से फैलने लगी, जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। गांव के युवाओं ने तत्परता दिखाते हुए डंडों व पानी की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। स्थिति गंभीर होती देख ग्रामीण राजेश कुमार ने एकमा थाना को सूचना देकर दमकल वाहन बुलवाया। दमकल वाहन पर तैनात कर्मियों की टीम के समय पर पहुंचने व ग्रामीणों की काफी कोशिशों से आग पर काबू पा लिया गया। योगेश कुमार सिंह, राजेश प्रसाद आदि ग्रामीणों ने बताया कि समय रहते आग बुझा दी गई, जिससे बड़ी क्षति होने से बचाव हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने क्षेत्र में बिजली व्यवस्था व शॉर्ट सर्किट से होने वाली क्षति को सुधारने की मांग की है।





### आग लगने से हजारों की संपत्ति जलकर राख

**लहलादपुर (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** जनता बाजार थाना क्षेत्र के हरपुर कोठी गांव के वार्ड संख्या चार में बुधवार की दोपहर फूस के बने पांच घरों में आग लगने से हजारों रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर राख हो गई। पछुआ हवा के तेज झोंके से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। स्थानीय लोगों की सजगता और अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। पीड़ितों के अनुसार शंकर मांझी की समस्त संपत्ति जल गई और उनकी एक गाय भी झुलस गई। वहीं संतोष मांझी, जगदेव मांझी, राजू मांझी और इंद्रदेव मांझी के घरों में रखे अनाज, कपड़े, बिछावन सहित एक टेम्पू, एक मोटरसाइकिल और पांच साइकिल भी आग की चपेट में आकर नष्ट हो गए। वहीं अबतक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# एंटी नक्सल ऑपरेशन के चलते नक्सली बैकफुट पर : एसपी

## कई नक्सल कांडों में फरार नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कई नक्सल कांडों में फरार एक नक्सली ने आज सिविल कोर्ट औरंगाबाद में आत्मसमर्पण किया हैं। नक्सली की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के जुड़ाही गांव निवासी मुजाहिद हुसैन के रूप में की गई है। इसका अपराधिक इतिहास है, जिसके विरुद्ध मदनपुर थाना में पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि पांच नक्सल कांडों में फरार अभियुक्त मुजाहिद की गिरफ्तारी को लेकर लगातार संबधित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही थी, इसी क्रम पुलिस की दबिश पर आज उसने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत उसे जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि एंटी नक्सल ऑपरेशन के चलते नक्सली बैकफुट पर हैं। बार-बार स्थान बदलने की मजबूरी और बढ़ते दबाव के कारण वे मुख्यधारा में लौटने को विवश हो रहे हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा कैंप स्थापित होने से हालत तेजी से बदले हैं। इलाकों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। पुलिस की मौजूदगी के चलते नक्सली अब भागते फिर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खात्मे के लिए बिहार सरकार ने माओवादियों के पुनर्वास को लेकर नई रणनीति तैयार की है। सरकार के नई पुनर्वास नीति का असर है कि माओवादी लगातार हिंसा का रास्ता छोड़ रहे हैं। राज्य शासन की ओर से हिंसा का रास्ता छोड़ने वालों को नकद राशि के साथ साथ तमाम वो सुविधाएं दी जा रही हैं जिसके वो हकदार हैं।

> ■ पांच नक्सल कांडों में फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर लगातार की जा रही थी छापेमारी

# एनटीपीसी नबीनगर द्वारा निर्मित स्वास्थ्य केंद्र का डीएम ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बुधवार को एनटीपीसी नबीनगर द्वारा निर्मित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया। नबीनगर प्रखंड के अंकोरहा ग्राम स्थित इस स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण एनटीपीसी नबीनगर ने अपने सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत करवाया है। इस लोकार्पण कार्यक्रम में पावर प्लांट के प्रयोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निर्देशक श्री एल के बेहेरा एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी, औरंगाबाद डॉ विनोद कुमार सिन्हा भी उपस्तिथ रहे। उद्घाटन के बाद औरंगाबाद जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने एल. के. बेहेरा एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद कुमार सिन्हा के साथ भवन का निरीक्षण किया और आशा व्यक्त की कि यह भवन ग्रामीणों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। सारी जरुरी सुविधाओं से युक्त इस नवनिर्मित भवन को एनटीपीसी नबीनगर ने बिहार सरकार को सौंप दिया है, जहां अब अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अंकोरहा का संचालन किया जाएगा। इस नए स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण एनटीपीसी नबीनगर द्वारा ग्रामीण समुदायों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है। उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी नबीनगर अपने सामुदायिक विकास कार्यक्रम एवं नैगम सामाजिक दायित्व के तहत परियोजना से सटे क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य तथा आधारभूत संरचना के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है।

# औरंगाबाद से था गहरा नाता, अब यादों में रहेंगे पहलगाम में शहीद मनीष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



शहीद मनीष रंजन

**औरंगाबाद।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में शहीद हुए आईबी अधिकारी मनीष रंजन का औरंगाबाद से गहरा जुड़ाव था। बेलाई गांव के अपने रिश्तों और जड़ों से वे कभी दूर नहीं हुए। 30 अप्रैल को अपने भतीजे की शादी में शामिल होने का उन्होंने वादा किया था लेकिन किसे पता था कि मनीष का ये वादा अब कभी पूरा नहीं होगा। मनीष अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाने कश्मीर गए थे। हैदराबाद में पोस्टिंग के बावजूद बिहार की मिट्टी से उनका जुड़ाव अटूट था। उनके बाबा और प्रख्यात साहित्यकार डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्र बताते हैं कि मनीष हमेशा रिश्तों को प्राथमिकता देते थे। बेलाई गांव से उनका आत्मीय लगाव था। हर छोटी-बड़ी खुशी में शामिल होते थे। इस बार भी उन्होंने शादी में आने का वादा किया था। मनीष के पिता मंगलेश कुमार मिश्रा का ननिहाल बेलाई गांव में है। मनीष अक्सर वहां आते थे, गांववालों से घुल-मिल जाते थे। अब जब गांव वाले उन्हें दूल्हे की बारात में देखने की बाट जोह रहे थे, तब यह खबर पूरे इलाके को सन्न कर गई। आतंकी हमले में मनीष समेत 27 लोगों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर निशाना बनाया गया। मनीष का पार्थिव शरीर एयर एंबुलेंस से रांची लाया जा रहा है, जहां से सासाराम ले जाया जाएगा। पूरा परिवार सदमे में है और पूरे जिले में शोक और आक्रोश की लहर है।

# आतंकी हमले के खिलाफ पूरा देश एकजुट : डॉ. सुरेश पासवान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने पहलगाम आतंकी हमले वाली घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि दर्जनों बेगुनाह पर्यटकों को गोलियों से छलनी कर मौत के घाट उतार दिया गया जो देश के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इस घटना ने एक बार फिर से मानवता एवं पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हमले की जितनी भी निंदा की जाए वह कम होगी। उन्होंने कहा कि इस वीभत्स हमले के बाद देश भर में आक्रोश का माहौल है। आतंकी हमले के खिलाफ पूरा देश एकजुट है।

# एक-एक आतंकी का अंत जरूरी : चाणक्य परिषद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



रामानुज पाण्डेय

**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं चाणक्य परिषद के अध्यक्ष रामानुज पाण्डेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कड़े शब्दों में पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा कि लोगों का नाम और धर्म पूछ कर लोगों की हत्याएं किया जाना यह न सिर्फ मानवता के खिलाफ है बल्कि इस देश के लिए चुनौती का विषय है और इस चुनौती को स्वीकार करते हुए लोगों को आशा एवं उम्मीद है कि देश की सरकार तत्काल आतंकियों के खिलाफ और वैसे सारे संगठनों के खिलाफ जो धर्म के आधार पर देश के अंदर मानवता की हत्या कर रहे हैं और अत्याचार कर रहे हैं उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि इस घटना में औरंगाबाद जिले के चर्चित साहित्यकार डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र जी के भांजे के सुपुत्र मनीष रंजन जो आईबी में अधिकारी थे उनकी भी हत्या हुई है और साथ में और 27 लोगों की जो हत्या हुई है, इस घटना से संपूर्ण देश मर्माहत है। अब समय आ गया है कि पाक अधिकृत कश्मीर को भारत के कब्जे में भारत की सुरक्षा के लिए लिया जाना आवश्यक है इसलिए भारत सरकार तत्काल पाक अधिकृत कश्मीर के लिए कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# प्रधानमंत्री आज बिहार को देंगे 13480 करोड़ की सौगात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 24 अप्रैल को बिहार का दौरा करेंगे। वे मधुबनी जाएंगे और सुबह करीब 11:45 बजे राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे 13,480 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित करेंगे और इस मौके पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री बिहार के मधुबनी में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर वे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली पंचायतों को मान्यता देने और प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार भी प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री बिहार के गोपालगंज जिले के हथुआ में लगभग 340 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले एक एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र और रेल अनलोडिंग सुविधा की आधारशिला रखेंगे। इससे आपूर्ति श्रृंखला को सुव्यवस्थित करने और थोक एलपीजी परिवहन की दक्षता में सुधार करने में मदद मिलेगी। क्षेत्र में बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुए, प्रधानमंत्री बिहार में 1,170 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत 5,030 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे। देश भर में रेल संपर्क को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री सहरसा और मुंबई के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस, जयनगर और पटना के बीच नमो भारत रैपिड रेल और पिपरा और सहरसा तथा सहरसा और समस्तीपुर के बीच ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। वे सुपौल पिपरा रेल लाइन, हसनपुर बिथान रेल लाइन और छपरा और बगहा में दो 2-लेन रेल ओवर ब्रिज का भी उद्घाटन करेंगे। वे खगड़िया-अलौली रेल लाइन को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इन परियोजनाओं से कनेक्टिविटी में सुधार होगा और क्षेत्र का समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास होगा। प्रधानमंत्री दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के अंतर्गत बिहार के 2 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को लगभग 930 करोड़ रुपये के सामुदायिक निवेश कोष के लाभ वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री पीएमएवाई- ग्रामीण के 15 लाख नए लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र सौंपेंगे और देश भर के 10 लाख पीएमएवाई- जी लाभार्थियों को किस्तें जारी करेंगे। वे बिहार में 1 लाख पीएमएवाई-जी और 54,000 पीएमएवाई-यू घरों के गृह प्रवेश को चिन्हित करते हुए कुछ लाभार्थियों को चाबियां सौंपेंगे।

# लोक अदालत में सुलहनीय वादों का करायें निस्तारण : जिला जज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आगामी 10 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर अपने प्रकोष्ठ में जिला जज राज कुमार द्वारा सभी न्यायिक पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में सभी न्यायालय द्वारा किए गए तैयारियों को लेकर अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की गयी। जिला जज ने समीक्षा के दौरान अब तक विभिन्न न्यायालयों के द्वारा निर्गत नोटिस एवं उससे संबंधित तामिला की जानकारी प्राप्त की एवं पक्षकारों के साथ आयोजित होने वाले प्री-कान्सेलिंग प्रक्रिया के संबंध में अब तक किये गये कार्यो की समीक्षा की। जिला जज ने आयोजित होने वाले लोक अदालत की तैयारियों को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश सभी न्यायिक पदाधिकारियों को दिया। उनके द्वारा कहा गया कि अब तक जितने भी चिन्हित वाद न्यायालय में दायर किये गये हैं और नोटिस निर्गत हुआ है उसकी तामिला की अद्यतन अवस्था की जानकारी यथाशीघ्र प्राप्त करें और अधिक से अधिक पक्षकारों के साथ प्री-कॉन्सेलिंग की प्रक्रिया संबधित न्यायालयो के साथ सामंजस्य स्थापित कर करें। प्री-कॉन्सेलिंग प्रक्रिया के दौरान पक्षकारों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण रखें ताकि उन्हें अपने वाद को लोक अदालत में निष्पादन कराने में खुशी का भाव उत्पन्न हो और उनके माध्यम से आम जनमानस भी अपने-अपने वाद लोक अदालत में निस्तारण हेतु प्रेरित हो सके। उनके द्वारा लोक अदालत के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विभागों खास कर खनन विभाग, वन विभाग, माप तौल, बैंक इत्यादि से सामंजस्य स्थापित कर उन्हें अधिक से अधिक वाद निस्तारण हेतु पक्षकारों से सम्पर्क और प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। जिला जज ने पिछले लोक अदालत में निष्पादित हुए वादों की चर्चा करते हुए कहा गया कि प्रत्येक न्यायालय का यह परम दायित्व होना चाहिए कि अपने-अपने न्यायालय से संबंधित पूर्व में निष्पादित वादों से अधिक वादों का निष्पादन 10 मई 2025 को आयोजित होने वाले लोक अदालत में करायें और इसके लिए सभी संबंधित स्टेकहोल्डर का सहयोग प्राप्त करें।

